राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 11 अंक-235
लखनऊ, सोमवार 15 अप्रैल, 2024
पृष्ठ- 12 मूल्य- रु 2.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com

बाबा साहेब ने संघर्षों से प्राप्त की महानता : सीएम योगी 03

मोदी के कार्यकाल में भारत का झंडा पूरी दुनिया में हुआ ऊंचा : धामी 12

हमारा संकल्प युवा, नारी, गरीब व किसान बनें सशक्त

भारतीय जनता पार्टी ने संकल्प पत्र नाम से जारी किया पार्टी का घोषणा-पत्र, भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी

▸ 70 वर्ष से ज्यादा के बुजुर्ग पाएंगे आयुष्मान योजना का लाभ

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी ने रविवार को संकल्प पत्र नाम से पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृहमंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संकल्प पत्र का लोकार्पण किया।

प्रधानमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने संकल्प पत्र को 140 करोड़ देशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करने का मिशन बताया। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र युवा, नारी, गरीब और किसान को सशक्त करने की हमारी सोच से प्रेरित है। भाजपा लोगों को सम्मान के साथ गुणवत्तापूर्ण जीवन और नए अवसर देना चाहती है। उन्होंने एकसाथ राज्यों एवं केन्द्र में चुनाव और समान नागरिक संहिता पर जोर देते हुए अपने अगले कार्यकाल में भ्रष्टाचारियों पर सख्त कार्रवाई की गारंटी दी। इस अवसर पर केन्द्रीय मंत्रियों, पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और मीडिया को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने विकसित भारत के संकल्प को दोहराया। संकल्प पत्र में उल्लेखित गारंटियों को जिक्र करते हुए उन्होंने देश के समाजिक, डिजिटल और भौतिक ढांचागत सुविधाओं को विस्तार देने की अपनी सरकार की नीति को जारी रखने की बात कही। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर राष्ट्रीय सहकारिता नीति लाई जाएगी, श्री अन्न पर बल दिया जाएगा, पश्चिमी भारत के बाद पूर्वी, उत्तरी और दक्षिणी भारत में बुलेट ट्रेन लाई जाएगी, वंदे भारत का मेट्रो, स्लीपर और चेयरकार तीन रूपों में विस्तार किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने वर्तमान में जारी सरकार की योजनाओं को आगे भी जारी रखने और विस्तार देने की गारंटी दी।

उन्होंने कहा कि आयुष्मान भारत योजना का लाभ 70 वर्ष के अधिक आयु के बुजुर्गों को दिया जाएगा। योजना के तहत 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराया जा सकता है। तीन करोड़ नए घर बनाए जाएंगे। लोगों के घरों तक सस्ती पाइप के माध्यम से गैस पहुंचाई जाएगी। मुद्रा ऋण को दोगुना यानी 20 लाख किया जाएगा। तीन करोड़ लखपति दीदी बनाई जाएंगी।

महिला खिलाड़ियों को प्रोत्साहन, जनजातीय गौरव दिवस, एकलव्य स्कूल, तमिल भाषा को बढ़ावा दिया जाएगा। लोगों को 80 प्रतिशत कम कीमतों पर जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती दवाएं मिलती रहेंगी और गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत गरीब परिवारों को मुफ्त राशन दिया जाना जारी रहेगा। लोकसभा चुनाव-2024 के संकल्प पत्र के विमोचन के दौरान प्रधानमंत्री ने युवा, महिला, किसान और गरीब चार वर्गों से एक-एक व्यक्ति को ये संकल्प पत्र सौंपा। भारतीय जनता पार्टी के घोषणा पत्र में दाल, खाद्य, तेल और सब्जियों के उत्पादन में आत्मनिर्भर बनने और स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार को जारी रखने की बात कही गई है। मध्यमवर्गीय परिवारों के लिए गुणवत्तापूर्ण एवं सुविधा युक्त जीवन के अवसर प्रदान करने की दिशा में प्रतिबद्धता दिखाई गई है।

रियल एस्टेट से जुड़े सुधार लाकर सस्ते आवास उपलब्ध कराए जाने की भी बात कही गई है। कामकाजी महिलाओं के लिए औद्योगिक एवं व्यावसायिक क्षेत्र में हॉस्टल का निर्माण किया जाएगा जिसमें शिशु ग्रह जैसी बुनियादी सुविधाएं होंगी। ट्रक चालकों के आराम और अन्य जरूरतों को ध्यान में रखते हुए हाइवे पर आरामगृह बनाए जाएंगे। एक विशेष अभियान चलाकर सर्वाइकल कैंसर को दूर किया जाएगा। नारी शक्ति बंधन अधिनियम को व्यवस्थित रूप से लागू कर लोकसभा राज्य विधानसभा में महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाएगा। संकल्प पत्र समिति के अध्यक्ष एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजनाथ सिंह ने कहा कि 2014 या फिर 2019 में मोदीजी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने हर संकल्प पूरा किया है। 2019 के संकल्प पत्र में हमने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने पर भारत की एक संकल्पना के साथ-साथ 2047 के भारत की रूपरेखा भी रखी थी।

पीएम मोदी की गारंटी 24 कैरेट सोने की तरह : राजनाथ

नयी दिल्ली। भाजपा ने रविवार को प्रधानमंत्री मोदी, पार्टी प्रमुख जेपी नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और रक्षा मंत्री राजनाथ की उपस्थिति में अपना चुनावी घोषणापत्र-संकल्प पत्र जारी किया। घोषणापत्र के लॉन्च से पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में नेताओं की सभा को संबोधित किया और कहा बीजेपी ने अपने वादों को पूरा करके लोगों के बीच विश्वसनीयता अर्जित की है और पीएम मोदी की गारंटी को 24 कैरेट सोने की तरह देखा जाता है। सिंह ने यहां पार्टी के 'संकल्प पत्र को जारी करने के मौके पर कहा कि भाजपा के घोषणापत्र को विश्व राजनीति में 'स्वर्ण मानक के रूप में देखा जाता है। उन्होंने अनुच्छेद 370 के अधिकतर प्रावधान हटाए जाने और राम मंदिर के निर्माण के अलावा केंद्र सरकार द्वारा उठाए गए विकास के विभिन्न कदमों का जिक्र करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ पार्टी ने अपने सभी वादे पूरे किए हैं। सिंह लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की घोषणापत्र समिति के अध्यक्ष हैं। उन्होंने कहा कि समिति को 15 लाख से अधिक सुझाव प्राप्त हुए हैं।

भाजपा के घोषणा पत्र से महंगाई बेरोजगारी गायब : राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाषण से महंगाई और बेरोज़गारी गायब हैं। श्री गांधी ने आज यहां सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि भाजपा के घोषणा पत्र और प्रधानमंत्री के भाषण से महंगाई और बेरोजगारी गायब है। उन्होंने आरोप लगाया कि लोगों के जीवन से जुड़े सबसे अहम मुद्दों पर भाजपा चर्चा तक नहीं करना चाहती। श्री गांधी ने कहा कि इंडिया समूह की योजना बिलकुल स्पष्ट है कि 30 लाख पदों पर भर्ती और हर शिक्षित युवा को एक लाख रुपए की पक्की नौकरी दी जाएगी। युवा इस बार श्री मोदी के झांसे में नहीं आएगा तथा कांग्रेस का हाथ मज़बूत कर देश में 'रोज़गार क्रांति' लाएगा।

भाजपा का 'संकल्प पत्र' किसी काम का नहीं : अखिलेश

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश ने बीजेपी के घोषण पत्र को लेकर सरकार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जनता ने जब अपने सनुहरे भविष्य को विकल्प के रूप में चुनते हुए, इंडिया गठबंधन को जिताने व भाजपा को हराने का संकल्प ले ही लिया है, ऐसे में भाजपा का 'संकल्प पत्र' किसी काम का नहीं। झूठ और जुमले जिनकी पहचान बन गये हों जनता न उनके संकल्प-पत्र पर विश्वास कर रही है न भविष्य की गारंटी पर। अखिलेश कहा कि जिन्होंने अपने वादे पिछले दस सालों के राज में पूरे नहीं किये वो भला भविष्य की गारंटी देने की बात कैसे कह सकते हैं। भाजपा में हिम्मत है तो 2014 और 2019 का अपना मैनिफेस्टो निकालकर हिसाब दे कि उन्होंने अपना कौन सा वादा पूरा किया। भाजपा का संकल्प-पत्र ब्रह्मांड में झूठ का रिकॉर्ड तोड़नेवाले जुमलों का दस्तावेज भर हैं।

सप्तमं कालरात्री

एकवेणी जपाकर्णपूरा नग्ना खरास्थिता। लम्बोष्ठी कर्णिकाकर्णी तैलाभ्यक्तशरीरिणी॥
वामपादोल्लसल्लोहलताकण्टकभूषण। वर्धनमूर्धध्वजा कृष्णा कालरात्रिर्भयंकरी॥

दुर्गापूजा के सातवें दिन मां कालरात्रि की उपासना का विधान है। कालरात्रि की पूजा करने से ब्रह्मांड की सारी सिद्धियों के दरवाजे खुल जाते हैं और सभी असुरी शक्तियों का नाश होता है। देवी के नाम से ही पता चलता है कि इनका रूप भयानक है। इनके तीन नेत्र और शरीर का रंग एकदम काला है। इनकी कृपा से भक्त हर तरह के भय से मुक्त हो जाते हैं।

संक्षिप्त समाचार

हाईवे पर कार-ट्रक की टक्कर में सात लोग जिंदा जले

चूरु। सीकर के फतेहपुर पुलिस थाना क्षेत्र के चूरू-सालासर हाईवे पर रविवार को तेज रफ्तार कार ट्रक से टकरा गई। हादसे के बाद कार और ट्रक में आग लग गई। आग से कार सवार सात लोग जिंदा गए। पुलिस के मुताबिक मरने वालों में दो बच्चे, महिलाएं और पुरुष शामिल हैं। हादसा आशीर्वाद पुलिया पर च?ते ही 200 मीटर दूरी पर हुआ। आगे चलते ट्रक से कार पीछे से टकराई। ट्रक में रूई भरी हुई थी। कार यूपी नंबर की बताई जा रही है। हालांकि, मृतकों की संख्या के बारे में प्रशासन की ओर से अधिकृत पुष्टि नहीं हुई है। फतेहपुर कोतवाली एसएचओ सुभाष बिजारणिया ने बताया कि हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर फतेहपुर, रामगढ़ और लक्ष्मणगढ़ से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां बुलाई गई। करीब आधे घंटे में कार में लगी आग पर काबू पाया गया। कार के अंदर से जले लोगों को बाहर निकाला गया है। जले हुए लोगों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। ट्रक में लगी आग को बुझाने का काम जारी है। हादसे की सूचना पर एसडीएम दमयंती कंवर, डीएसपी रामप्रताप बिश्नोई, फतेहपुर सदर एसएचओ मुनेशी मीणा भी मौके पर पहुंचीं।

केरल में बस और कार की भीषण टक्कर, तीन की मौत

वायनाड। केरल के वायनाड के विथिरि में बस और कार की भीषण टक्कर हुई है। इस हादसे में एक ही परिवार के तीन सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई है। इसके अलावा, परिवार के तीन लोग गंभीर रुप से घायल हुए हैं। मिली जानकारी के अनुसार, यह घटना रविवार सुबह साढ़े छह बजे घटी। यह परिवार मलप्पुरम के कोंडोट्टी में रहते थे और वह मैसूर से अपने घर वापिस जा रहे थे। लेकिन इसी दौरान उनके वाहन की बस से टक्कर हो गई। हादसे में घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अभी तक घटना के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

इस साल 29 जून से शुरू होगी अमरनाथ यात्रा

जम्मू। वार्षिक अमरनाथ यात्रा इस साल 29 जून से शुरू होगी। अमरनाथ यात्रा का पंजीकरण सोमवार से शुरू होगा। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने रविवार को कहा कि अमरनाथ यात्रा 2024 इस साल 29 जून से शुरू होगी। इसमें कहा गया कि 50 दिवसीय यात्रा 19 अगस्त को समाप्त होगी, जबकि पंजीकरण 15 अप्रैल से शुरू होगा।

देवेगौड़ा भारत की राजनीति में सबसे वरिष्ठ राजनेता : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को कर्नाटक के मैसूरू पहुंचे, जहां भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि देवगौड़ा भारत की राजनीति में सबसे वरिष्ठ राजनेता हैं। मैं उनका आशीर्वाद पाकर भाग्यशाली हूं। एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक में एनडीए के पास एचडी देवगौड़ा जैसे वरिष्ठ नेता का मार्गदर्शन है। हमारे पास येदियुरप्पा जैसे समर्पित और अनुभवी नेता हैं। इनका ये अनुभव कर्नाटक के विकास के लिए बहुत काम आएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस को भ्रष्टाचारी और सनातनी विरोधी बताते हुए पूरे इंडी गठबंधन पर निशाना साधा।

सरकार बनी तो पश्चिमी यूपी होगा अलग राज्य : मायावती

समृद्धि न्यूज

मुजफ्फरनगर। चुनावी सभा करने के लिए बसपा सुप्रीमो रविवार को मुजफ्फरनगर पहुंची, जहां जनता संबोधित करने हुए उन्होंने बड़ा ऐलान करते हुए कहा कि हमारी सरकार बनने पर पश्चिमी उत्तर प्रदेश को अलग राज्य घोषित किया जाएगा।

आपको बता दें कि इसके साथ मायावती ने यह कहा है कि उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट बैंच भी स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी कहने में कम करने में ज्यादा विश्वास करती है, इसलिये घोषणा पत्र जारी नहीं करते हैं।

पिछले कुछ समय से केन्द्र और राज्यों में बीजेपी की सरकार है, बीजेपी की सरकार में जांच एजेंसी का राजनीतिकरण हो रहा है। इनकी सरकार मे जातिवाद और सांप्रादायवाद फैला है। इनकी सरकार मे नाटकबाजी जुमलेबाजी और गांरटी काम वाली नहीं है। बीजेपी सरकार की सोच जातिवादी है। पश्चिमी यूपी में जो विरोधी पार्टी के लोग हैं वह प्रचार करते थे ये पार्टी अपरकास्ट की विरोधी है।

जीआरपी ने पकड़ा 60 लाख का सोना, एक गिरफ्तार

फिरोजाबाद। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जीआरपी टूंडला ने रविवार को रेलवे स्टेशन से एक युवक को हिरासत में लिया है। जिसके कब्जे से 814 ग्राम सोना बरामद हुआ है। बरामद सोने का अनुमानित मूल्य करीब 60 लाख रुपये बताया है। जीआरपी के उच्च अधिकारियों के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जीआरपी थानाध्यक्ष अरविंद कुमार अपनी टीम के साथ रविवार को टूंडला रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान उन्हें एक संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दिया। पुलिस ने उस व्यक्ति को हिरासत में लेकर जब उसकी तलाशी ली।

ईरान ने इजराइल पर दागीं 300 से अधिक मिसाइलें व ड्रोन

▸ ईरान के हमले ने पश्चिम एशिया को धकेला क्षेत्रीय युद्ध के करीब

एजेंसी

तेल अवीव। ईरान ने एक अप्रत्याशित कदम उठाते हुए रविवार तड़के इजराइल पर हमला कर दिया और उस पर सैंकड़ों ड्रोन, बैलेस्टिक मिसाइल तथा क्रूज मिसाइल दागीं।

एक सैन्य प्रवक्ता ने कहा कि 300 से अधिक ड्रोन और मिसाइल दागी गई जिनमें से 99 प्रतिशत को हवा में ही नष्ट कर दिया गया। ईरान के इस हमले ने पश्चिम एशिया को क्षेत्रीय युद्ध के करीब धकेल दिया है। हमले के बाद से इजराइल में हर कहीं साइरन की आवाजें सुनाई दे रहीं हैं। सीरिया में एक अप्रैल को हवाई हमले में ईरानी वाणिज्य दूतावास में दो ईरानी जनरल के मारे जाने के बाद ईरान ने बदला लेने का प्रण लिया था। ईरान ने इस हमले के पीछे इजराइल का हाथ होने का आरोप लगाया था हालांकि इजराइल ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी थी। इस बीच नेतन्याहू ने चेतावनी देते हुए कहा था, ''जो कोई भी हमें नुकसान पहुंचाएगा, हम उन्हें नुकसान पहुंचाएंगे। अमेरिका, संयुक्त राष्ट्र , फ्रांस, ब्रिटेन आदि देशों ने इजराइल पर ईरान के हमले की निंदा की है। फ्रांस ने कहा कि ईरान ''संभावित सैन्य हमलों का खतरा बढ़ रहा है। ब्रिटेन ने इस हमले को 'फिजूल करार दिया। वहीं जर्मनी ने कहा कि ईरान और उसके मददगारों को तत्काल हमला बंद करना चाहिए।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने जताई चिंता

इस्राइल-ईरान संघर्ष पर विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने भी बयान दिया है। उन्होंने कहा कि हम हालात पर नजर बनाए हुए हैं। जो कुछ भी हो रहा है, वह चिंताजनक है। ईरान में भारतीय दूतावास ने अपने लोगों की मदद के लिए अतिरिक्त हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं।

दूतावास की ओर से जारी किए नंबर
+989128109115
+98993179567
+989932179359
+98-21-88755103-5

श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में 15 से 18 अप्रैल तक नहीं होंगे वीआईपी दर्शन

समृद्धि न्यूज

अयोध्या। रामनवमी पर श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर में रामलला का वीआईपी दर्शन नहीं हो पायेगा। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास की ओर से रामलला के 15 से 18 अप्रैल तक वीआईपी दर्शन को पूर्ण रूप से प्रतिबंध किया गया है।

इस दौरान किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और पहले से बने वीआईपी पास पर रोक लगा दी गई है। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने रविवार को गाइडलाइन जारी किया है। जिसमें 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक किसी भी तरह के वीआईपी दर्शन और वीआईपी पास पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगाया गया है। इस दौरान श्रद्धालु सुगम दर्शन पास और आरती के पास का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे। 15 अप्रैल से 18 अप्रैल तक के बीच के ऑनलाइन बना लिए गए पास निरस्त किये गए हैं। ट्रस्ट के महासचिव चम्पत राय ने लोगों से अपील किया है कि राम लला के जन्मोत्सव के मौके पर मोबाइल लेकर राम जन्मभूमि ना आएं। साथ ही रामलला के दर्शन को लेकर जारी पूर्व पास को राम मंदिर ट्रस्ट ने निरस्त किया।

रामनवमी मेला : अयोध्या में एक्टिव हुआ कंट्रोल रूम

अयोध्या। रामनवमी मेले के लिए नया घाट पुलिस चौकी के पीछे कन्ट्रोल रूम पूर्ण रूप से स्थापित और सक्रिय हो गया है। यहां पर अधिकारियों की 24 घंटे ड्यूटी लगायी गयी है, जिसमें पुलिस विभाग और सिविल विभाग के अधिकारी व सहायक तैनात किये गये हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा पूर्व में भी मजिस्ट्रेटों एवं पुलिस अधिकारियों की तैनाती की जा चुकी है एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, विद्युत विभाग आदि विभाग के अधिकारियों द्वारा भी अपने-अपने विभाग से संबंधित ड्यूटी लगायी गयी है।

लोकसभा चुनाव : समाजवादी पार्टी ने सात उम्मीदवारों की एक और लिस्ट की जारी

▸ बसपा से निकाले गए सांसद को श्रावस्ती सीट से टिकट

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। समाजवादी पार्टी ने रविवार को लोकसभा चुनाव के लिए सात और उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। श्रावस्ती सीट पर बसपा के निकाले गए सांसद राम शिरोमणि वर्मा को उम्मीदवार बनाया गया है।

समाजवादी पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 के लिए उम्मीदवारों की एक और सूची जारी कर दी है। पार्टी ने श्रावस्ती लोकसभा सीट पर बसपा से निकाले गए सांसद राम शिरोमणि वर्मा को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने फूलपुर लोकसभा सीट से अमरनाथ मौर्य, डुमरियागंज से भीष्म शंकर कुशल तिवारी, संतकबीरनगर से लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद को उम्मीदवार घोषित किया गया है। इसी तरह, सलेमपुर से रामशंकर राजभर, जौनपुर से बाबू सिंह कुशवाहा और मछलीशहर से प्रिया सरोज को प्रत्याशी बनाया गया है।

सपा से दो सप्ताह पहले कांग्रेस में आए उज्ज्वल रमण को प्रयागराज से टिकट

लखनऊ। कांग्रेस ने दो अप्रैल को पार्टी में शामिल हुए पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह को इलाहाबाद से टिकट दिया है। यहां से भाजपा ने नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। कांग्रेस ने रविवार को इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से पूर्व मंत्री उज्जवल रमण सिंह को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। वह दो अप्रैल को सपा से कांग्रेस में शामिल हुए थे। अब सपा- कांग्रेस उम्मीदवार के तौर पर चुनाव मैदान में हैं। यहां से भाजपा ने विधानसभा अध्यक्ष व पूर्व राज्यपाल केशरीनाथ त्रिपाठी के बेटे नीरज त्रिपाठी को मैदान में उतारा है। सपा और कांग्रेस में गठबंधन है।

हम पीएम के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों तक देश की सेवा करेंगे : नड्डा

एजेंसी

नयी दिल्ली। भाजपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के लिए अपना घोषणापत्र जारी किया। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी में पार्टी मुख्यालय में नेताओं की सभा को संबोधित किया और कहा कि आम चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों के पास क्या था। देश के लिए कल्पना की। नड्डा ने कहा, हमारा घोषणापत्र दर्शाता है कि भाजपा के संस्थापकों ने देश के लिए क्या कल्पना की थी।

पीएम मोदी ने आम आदमी की समझ को सरल बनाया है और इसे श्सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास कहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि हम पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अगले पांच वर्षों तक देश की सेवा कैसे करेंगे।

नड्डा ने कहा, आपने हमें स्पष्ट जनादेश दिया और स्पष्ट परिणाम आए। आपने स्पष्ट जनादेश दिया और अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया गया। हमने वो दिन भी देखे जब कांग्रेस के वकीलों ने राम मंदिर के निर्माण में अड़ंगा लगाया, न्यायिक प्रक्रिया को रोकने की कोशिश की। लेकिन बीजेपी की सरकार में यह संकल्प भी पूरा हुआ।

जनसभा | मुख्यमंत्री योगी ने देवभूमि से अपनी जन्मभूमि पौड़ी गढ़वाल से कांग्रेस पर साधा निशाना, कहा

पहले कहते थे राम तो हुए ही नहीं, आज कहते हैं राम तो सबके हैं

समृद्धि न्यूज

देहरादून। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को देवभूमि पर अपनी जन्मभूमि पौड़ी गढ़वाल में जमकर दहाड़ लगाई और कांग्रेस को हर तरह से घेरा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कहती थी कि राम तो हुए ही नहीं। जब अयोध्या में 500 वर्षों का इंतजार समाप्त होकर प्रभु श्रीराम का मंदिर बन गया है तो अब कांग्रेस के लोगों के स्वर बदल गए हैं। वे कहते हैं कि राम तो सबके हैं।

देखिए ये कितने बहुरूपिया हैं। पहले कहते थे राम तो हुए ही नहीं और आज कहते हैं राम तो सबके हैं। भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों के पक्ष में समर्थन मांगने उत्तराखंड आए मुख्यमंत्री योगी ने रविवार को गढ़वाल लोकसभा क्षेत्र में एनआईटी मैदान श्रीनगर में आयोजित जनसभा में कहा कि कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने आस्था और युवाओं की आजीविका के साथ खिलवाड़ करने के साथ देश की सुरक्षा के साथ भी खिलवाड़ किया है। एक गरीब के ऊपर सरकार का जो संरक्षण होना चाहिए था, उसका भी इन्होंने मजाक उड़ाने का काम किया था। योगी ने कहा कि चेहरा देखकर ये योजनाओं का लाभ देते थे। कहते थे कि देश के संसाधनों पर पहला अधिकार मुसलमानों का है तो फिर 1947 में विभाजन क्यों करवाया था। किसी ने प्रश्न क्यों नहीं पूछा कांग्रेसियों से पूछो भारत का नागरिक कहां जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सभी 80 लोकसभा सीट मोदी के हवाले करने जा रहा है। मोदी ने ऋषिकेश से उत्तराखंड वासियों का आह्वान किया था। उन्होंने कहा था कि उत्तराखंड से पंच कमल की माला चाहिए। विकास के लिए जनता ने आश्वासन भी दिया है। उन्होंने कहा कि पहले कोई केदारनाथ और बद्रीनाथ धाम की चर्चा भी नहीं करता था। वहां का पुनरुद्धार हो, आधुनिक सुविधाएं मिलें। सरकार भी उस योजना का हिस्सा बने, ऐसी कोई योजना नहीं था। कांग्रेस ने मंदिरों के पैसे को धर्मांतरण के कार्यों में लगाया और मदरसा निर्माण में खर्च कर दिया। उन्होंने कहा कि आज आप अयोध्या आएंगे तो, जो पांच-सात वर्ष पहले गया होगा वो आज अयोध्या आएगा तो उसको साक्षात त्रेतायुग की अयोध्या सा अहसास होगा।



अपराधियों को उस लायक नहीं छोड़ूंगा कि यूपी की सीमा क्रास करें

योगी ने कहा कि कभी-कभी कुछ लोगों को गफलत होती है कि उत्तर प्रदेश के अपराधियों के विरुद्ध जीरो टालरेंस की नीति से वे उत्तराखंड में ना चले जाएं, लेकिन मैं पहले ही आश्वस्त करता हूं कि माफिया और अपराधियों को उस लायक छोड़ूंगा ही नहीं कि वे उत्तर प्रदेश की सीमा क्रास कर पाएं।

कांग्रेस के लिए परिवार प्रथम और मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम

योगी ने कहा कि कांग्रेस के लिए परिवार प्रथम है और मोदी के लिए राष्ट्र प्रथम है। एक तरफ स्वार्थ का परिवार है तो दूसरी तरफ मोदी का परिवार है। एक तरफ देश को अलगाववाद, आतंकवाद और अजराकता, भ्रष्टाचार के आगोश में ले जाने की कांग्रेस की गारंटी है तो दूसरी तरफ भारत को विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत बनाने की मोदी की गारंटी है।

भारत रत्न भीमराव अंबेडकर का योगदान अतुलनीय : विजय शुक्ला

▶ अंबेडकर जयंती को धूमधाम से गोला नपा अध्यक्ष ने मनाया

गोला गोकर्णनाथ खीरी

भारतीय जनता पार्टी गोला ने नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू के नेतृत्व में भारत रत्न डा. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर स्वच्छता कर उनकी प्रतिभा पर माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर मनाई गई। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा कि, डा भीमराव अंबेडकर का योगदान अतुलनीय है उन्होंने समाज के वंचित जनों के अधिकारो के लिए सदैव संघर्ष किया है।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष भाजपा शत्रोहन मिश्रा, युवा नेता धर्मेन्द्र गिरि मोंटी, जिला उपाध्यक्ष विनोद वर्मा, जिला महामंत्री पिछड़ा वर्ग मोर्चा,मण्डल अध्यक्ष कुम्भी रविन्द्र कटियार,नगर महामंत्री राजेश राठौर, नगर मंत्री धीरज बाजपेयी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



अमीरनगर मे रैली निकाल कर मनाई बाबा साहेब अंबेडकर की जयंती

भारत संविधान के निर्माता बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 वीं जयंती रविवार को क्षेत्र में धूमधाम से मनाई गई।ब्लाक कुम्भी की ग्राम पंचायत कुम्भी में प्रधान प्रतिनिधि चन्द्र भाल व महेंद्र सिंह के नेतृत्व में गाजे- बाजे के साथ जुलूस निकाला गया।इस दौरान लोग ने हाथों में झंडा लेकर रंग-गुलाल खेलते हुए कई स्थानों से जुलूस निकाला।इस मौके पर भव्य रैली को गांव कुम्भी से निकाल कर,गोंड़ापुर, बहेरापुर होते हुए कुम्भी में समापन किया गया।रैली में सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने भाग लिया।युवा हाथों में नीले झंडे लेकर ओर बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे।गांव भीखमपुर व बहेरापुर में सभी लोगों ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया गया।इस दौरान चंद्र भाल ने कहा कि इतिहास साक्षी है कि बाबा साहेब अम्बेडकर ने विषम परिस्थितियों में भारतीय संविधान निर्माण किया।डॉ भीमराव अम्बेडकर दलितों और पिछड़ों के मसीहा थे।उन्होंने जाति पाति, छूत अछूत, ऊंच-नीच आदि विभिन्न सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने में अग्रणीय भूमिका निभाई है। वहीं कृष्ण कुमार सिंह ने बी आर अम्बेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा भारत के मजबूत संविधान के कारण ही आज भारत विश्व गुरु बन गया है। भारत का संविधान बहुत ही मजबूत और सटीक है जो भारत में रहने वाले लोगों को स्वावलंबी और मजबूत बनाने का कार्य करता है। इस अवसर पर विवेक सिंह, मुकेश सिंह, गुलशन अर्कवंशी, राम कैलाश, जितेंद्र अर्कवंशी, धर्मेन्द्र यादव, अजय अर्कवंशी, धर्मेन्द्र मौर्य सहित सैंकड़ों लोग मौजूद रहे।

निघासन में अंबेडकर की फोटो पर माल्यार्पण कर मनाई गई जयंती

नगर पंचायत के वार्ड नं0 6 अंबडेकर नगर में मनाई गई डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती अंबेडकर जी की फोटो पर माल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई। इस मौके पर सभासद प्रतिनिधि महेश कनौजिया, पूर्व सभासद प्रत्याशी कांती देवी , वार्ड नंबर 12 पूर्व सभासद प्रत्याशी गजराज गौतम, सुंदर गौतम गुड्डू गौतम प्रकाश गौतम संतोष पटेल रामजीवन ओमप्रकाश पटेल रामगोपाल चंद्रभान इंद्रेश राज विनोद गौतम छोटेलाल राज सोनेलाल राज सूरज मनजीत अमित नीरज बब्बू गिल अरविंद जीतू गुप्ता आदित्य गौतम राजेंद्र विनोद गौतम राम बहादुर विमल गौतम आदि लोग मौजूद रहे।

नवरात्रि में भव्य जागरण का किया गया आयोजन

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज। हिन्दू नव वर्ष की शुरुआत के के उपरांत रसूलपुर ग्राम पंचायत में युवा कमेटी के द्वारा रात्रि जागरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सर्व प्रथम ग्राम प्रधान द्वारा पुजवा अर्चना कर कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। कार्यक्रम की शुरुआत में सर्वप्रथम आरती व माता रानी के गीत से हुई। इस दौरान कई झांकियां दिखाई गई जिसमें राधा कृष्ण व माता जी की सबसे सुंदर-झांकियों रही। इस आयोजन में ग्रामीणों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में मुख्य आयोजन समस्त कमेटी रही। इस दौरान कमेटी रसूलपुर के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा सुरेंद्र कुमार वर्मा, आकाश गुप्ता ,अतुलेश वर्मा, शिवा राज अखिलेश वर्मा ,मोनू गुप्ता, व बहुत से ग्रामीण मौजूद रहे। युवा कमेटी के अध्यक्ष विनोद कुमार वर्मा ने बताया की समस्त ग्राम वासियों का सहयोग युवा कमेटी को हमेशा मिलता रहा है जिससे युवा कमेटी आने वाले सभी महोत्सव को इसी प्रकार मनाती रहेगी। युवा कमेटी ने सभी ग्राम वासियों का आभार प्रकट किया।

जिलेभर में उत्साह, उल्लास, उमंग से मनाई गई अंबेडकर जयंती

▶ कलेक्ट्रेट में हुआ कार्यक्रम, डीएम ने किया माल्यार्पण, डॉ. आंबेडकर के बताए मार्ग पर चलने का किया आह्वान

लखीमपुर खीरी, समृद्धि न्यूज।

रविवार को जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग से संविधान निर्माता भारत रत्न डॉ भीमराव रामजी आम्बेडकर की जन्म जयंती मनाई गई। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारियों ने उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर उनके आदर्श को

अनुकरणीय बताते हुए उनके सपनों को साकार करने का संकल्प दोहराया। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने डॉ. आंबेडकर के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। कहा कि संविधान निर्माता ने समाज को मुख्य धारा में जोड़ा। संविधान निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। डॉ. आंबेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि तभी होगी जब हम उनके बताये रास्ते पर चल कर समाज का निर्माण करें और समाज को आगे बढ़ाएं। आज के इस पावन और पुनीत मौके पर उन्हें स्मरण करने से मन प्रफुल्लित हो उठता है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव रामजी आम्बेडकर के सिद्धांतों और आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने की जरूरत बताई। कहा कि उनके प्रयास से समाज के सभी वर्गों को संविधान में उचित स्थान प्राप्त हुआ। उनके प्रति सच्ची श्रद्धा तभी होगी, जब लोग अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरे संकल्प के साथ करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी सुरेश वर्मा, सुधीर सोनी, न्याय सहायक द्वितीय सुरेश वर्मा सहित कलेक्ट्रेट कर्मियों ने भी चित्र पर माल्यार्पण कर उनके विचारों को रेखांकित किया। कार्यक्रम का संचालन कलेक्ट्रेट कर्मी श्री राम ने किया।

बाबा साहब अंबेडकर को किया नमन

उचौलिया खीरी, समृद्धि न्यूज।

नगर में डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती 14 अप्रैल को धूमधाम से मनाई गयी। बाबा साहब की प्रतिमा पर फूल माला चढ़ाकर उन्हें और उनके आदर्शों को याद किया गया। मौके पर लोगों ने बाबा साहेब के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया शोभा यात्रा की शुरुआत अंबेडकर पार्क से हुई जहां पर सभी लोग इकट्ठा हुए और बाबा भीमराव अंबेडकर के मूर्ति पर माल्यार्पण किया।शोभायात्रा में युवा हाथों में नीले झंडे लेकर ओर बाबा साहेब डॉक्टर अंबेडकर अमर रहे और जय भीम के नारे लगाते हुए चल रहे थे। इस दौरान ग्राम प्रधान इंद्रपाल, पूर्व प्रधान वीरपाल, अनेग पाल वर्मा, सूरज पाल, एडवोकेट विजय, , अन्नत राम, परमेस्वर दीन, अजयपाल,राजेश रामपाल, आदि लोग मौजूद रहे।

मितौली में भाजपा नेता जुगल किशोर ने मालार्पण कर मनाई अंबेडकर जयंती



भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर की अगवाई में अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष कमल सिंह जिला मंत्री अब्दुल हमीद कल्लू तथा क्षेत्र के हजारों कार्यकर्ताओं के साथ बाबू रामेश्वर दयाल डिग्री कॉलेज से सैकड़ो गाड़ियों का काफिला मितौली भीमराव अंबेडकर पार्क स्थित प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए काफिला लखीमपुर के लिए हुआ रवाना।

सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया सम्बोधित

मोहम्मदी खीरी, समृद्धि न्यूज।

धौरहरा 29 लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा की विधान सभा के मोहम्मदी नगर के आशीर्वाद गेस्ट हाउस में आयोजित सोशल मीडिया वालंटियर सम्मेलन को मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री

ब्रजेश पाठक ने सम्बोधित करते हुए विपक्ष के भ्रष्टाचार गिनाते हुए प्रधानमंत्री मोदी की उपलब्धयाँ गिनाई।

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी रेखा अरुण वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, क्षेत्रीय विधायक राज्यमंत्री लोकेंद्र प्रताप सिंह सहित जनपद के सभी विधायक विधायक

गण मौजूद रहे। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री को ट्रामा सेंटर के लिये नगर अध्यक्ष संजय चतुर्वेदी ने ज्ञापन सौपा। कार्यक्रम में हजारों की संख्या में सोशल मीडिया वालंटियर उपस्थित रहे। कार्यक्रम में संचालन पूर्व जिला महामंत्री विधान सभा प्रभारी, अनुराग शुक्ला ने किया।

जिलाध्यक्ष सुनील सिंह ने आगन्तुको का आभार व्यक्त किया।

खबरें एक नजर में

डॉ. अम्बेडकर जयंती पर समाजसेवियों ने किया रक्तदान

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। सामाजिक असमानता को दूर करने तथा वंचित वर्गों को सामाजिक न्याय दिलाने हेतु बाबा साहब के योगदान अतुलनीय हैं।उक्त बाते आज संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की जयंती पर शिव स्वामी वर्मा भाजपा नेता द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर व फल वितरण में अतिथि एमएलसी /ज़िला प्रभारी अवनीश पटेल ने कही। भाजपा लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत ने फ़ीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष अरविंद मौर्य, ज़िला महामंत्री सन्दीप गुप्ता, रेहड़ी पटरी संयोजक अजीत सिंह, नगर अध्यक्ष विष्णु प्रभाकर अनिल रावत, उमेश रावत सहित भाजपा कार्यकर्ता व साथी गढ़ मौजूद रहे।

नकदी जेवर के साथ प्रेमिका प्रेमी के संघ फरार

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। नकदी व जेवरात लेकर प्रेमी के साथ फरार प्रेमिका रात मे फरार हो गयी।पीड़ित पिता की तहरीर पर जैदपुर पुलिस द्वारा मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव का है।जहां बीती रात चार बजे घर में रखे 25500 रूपए नकद व जेवर लेकर एक प्रेमिका अपने प्रेमी कोमल गौतम पुत्र पप्पू गौतम कोला जोहिद्दीनपुर थाना जैदपुर जनपद बाराबंकी के साथ फरार हो गयी।जब इस बात की जानकारी परिवार के लोगों को हुई तो पैरों तले जमीन खिसक गयी।पीड़ित पिता ने जैदपुर थाना में शिकायती पत्र देकर बताया कि लड़की 16 वर्ष की है।बहल फुसलाकर भगा ले जाया गया है। थाना जैदपुर में कोमल पुत्र पप्पू गौतम के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर जांच पड़ताल व तलाश जारी कर दिया गया है।

अज्ञात कारणों से चार बच्चों के पिता ने लगाई फांसी

जैदपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। अज्ञात कारणों के चलते बीती रात चार बच्चो के पिता ने रस्सी के सहारे फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।जानकारी मिलते ही परिवार मे कोहराम मच गया है।मौके पर पहुंची जैदपुर पुलिस टीम द्वारा शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजकर जांच शुरू कर दी गयी है।जानकारी के अनुसार मामला जैदपुर नगर पंचायत के मोहल्ला झलरवा का है जहां बीती रात कुलदीप कुमार पुत्र उदयराज ने सफदरगंज मार्ग पर स्थित अयान मैरिज हाल के पीछे बने एक पाड मे रस्सी के सहारे फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। जिससे अचानक चार बच्चो के सर से बाप का साया उठ जाने से बच्चों सहित परिवार के लोगों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।सुबह होने? पर इस घटना की जानकारी होते ही मोहल्ले मे मातम छा गया।मौके पर भारी संख्या में लोगों की भीड़ लग गयी और लोग तरह तरह के कयास लगाने लगे।?सूचना पर पहुंची जैदपुर पुलिस टीम द्वारा शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम हेतु भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है।जबकि फांसी लगाने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।इस संबंध में कस्बा इंचार्ज अनिल कुमार पाण्डेय ने बताया शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा गया है रिपोर्ट आने पर कारण सामने आयेगा।

गेंहू क्रय केंद्रों से किसानों की शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। ज़िलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने कहा कि गेहूं क्रय केंद्रों से किसी भी किसान को वापस नहीं होना चाहिए, किसान का गेहूं क्रय होने में किसी भी व्यवस्था की कमी नहीं होनी चाहिए। शिकायत मिली तो सम्बंधित पर होगी सख्त कार्रवाई। ज़िलाधिकारी ने आज लोक सभागार में जिले के सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर गेंहू क्रय केंद्रों में गेंहू तौल की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की और समय पर किसानों के गेंहू की तौल और भुगतान हो जाये इसके लिये सम्बंधित अधिकारियों को कार्यों में तेजी लाने के भी निर्देश दिए। ज़िलाधिकारी ने कहा कि सभी जिम्मेदार गेंहू क्रय केंद्र प्रभारी यह सुनिश्चित कर ले कि किसानों को क्रय केंद्रों पर तौल सम्बन्धी किसी प्रकार की समस्या ना होने पाए, यदि उन्हें ऐसी कोई भी सूचना मिलती है कि किसानों को क्रय केंद्र से उनके गेंहू की तौल कराए बिना उन्हें वापस लौटाया जा रहा है तो सम्बंधित पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने सभी गेंहू क्रय केंद्र प्रभारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि गेहूं क्रय की स्थिति में और अधिक सुधार की आवश्यकता है, इसलिये समय रहते इस कार्य को प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाए। किसानों की खतौनी आदि का केंद्रों पर भी प्रमाणित करने का कार्य किया जाए, गेंहू खरीद की गति में तेजी लाने के लिये लेखपाल और पंचायत सेक्रटरी को जिम्मेदारी दी जाये। सभी जिम्मेदार अधिकारी गांव गांव किसानों से सम्पर्क स्थापित करते हुए गेंहू खरीद के निर्धारित लक्ष्य को पूरा करने में तन्मयता से लग जाये जिससे समय पर गेंहू खरीद का कार्य पूरा हो सके और किसानों को उनकी उपज का भुगतान भी शीघ्र मिल जाए। बैठक में एडीएम, एसडीएम और तहसीलदार, एफसीआई के अधिकारी सहित गेंहू क्रय केंद्रों के प्रभारी/ साधन सहकारी समितियों के सचिवगण मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर आधुनिक भारत के निर्माता : उपेन्द्र सिंह रावत

बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

सतरिख नाका स्थित बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर पार्क में बाबा साहब की 133वीं जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। डॉ भीमराव अंबेडकर मेमोरियल सेवा समिति/पार्क-स्मारक अनुरक्षण समिति द्वारा प्रार्थना सभा की गई और उच्चीकृत पार्क में बाबा साहब के जीवन संघर्ष की चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और समिति द्वारा आयोजित विशाल भण्डारे में लोगों को प्रसाद वितरित कर भंडारे का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उच्चीकृत पार्क में स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री दारा सिंह चौहान, पूर्व सांसद पीएल पुनिया, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती शीला सिंह एवं सुरेन्द्र वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष अरविंद कुमार मौर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि व समाजसेवियों ने पार्क में स्थापित डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

विचार गोष्ठी में सांसद उपेंद्र सिंह रावत ने कहा कि बाबा साहब अम्बेडकर आधुनिक भारत के निर्माता हैं, राष्ट्र उनका हमेशा ऋणी रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष श्री अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि सांसद उपेंद्र सिंह रावत द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर जी के इस पार्क के निर्माण में किया गया योगदान सदियों तक जाना जाएगा। आज डॉ अम्बेडकर के अनुयायी और जिले का हर नागरिक सांसद के इस कार्य की सराहना करता है। वहीं समिति के अध्यक्ष रत्नेश कुमार, महासचिव राम औतार, कोषाध्यक्ष जेएल भास्कर, उपाध्यक्ष अमरेश बहादुर, देव कुमार गुप्ता, सचिव मंशाराम कनौजिया, केशनलाल चौधरी, सहदेव प्रसाद, विनोद कुमार, रमेश चौधरी, रामदयाल आदि सभी पदाधिकारियों ने सांसद के द्वारा कराए गए पार्क निर्माण के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। अपना दल के नेता सुरेश चंद्र गौतम, सपा नेता बसन्त सिंह गौतम, अधिवक्ता नरेंद्र कुमार वर्मा, अधिवक्ता आरपी गौतम, भारतीय बौद्ध महासभा के पदाधिकारियों ने भी पार्क में पहुंचकर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर पार्क निर्माण में योगदान करने वाले कारीगरों, ठेकेदार राकेश कुमार और जेई पीके गौतम को समिति की तरफ से सम्मानित किया गया।

▶ राष्ट्र बाबा साहब का रहेगा हमेशा ऋणी : सांसद
▶ हर्षोल्लास के साथ मनाई गई बाबा साहब की जयंती
▶ विशाल भण्डारे का सांसद ने किया शुभारंभ
▶ डॉ. अम्बेडकर पार्क के उच्चीकरण के लिए सांसद के प्रति लोगों ने व्यक्त किया आभार

बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने लिखी भारत की तकदीर : राजरानी रावत

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़। भारत रत्न बाबासाहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर भारत के एक ऐसे महान नेता थे जिन्होंने आधुनिक भारत की तकदीर लिख दी है। अंबेडकर भारत के संविधान निर्माता महान चिंतक समाज सुधारक कानून विशेषज्ञ संपादक और महान पत्रकार भी थे बाबा साहेब की जयंती डॉक्टर अंबेडकर के असाधारण योगदान की याद दिलाने के साथ-साथ समानता और सामाजिक न्याय के लिए हमारी निरंतर यात्रा पर विचार करने का अवसर प्रदान करता है। उक्त विचार विकासखंड त्रिवेदीगंज के ग्राम हसनपुर में जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद द्वारा आयोजित डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर पहुंची भाजपा से सांसद प्रत्याशी राजरानी रावत ने व्यक्त किये। क्षेत्रीय विधायक दिनेश रावत ने कहा कि बाबा साहब समानता एवं सामाजिक न्याय को बढ़ावा देने में जीवन लगा दिया। अंबेडकर ने देश में श्रम सुधारो में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पूर्व ब्लॉक प्रमुख सुनील सिंह ग्राम प्रधान जितेंद्र प्रताप सिंह सोनू मनोज सिंह भाजपा जिला महामंत्री संदीप गुप्ता श्रम प्रकोष्ठ के संयोजक शिवस्वामी मंडल अध्यक्ष सचिन वर्मा कृष्ण कुमार सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता ननकऊ साहू लाला लक्ष्मी नारायण साहू युवा नेता शक्ति सिंह अजय तिवारी नन्हे शुभम मिश्रा महेश अग्रवाल राहुल साहू सत्यसरन साहू सहित सहित की संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मंच का सफल संचालन मोहित मिश्रा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य नेहा सिंह आनंद ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

डॉ. अंबेडकर के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत : सत्येंद्र कुमार

आधुनिक भारत के सामाजिक उत्थान में सबसे अधिक प्रभाव डॉक्टर भीमराव आंबेडकर के योगदान का रहा है। डॉ. आंबेडकर ने सामाजिक कुरीतियों पर करारा प्रहार करते हुए छुआछूत के विभेदीकरण के खिलाफ जीवन पर्यंत आवाज उठाई। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने लोकसभागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की 133 वीं जयंती के अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उक्त विचार व्यक्त किये। डीएम ने रविवार को लोकसभागार में डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के चित्र पर पुष्पार्चन किया। इसके बाद सम्पन्न कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के जीवन से हम सबको प्रेरणा लेने की जरूरत है। वह जब पढ़ने जाते थे तो वहां पर उन्हें छुआछूत का सामना करना पड़ता था। डॉ आंबेडकर प्रतिभावान थे, उन्होंने अपनी जातिगत पृष्टभूमि के कारण भेदभाव का सामना करते हुए हिम्मत नहीं हारी और लगातार शिक्षा प्राप्त करते रहे। उन्हें कोलंबिया विश्वविद्यालय डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की। बाद में उन्हें अन्य डिग्रियां भी प्रदान कीं गईं। मैट्रिक की पढ़ाई के बाद बॉम्बे विश्वविद्यालय से सम्बद्ध एलफिंस्टन कॉलेज से पढ़ाई करने वाले वह अपने समुदाय के सबसे पहले छात्र थे। संविधान के निर्माण में भारत रत्न डॉ भीमराव आंबेडकर का अद्वितीय योगदान रहा है। ज़िलाधिकारी ने कहा कि आज उनके संवैधानिक व सामाजिक योगदान को पढ़ने व आत्मसात करने की जरूरत है, समाज से भेदभाव को मिटाने की जरूरत है, जातिगत भेदभाव समाज व देश की तरक्की में बाधक है। इस अवसर पर एडीएम अरुण कुमार सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हम सब डॉ आंबेडकर के कार्यों पर चर्चा करते हुए उनसे कुछ सीखें तभी इस महापुरुष की भावना को मूर्तरूप देने का संकल्प पूरा हो पायेगा। शिक्षित बनो, संगठित बनो का नारा देने वाले डॉ आंबेडकर जीवन पर्यंत समाज को जागृत करते रहे। एसडीएम नवाबगंज श्री विजय त्रिवेदी ने कहा कि डॉ आंबेडकर ने लोकतंत्र को मजबूत करने के लिये एक सोच विकसित की थी, जिसे हम सभी लोग आने वाली 20 मई को शतप्रतिशत अपने मताधिकार का प्रयोग करके लोकतंत्र की जड़ों को मजबूत करने में अपना योगदान निभाएंगे। इस अवसर पर उपस्थित अन्य अधिकारियों ने भी अपने-अपने विचार रखे।

युवक की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मौत, परिवार में छाया मातम

धौरहरा खीरी, समृद्धि न्यूज।

खमरिया थाना क्षेत्र के मटरिया गांव में स्थित ससुराल में गृह प्रवेश के कार्यक्रम में शनिवार को देर सायं आये युवक की ईसानगर खमरिया रोड पर कार से हुई टक्कर में दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुचीं पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेजकर कार को कब्जे में ले कार्रवाई शुरू कर दी है।

शनिवार को मटरिया गांव निवासी रमेश गिरी के यहाँ गृह प्रवेश था जहां उनके दामाद नीरज पुत्र राजेन्द्र निवासी रजनापुर थाना तंबौर जनपद सीतापुर अपनी ससुराल में गृह प्रवेश की खुशी में शामिल होने आया था। रात करीब 9 बजे नीरज रमेश के 10 वर्षीय पुत्र सूरज को बाइक पर बैठाकर किसी काम से खमरिया जा रहा था , इसी बीच ईसानगर खमरिया रोड पर सामने से आ रही कार से उसकी टक्कर हो गई। जिसमें टकराकर नीरज की मौके पर ही मौत हो गई वही सूरज घायल हो गया। जिसकी सूचना पाकर ग्रामीणों ने घायल को सीएचसी में भर्ती करवाकर पुलिस को सूचना दी।

गृह प्रवेश की खुशियां मातम में बदली,शोक में डूबे दो परिवार

सड़क हादसे में दामाद की मौत की जानकारी मिलते ही मटेरिया समेत रजनापुर में चीखपुकार मच गई। दोनों परिवारों के लोग खमरिया रोते विलखते खमरिया पहुचे जहां पुत्र व दामाद के शव को देख सभी की खुशियां मातम में बदल गई। मृतक के ससुर रमेश गिरी ने बताया कि किसी को यह आभाष नहीं था कि घर के दामाद अचानक हादसे का शिकार बन जाएंगे। उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी ने बताया कि शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है प्रार्थना पत्र मिलते ही कार्रवाई की जाएगी।

सूचना पाकर मौके पर पहुचे उपनिरीक्षक सुनील बाबू अवस्थी ने शव को कब्जे में लेकर देर रात पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेजकर कार व चालक को कब्जे में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, साथी घायल

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज। लखनऊ-सुल्तानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर पर रविवार की दोपहर कोई सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई,जबकि उसका साथी घायल हो गया। जानकारी के अनुसार जनपद सुल्तानपुर के बस अड्डा थाना निवासी सत्यम पुत्र राकेश विश्वकर्मा 26 अपने ममेरे भाई मुकुल के साथ बुलेट से लखनऊ स्थित अपनी बुआ के यहां जा रहे थे। कस्बा हैदरगढ़ में दशहरा बाग के निकट बुलेट के सामने अचानक आये एक साइकिल सवार वृद्ध को बचाने में बुलेट अनियंत्रित हो गई।इसी दौरान पीछे से तेज रफ्तार से आया अज्ञात ट्रक बुलेट में तेज टक्कर मारते हुए फरार हो गया।हादसे में बाइक सवार सत्यम की मौके पर ही मौत हो गई।उसका ममेरा भाई मुकुल घायल हो गया।जिसे निजी चिकित्सालय में इलाज कराने के बाद छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के सामने महिंद्रा शोरूम पर लगे सीसी फुटेज निकलवाकर दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन की पहचान की जाएगी।

पट्टाधारक ने चोरी से बेच डाला तलाब की भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़, मुकदमा दर्ज

हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।

तालाबी भूमि पर लगे यूकेलिप्टस के पेड़ चोरी से बेच देने का मामला प्रकाश में आया है । हल्का लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है। हल्का लेखपाल ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया की कोठी थाना क्षेत्र के नूरापुर गांव स्थित भूमि गाटा संख्या 08/0842हे सरकारी अभिलेख में तलाबी भूमि दर्ज है गांव निवासी गणेश प्रसाद पुत्र श्याम लाल के नाम दिनांक 4/4/2022 को मत्स्य पालन हेतु पट्टा किया गया था जिस पर मत्स्य पालन किया जा रहा था परंतु पट्टा आवंटन होने के बाद पट्टेदार द्वारा संपूर्ण तालाब पर स्वामित्व स्थापित करते हुए दिनांक 18, /3/ 2023 की रात में उपरोक्त तालाबी भूमि पर लगे चार हरे पेड़ यूकेलिप्टस के काटकर चोरी छुपे लकड़ी बेच दी गई जबकि पूर्व में भी दो पेड़ काटे जा चुके हैं जिनके अवशेष मौके पर लगे मिले।पट्टेदार द्वारा मत्स्य पालन आवंटन की नियमावली का उल्लंघन करते हुए ग्राम सभा को क्षति पहुंचाया जा रहा है।हल्का लेखपाल की तहरीर पर पुलिस ने पट्टेदार के विरुद्ध उत्तर प्रदेश लोक संपत्ति नुकसान निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी है।

नुक्कड़ सभाओं में मिल रहा राजरानी रावत को भरपूर समर्थन

हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।

बाराबंकी के सभी 339 शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभाओं के जरिए भारतीय जनता पार्टी अपनी पकड़ मजबूत करने की कयावद में जुट गई है इन नुक्कड़ सभाओं में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं को वक्ता बनाकर मोदी योगी सरकार के विकास मॉडल को आम जनता तक पहुंचाएगी और साथ ही विपक्ष पर हमलावर भी होगी। नुक्कड़ सभा को धार देने के लिए लोकसभा 53 क्षेत्र बाराबंकी से प्रत्याशी राजरानी रावत और पार्टी कार्यकर्ताओं ने कमर कस ली है। इसी क्रम में आज नगर पंचायत अध्यक्ष आलोक तिवारी द्वारा नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत को अपार जन समर्थन प्राप्त हुआ।

खाद्य एवं रसद विभाग मंत्री सतीश शर्मा ने नुक्कड़ सभा के दौरान कहा कि हम चुनाव के बिल्कुल करीब खड़े हैं परंतु भारतीय जनता पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता साल के 365 दिन चुनाव की तैयारी में लगा रहता है। देश के युवा, गरीब, महिला और किसान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्राथमिकता में हमेशा शामिल रहे हैं मोदी सरकार की गरीब कल्याण योजनाओं और विकास मॉडल से विपक्ष घबराया हुआ है। और ग्रामीणों के बीच भ्रामक प्रचार करने में जुटा है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक दिनेश रावत, जिला महामंत्री संदीप गुप्ता, दीपू तिवारी, जनार्दन शुक्ला, युव

मोदी योगी के सुशासन, सुरक्षा व विकास के साथ हैं मतदाता : भूपेन्द्र चौधरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ/गाजियाबाद। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने रविवार को नवयुग मार्केट स्थित चुनाव कार्यालय पर पहुंचकर चुनाव में लगे भिन्न भिन्न कार्यकर्ताओं से अनौपचारिक बातचीत की।

उन्होंने कहा देश और प्रदेश में मोदी और योगी के सुशासन, सुरक्षा, सबका साथ सबका विश्वास की छाप लोगों के दिलों पर स्पष्ट है और उसी के आधार पर प्रदेश में 80 सीट और देश में 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

भूपेन्द्र चौधरी मेरठ रोड स्थित आरकेजीआईटी कॉलेज के सभागार में आयोजित लोकसभा चुनाव संचालन समिति एवं वरिष्ठ कार्यकर्त्ता बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में पहुंचे।

बैठक का शुभारम्भ प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने दीप प्रजवल्लन कर किया।लोकसभा संयोजक अजय शर्मा ने चुनाव संचालन समिति से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का परिचय कराया।

अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने सभी को चुनाव में जुट जाने के लिए कहा। पूरा देश मोदी के विकास की गारंटी पर आज भाजपा के साथ खड़ा है। हमें उनके विश्वास को बरकरार रखने के लिए स्वयं की गारंटी के साथ उनके घर उनके परिवार के साथ जुड़े रहना है। हमें लाभार्थी और हर मतदाता से संपर्क कर पहले मतदान फिर जलपान का आग्रह करना है।

कठिन है डगर दिल्ली की, सपा-बसपा का चक्रव्यूह तोड़ने की चुनौती

▸ घोसी: ओमप्रकाश राजभर और दारा सिंह चौहान का इम्तिहान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। यूपी की हॉट सीटों में घोसी भी शामिल हो गई है। सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर के बेटे अरविंद राजभर के चुनाव मैदान में उतरने और इस सीट पर विपक्ष द्वारा बुने सियासी ताने-बाने ने इसे खास बना दिया है। दिल्ली की डगर बहुत कठिन है।अब सबकी निगाहें घोसी के चुनावी संग्राम पर टिक गई। घोसी के रण में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर के सियासी कौशल की परीक्षा है। इसके साथ ही घोसी में प्रदेश सरकार के दूसरे मंत्री दारा सिंह चौहान की प्रतिष्ठा जुड़ गई है।ओमप्रकाश राजभर को बेटे को सांसद बनाने के लिए भाजपाइयों को साधना पड़ रहा है। पिछड़े वोटों में बिखराव रोकना बड़ा मसला है।

मुख्तार अंसारी फैक्टर से भी निपटना है। घोसी का मैदान भाजपा के लिए कभी मुफीद नहीं रहा। 2014 की मोदी लहर को छोड़ दें तो भाजपा को इस सीट पर कभी नहीं जीती। शायद इसीलिए भाजपा ने समझौते में यह सीट अपने सहयोगी सुभासपा को दे दी। पूर्वी यूपी के राजभर वोटों पर दावेदारी करने वाले ओमप्रकाश राजभर ने अपने बेटे को संसद भेजने के लिए इसे सबसे मुफीद समय माना। उन्हें अंदाजा न रहा होगा कि उनका बड़बोलापन उनके बेटे की राह मुश्किल कर सकता है। 2022 के चुनाव में भाजपाइयों को निशाने पर रखने वाले राजभर के भगवा खेमे के कार्यकर्ता दमखम से शायद ही जुटे। ओमप्रकाश राजभर को अधिकांश समय घोसी में ही देना पड़ रहा है। भाजपा के प्रदेश से लेकर केंद्रीय नेतृत्व तक गुहार लगा चुके हैं, सबके जुटे बिना नैया पार नहीं होंगी। सपा और बसपा ने इस सीट पर राजभर की मुश्किलें बढ़ा रखी हैं। घोसी विधानसभा उपचुनाव में जीत के बाद सपा के हौंसले बुलंद हैं।

पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव की सम्भावना बढ़ी

समाजवादी पार्टी ने राजीव राय पर दांव लगाकर अगड़ों को साधने का प्रयास किया है। रही-सही कसर बसपा सुप्रीमो मायावती ने पूरी कर दी है। पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को प्रत्याशी बनाकर पिछड़े वर्ग के वोटों में बिखराव की सम्भावना बढ़ा दी है। बालकृष्ण चौहान के आने से इस सीट पर त्रिकोंणीय मुकाबले की स्थिति बन गई है। देखना है कि सुभासपा प्रमुख कैसे इस चक्रव्यूह को भेदकर बेटे की जीत की राह प्रशस्त करते हैं। राजभर के रणनीतिक कौशल का इम्तिहान यहीं खत्म नहीं होता। यह सीट हाल ही में बांदा जेल में मरने वाले मुख्तार अंसारी के परिवार के प्रभाव वाली मानी जाती है। मुख्तार अंसारी के बेटे अब्बास अंसारी सुभासपा से विधायक हैं। अब ओमप्रकाश राजभर भाजपा के साथ हैं। देखना होगा कि एनडीए में रहते राजभर अपने बेटे के मुख्तार परिवार का रुख क्या होगा। सुभासपा विधायक अब्बास इस सीट पर अरविंद राजभर के राजतिलक में शायद ही मददगार हों। घोसी के अखाड़े में दारा सिंह चौहान का इम्तिहान भी होना है। नोनिया वोटों पर पकड़ के नाम पर भाजपा ने घोसी विधानसभा उपचुनाव में हार के बावजूद दारा सिंह चौहान को मंत्री बनाया है। घोसी उपचुनाव में दारा सिंह चौहान के लिये राजभर ने भी दमखम लगाया था मगर बात नहीं बन पाई थी। अब बसपा द्वारा पूर्व सांसद बालकृष्ण चौहान को मैदान में उतारने के बाद सबकी नजरें इसपर टिकी हैं कि दारा सिंह अपने सजातीय वोटों में बिखराव रोकने और उन्हें अरविंद राजभर को दिलाने में कितना सफल होते हैं।

खबरें एक नजर में

चारबाग स्थित बालाजी होटल ग्रांड में लगी भीषण आग

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। राजधानी लखनऊ में आग का कहर बदस्तूर जारी है। आज रविवार को चारबाग स्थित होटल बालाजी ग्रैंड में भीषण आग लग गई। होटल में लगी भीषण आग में कई लोगों फंस गए। होटल में लगी भीषण आग के बाद कर्मचारियों ने फायर ब्रिगेड को सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की गाड़ियों ने घंटों मशक्कत करने के बाद आग पर काबू पा लिया। अधिकारियों का कहना है कि आग में फंसे हुए सभी लोगों को बाहर निकाल लिया गया है। रविवार सुबह होटल में अज्ञात कारणों से आग लग गई। कुछ ही पलों में आग ने भीषण रूप ले लिया, जिससे होटल में अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान कुछ लोग होटल में फंस गए। हालांकि, समय रहते फायर ब्रिगेड को घटना के बारे में सूचना दे दी गई जिसके बाद भारी संख्या में पुलिस बल फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची लंबी मशक्कत के बाद समय रहते आग पर काबू पा लिया। जिसके बाद होटल में फंसे हुए लोगों को बाहर निकल गया। मौके पर मौजूद सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि सुबह होटल में आग लगने की सूचना मिली थी जिसके बाद कार्यवाही करते हुए आज पर काबू पा लिया गया है सभी फंसे हुए लोगों को बाहर निकाल लिया गया है।

संदिग्ध परिस्थितियों में व्यक्ति की मौत, लटकता मिला शव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। चिनहट में एक व्यक्ति की संदिग्ध अवस्था में शव मिला है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मामले में हत्या और सुसाइड सहित अन्य पहलुओं पर पुलिस जांच कर रही है। बुद्ध विहार कॉलोनी में 34 वर्षीय राजकमल पत्नी और दो बच्चों के साथ किराए के मकान में रहते थे। कुछ दिन पहले पत्नी बच्चों के साथ में हमीरपुर गई थी। रविवार सुबह रामकमल की पत्नी उसे फोन कर रही थी, लेकिन राजकमल फोन नहीं उठा था। जिसके बाद राजकमल की पत्नी ने पड़ोसी को बात कराने के लिए भेजा। पड़ोसी राजकमल के घर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद था। इसके बाद पड़ोसियों ने काफी देर तक दरवाजा खटखटाया, लेकिन जब दरवाजा नहीं खुला। इसके बाद मामले की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने भी साक्ष्य इकट्ठा किया है। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना स्थल पर पहुंची। इसके बाद पुलिस कमरे के अंदर गई तो शव फंदे से लटकता हुआ मिला। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, लोगों ने दरवाजा अंदर से बंद होने की बात कही है। चिनहट थाना प्रभारी अवनीश कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि घटना के बाद जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

मुमताज इंटर कॉलेज में दुकानें बनाकर बेचने की योजना

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मुमताज इंटर कॉलेज लखनऊ में विद्यालय परिसर में दुकान बनाने की योजना बनाई गई है अंजुमन और की आमदनी बढ़ाने के नाम पर प्रबंधकारिणीं के दो महत्वाकांक्षी सदस्यों ने दुकानों को बेचकर उसमें दलाली के जरिए धन कमाने की योजना बनाई है। इस मामले में पूरी प्रबंधकारिणी को गुमराह किया जा रहा है इस प्रकार विद्यालय की जमीन पर दुकान बनाना न केवल शिक्षा विभाग के नियमों के विपरीत है बल्कि लखनऊ विकास प्राधिकरण के नियमों की भी अवहेलना होगी। दुकान केवल अंजुमन के बड़े साहब और छोटे साहब की महत्वाकांक्षाओं के कारण ही बनाई जा रही हैं। इस प्रकार विद्यालय की जमीन पर दुकानों को बनाने नहीं दिया जाएगा इसकी शिकायत जिला विद्यालय निरीक्षक, माध्यमिक शिक्षक संघ और लखनऊ विकास प्राधिकरण से की जाएगी और दुकानों के निर्माण को हर कीमत पर रोका जाएगा। आवश्यकता पड़ी तो उसे रुकवाने के लिए जिला प्रशासन एवं न्यायालय की शरण भी ली जाएगी। यह बातें राष्ट्रीय सामाजिक कार्यकर्ता संगठन के कन्वीनर मोहम्मद आफाक ने प्रेस को जारी अपने एक बयान में कहीं।

व्यापार मंडल ने अनिवार्य वोटिंग के लिए प्रेरित किया

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए लखनऊ के बाजारों में उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल का अभियान जारी है। रविवार को सदन बाजार में अभियान चलाया गया। सदर आदर्श व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने दुकानों पर जाकर व्यापारियों एवं ग्राहकों को अनिवार्य रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया। छावनी की सदर बाजार में व्यापारियों द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया गया। संगठन के अध्यक्ष अखिल ग्रोवर ने बताया कि व्यापारियों ने खुद और बाजार में मौजूद लोगों को वोट देने के लिए शपथ दिलाया। इस दौरान एक बार फिर से पहले मतदान फिर जलपान का संकल्प लिया गया। अखिल ग्रोवर ने कहा पिछले कई चुनाव में देखा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत अधिक रहता है। लेकिन नगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम रहता है, नगरीय क्षेत्र में भी मतदान का प्रतिशत बढ़े इसके लिए उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल ने चुनाव तक पूरी राजधानी में लगातार जागरूकता अभियान चलाने का बीड़ा उठाया है। उन्होंने कहा वोट की चोट से ही हम अपनी समस्याओं का खात्मा कर सकते हैं। बताया गया कि अच्छी और लोकप्रिय सरकार के गठन के लिए प्रत्येक नागरिक को वोट देना चाहिए। लोगों का लोकतांत्रिक कर्तव्य एवं अधिकार है।

केनरा बैंक ने मनाई भीमराव आंबेडकर की 133वीं जयंती

लखनऊ, समृद्धि न्यूज। भारतीय संविधान के जनक बाबा भीमराव अंबेडकर की 133वी जयंती केनरा बैंक ने बड़ी ही धूमधाम से उल्लासपूर्वक मनायी। इस अवसर पर केनरा बैंक एससी एसटी एम्पलाइज और अधिकारी संगठन के द्वारा गोमतीनगर स्थित भीमराव अंबेडकर मैदान के सामने एक भव्य स्टाल लगाया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप मे बैंक के उप-महाप्रबंधक संजय कुमार उपस्थित थे। उन्होंने सभी से बाबा साहेब आंबेडकर के बनाये सिद्धांतों और उनके आदर्शों पर चल कर देश के उत्थान में सभी को अपना योगदान देने पर बल दिया। इस अवसर पर एससी एसटी संगठन के जितेंद्र कुमार, योगेंद्र कुमार, अंकित गौतम, विकास आदि अन्य विभिन्न पदाधिकारी उपस्थित थे।

बाबा साहब ने संघर्षों से प्राप्त की महानता

मुख्यमंत्री योगी ने आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को किया संबोधित

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि दबे, कुचले और वंचित वर्ग के लोग अपने सम्मान की लड़ाई और भावी पीढ़ी को उज्ज्वल भविष्य देने के लिए बाबा साहब डॉ. भीमराव आम्बेडकर का स्मरण कर रहे हैं। बड़े घर में पैदा हो करके बड़ा बनना उपलब्धि हो सकती है लेकिन एक सामान्य परिवार में जन्म लेकर सामाजिक विसंगतियों और कुरीतियों के खिलाफ लड़ते हुए समाज को नई प्रेरणा का केंद्र बिंदु बनाना महानता के शिखर को प्राप्त करने जैसा है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को आम्बेडकर जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर ने संघर्षों, बुद्धिमत्ता और सूझबूझ से महानता को प्राप्त किया था। उन्होंने संविधान शिल्पी के रूप में पूरे भारत को लोकतांत्रिक मूल्यों के साथ दुनिया का सिरमौर बनाने का अद्भुत कार्य किया था। साथ ही न्यायसमता और स्वाधीनता की थीम दे करके पूरे भारतवासियों के मन में उत्साह और

उमंग का भाव संचालित किया था। उनकी ही देन है कि आज लोकतांत्रिक मूल्यों और अधिकारों के साथ देश की 140 करोड़ की जनता एक भारत, श्रेष्ठ भारत के रूप में वर्तमान में कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पूरे देश में बिना भेदभाव के शासन की योजना का लाभ 'सबका साथ-सबका विकास' के भाव के साथ दिया जा रहा है। देश के संविधान में इसे बाबा साहेब द्वारा समतामूलक समाज की स्थापना के संकल्प के रूप में दिया गया था, जिसे भारत सरकार आगे बढ़ा रही है और यह व्यावहारिक धरातल पर नीचे उतरते हुए दिखाई दे रहा है। बाबा साहब के मूल्यों और आदर्शों को आत्मसात करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पूरे देश में गरीब कल्याणकारी योजनाएं का संचालन कर रहे हैं। इसके जरिये हर गरीब और जरूरतमंद को फ्री में मकान, शौचालय, स्वास्थ्य बीमा, गैस कनेक्शन, राशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। हर व्यक्ति को जीवन जीने के लिए बेसिक आवश्यकताओं की पूर्ति जो बाबा साहेब की परिकल्पना थी, उसे मोदी सरकार व्यावहारिक धरातल पर उतारने का कार्य कर रही है। योगी ने कहा कि बाबा साहेब ने वंचित और दलित तबके से शिक्षित बनने की अपील की थी। वह जानते थे कि शिक्षा के जरिये ही अव्यवस्था, असमानता और अराजकता के खिलाफ लड़ाई लड़ी जा सकती है। उन्होंने जीवन पर्यंत भारत की सुरक्षा, संप्रभुता और अखंडता के लिए काम किया। हमें उनके आदर्शों और मूल्यों को आत्मसात करके कार्य करना होगा और विकसित भारत बनाना होगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, महापौर सुषमा खर्कवाल, योगी सरकार के मंत्री असीम अरुण, विधान परिषद सदस्य डॉ. लालजी प्रसाद निर्मल, अंबेडकर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद सरोज आदि मौजूद रहे।

एलयू कुलपति ने बाबा साहब की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

लखनऊ। रविवार को लखनऊ विश्वविद्यालय (एलयू) में भारत रत्न बाबासाहब भीमराव आंबेडकर की जयंती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कुलपति प्रो.आलोक कुमार राय ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित आंबेडकर प्रतिमा पर पुष्प अर्पण करके भाव भीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान कुलपति आलोक कुमार राय ने कहा कि डॉ.आंबेडकर भारतीय इतिहास के ऐसे महान व्यक्ति हैं जिन्होंने सामाजिक अधिकार दिलाने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। बाबा साहब के अतुलनीय योगदान के बदौलत ही भारतीय संविधान दुनिया भर में अमिट छाप छोड़ने में कामयाब रहे। इस अवसर पर प्रति कुलपति प्रो अरविंद अवस्थी, अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो संगीता साहू, कुलानुशासक प्रो.राकेश द्विवेदी, प्रो.विभूति राय, कुलसचिव डॉ.विनोद सिंह, परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी सहित कई स्टूडेंट्स भी मौजूद रहे।

डीएम ने बनाए 25 रन, सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर टीम को 77 रन से हराया

समृद्धि न्यूज

▸ लखनऊ वोटर कप में जिला प्रशासन बना विजेता

लखनऊ। वोटरों को जागरूक करने और लोकसभा चुनाव में मतदान बढ़ाने के लक्ष्य से वोटर कप का आयोजन किया गया। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में रविवार को हुए मैच में डीएम 11 और सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर (एकत्व फाउंडेशन) के बीच में मैच खेला गया। पहले जिला प्रशासन ने बैटिंग की । पांचवे चरण में 20 मई को लखनऊ में वोट डाला जाएगा। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने सभी लोगों से वोट करने की अपील की है।

उन्होंने कहा कि 20 मई को लखनऊ में वोट डाला जाएगा। इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। इसी के तहत सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर के साथ एक मैच कराया गया है। जिले में आचार संहिता का पालन कराया जा रहा है। अनुमति ली जा रही है। शिकायत आने पर कार्रवाई की जा रही है। लोग 20 मई को अधिक संख्या में मतदान करें। जिला प्रशासन की तरफ से जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार और एडीएम वित्त और राजस्व राकेश कुमार सिंह ने पारी की शुरुआत की। टीम ने पहले चार ओवर में 25 रन बनाए। जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने दो चौके की मदद से 25 रन के निजी स्कोर पर रन आउट हुए। इस दौरान टीम का स्कोर 38 रन था। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन बैटिंग करने मैदान में उतरे। राकेश कुमार सिंह 15 रन बनाकर कैच आउट हुए। सात ओवर में टीम ने सात ओवर में दो विकेट पर 52 रन बनाए। एडीएम टीजी राकेश सिंह ने लगातार दो बाल पर दो छक्के और एक चौके लगा कर मैच के डेथ ओवर में कई बाउंड्री लगाई। उन्होंने सबसे अधिक 40 रन बनाए। टीम ने आठ ओवर में 75 रन बनाए। टीम ने 12 ओवर के मैच में कुल 124 रन बनाए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर ने 47 रन बना सका। डीएम 11 ने 77 रन से जीत दर्ज की। सीडीओ अजय जैन तेजी से रन नहीं बना पा रहे थे। इस पर उनकी टीम ने मैच के 10 वें ओवर में उन्हें क्रीज से वापस बुला लिया। रिटायर्ड हर्ट होने के बाद एसडीएम सचिन वर्मा मैदान पर उतरे। वह थोड़ी ही देर क्रीज पर टिक सके। 12वें ओवर की अंतिम गेंद पर वह आउट हो गए।

प्रवर्तन एजेंसी और उड़नदस्ते कर रहे आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन

समृद्धि न्यूज

▸ जब्त की 14635.94 लाख की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं

लखनऊ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में प्रवर्तन एजेन्सियों व उड़नदस्तों द्वारा अवैध शराब, नकदी आदि की जब्ती संबंधी आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन किया जा रहा है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 01 मार्च से 13 अप्रैल तक 14635.94 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं व नगदी आदि जब्त किये गये। इसमें 2465.52 लाख रुपये नकद धनराशि, 3554.04 लाख रुपये कीमत की शराब, 5402.75 लाख रुपये कीमत की ड्रग, 2065.61 लाख रुपये कीमत की बहुमूल्य धातुएं एवं 1148.03 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गयी।आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा 13 अप्रैल को कुल 243.13 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त की गई। इसमें 44.82 लाख रुपये नकद धनराशि, 72.89 लाख रुपये कीमत की 26045.47 लीटर शराब, 40.87 लाख रुपये कीमत की 42999.01 ग्राम ड्रग एवं 84.56 लाख रुपये कीमत की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातुएं जब्त की गयी।

13 अप्रैल को प्रमुख जब्ती में मुरादाबाद की कुन्दरकी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 11.51 लाख रुपये रामपुर की मिलक विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 10 लाख रुपये की नकद धनराशि पकड़ी गयी। बाराबंकी में 14.75 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 295 ग्राम ड्रग तथा जनपद सुलतानपुर की सदर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 14.23 लाख रुपये अनुमानित कीमत की 970 ग्राम ड्रग पकड़ी गयी। लखनऊ की लखनऊ सेन्ट्रल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में 84.56 लाख की 1048 ग्राम बहुमूल्य धातु पकड़ी गयी।

फल की दुकान के गल्ले से नगदी उड़ाने वाला चोर गिरफ्तार, भेजा जेल

लखनऊ। नगराम थाना क्षेत्र के समेसी बाजार में फल की दुकान से पैसे चुराने वाले शातिर चोर को रविवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से दुकान से चुराये पैसे बरामद किये। पुलिस ने शातिर चोर को न्यायालय में पेश किया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया। थाना प्रभारी विवेक कुमार चौधरी ने बताया 11अप्रैल को दुकानदार अर्जुन निवासी समेसी थाना नगराम ने तहरीर देते हुये बताया उसकी समेसी बाजार में फल की दुकान है गल्ले मे रखी 1800 रूपये की नगदी चोर वीरेन्द्र निवासी भवानीखेड़ा मजराघ् समेसी ने चोरी कर लिया है,पीड़ित दुकानदार की तहरीर पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम को आरोपी चोर की गिरफ्तारी के लिये लगाया गया था,रविवार को मुखबिर की सूचना पर दारोगा रजनीश ने पुलिस टीम के साथ भवानीखेड़ा तिराहे से चोर वीरेन्द्र को गिरफ्तार कर उसके पास से फल की दुकान से चुराये 750 रुपये बरामद किये। आरोपी चोर को बरामद रूपयो के साथ न्यायालय में पेश किया गया,जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

बीजेपी बाबा साहेब को दे रही दिखावटी सम्मान

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की प्रमुख मायावती ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर परोक्ष हमला बोलते हुए बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर को दिखावटी सम्मान देने का उस पर रविवार को आरोप लगाया।

यहां जारी एक बयान में मायावती ने किसी दल का नाम लिए बिना कहा कि संकीर्ण चुनावी स्वार्थ के लिए बाबा साहेब का जितना दिखावटी सम्मान, उतना ही ज्यादा उनके अनुयायियों की उपेक्षा और तिरस्कार, जातिवादी पार्टियों और उनकी सरकारों की मुंह में राम, बगल में छूरी की कहावत को चरितार्थ करता है। यह

आज भी जारी है और इस छलावे से सावधान रहने की बहुत जरूरत है।

मिली जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस पर हमला करते हुए मायावती ने कहा कि कांग्रेस का गरीबी हटाओ का नारा सही नीयत एवं नीति के अभाव में केवल चुनावी नारा बनकर पूरी तरह से विफल रहा और अब बहुजनों का यही बुरा हाल भाजपा सरकार में हो रहा है क्योंकि आसमान छूती महंगाई, गरीबी, बेरोजगारी और पिछड़ापन का अभिशाप लोगों के जीवन को बद से बदतर बना रहा है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि इसलिए यह लोकसभा चुनाव वह सही समय है जब देश एवं जनहित में इन जरूरी बातों को ध्यान में रखकर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें ताकि देश में सही संवैधानिक सोच वाली बहुजन हितैषी सरकार बन सके, यही बाबा साहेब को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इससे पूर्व, मायावती ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स पर कहा था कि देश के करोड़ों गरीबों, शोषितों, वंचितों, उपेक्षितों के मसीहा परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर को आज उनकी जयन्ती पर शत-शत् नमन् व अपार श्रद्धा-सुमन अर्पित करती हूं।

बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाओं से उप्र में बारिश की संभावना

लखनऊ/कानपुर। देश में इन दिनों कई प्रकार की मौसमी गतिविधियां सक्रिय हैं और इनमें बंगाल की खाड़ी से आ रही नम हवाएं अहम हैं। यह आर्द्रता भरी हवाएं उत्तर प्रदेश के आसमान में बादल का रुप धारण कर रही हैं। जिससे मेघ गर्जन और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना बढ़ी हुई है। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में धूल भरी आंधी के साथ बारिश के आसार बने हुए हैं। चन्द्रशेखर आजाद कृषि प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने रविवार को बताया कि पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उससे सटे ईरान के पूर्वी हिस्से में समुद्र तल से 3.1 से 12.6 किलोमीटर ऊपर स्थित है। भारतीय निम्न दबाव का क्षेत्र दक्षिण-पश्चिम राजस्थान और आसपास के क्षेत्रों और संबंधित चक्रवाती परिसंचरण पर स्थित है और औसत समुद्र तल से 3.1 किमी ऊपर तक फैला हुआ है। एक पूर्व-पश्चिम ट्रफ रेखा दक्षिण-पश्चिमी राजस्थान पर कम दबाव वाले क्षेत्र से जुड़े चक्रवाती परिसंचरण से लेकर दक्षिण उत्तर प्रदेश और दक्षिण बिहार होते हुए पूर्वी झारखंड तक औसत समुद्र तल से 1.5 किमी ऊपर तक फैली हुई है। कोमोरिन क्षेत्र पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। एक ट्रफ/हवा का विच्छेदन कोमोरिन क्षेत्र पर उपरोक्त चक्रवाती परिसंचरण से लेकर केरल और आंतरिक कर्नाटक से होते हुए कोंकण और गोवा तक फैला हुआ है। असम पर एक चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 38.8 और न्यूनतम तापमान 20.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 57 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 26 प्रतिशत रही।

निरीक्षण | कृषि अनुसंधान व शिक्षा विभाग के सचिव डॉ हिमांशु ने किया एनबीएफजीआर का निरीक्षण, कहा

मछली पालन के लिए किसानों व युवाओं को जागरूक करना जरूरी

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। आईसीएआर के महानिदेशक एवं भारत सरकार के कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग के सचिव डॉ हिमांशु पाठक अचानक पहुँचे लखनऊ और एनबीएफजीआर का निरीक्षण किया। संस्थान के निदेशक डॉ उत्तम कुमार सरकार नव उनका स्वागत करते हुए संस्थान की गतिविधियों एवं अनुसंधान परियोजनाओं की प्रगति से अवगत कराया गया।

उन्होंने संस्थान द्वारा मत्स्य प्रजातियों के अन्वेषण, सूचीकरण, मूल्यांकन और लक्षण वर्णन के माध्यम से देश में मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और प्राकृतिक आवासों में मत्स्य

प्रजातियों के संरक्षण सहित अनुसंधान कार्यक्रमों के विस्तार का जायजा लिया।

डॉ पाठक द्वारा राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कार्यक्रमों के एक विशेष घटक के रूप में मात्स्यिकी को आगे बढ़ाने के लिए मात्स्यिकी वैज्ञानिकों द्वारा अधिकाधिक प्रयत्न करने का आह्वान किया। उन्होंने किसानों एवं युवाओं की आजीविका सुरक्षा हेतु मछली पालन व इससे जुड़े अन्य व्यवसायों की उपयोगिता हेतु सामुदायिक जागरूकता आवश्यक बताते हुए केंद्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना के अंतर्गत देश में मछली उत्पादन बढ़ाने के लिए मत्स्य पालकों व उद्यमियों को दी जा रही अनुदानों की भी जानकारी दी। उनके द्वारा परिसर स्थित गंगा एक्वेरियम में उत्तर प्रदेश की राज्य मछली चिताला का अनावरण कर सेंट्रल एक्वेरियम एवं तालाब में रिलीज किया गया तथा गंगा एक्वेरियम का ट्रेड मार्क, मछलियों के डीएनए बारकोड पर पुस्तक एवं क्रस्टेशियन प्रजातियों पर ऑनलाइन डेटाबेस विमोचित किया गया। इस अवसर पर लखनऊ स्थित आईसीएआर संस्थानों के निदेशकगण डॉ.आर.विश्वनाथन, डॉ.टी.दामोदरन सहित एनबीएफजीआर के समस्त वैज्ञानिक एवं विभिन्न अनुभागों के प्रभारी उपस्थित रहे।

ज्ञानेश कुमार सिंघल ने जीते 4 स्वर्ण

लखनऊ। जिला कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता लखनऊ,14 अप्रैल 2024 (यूएनएस)। ज्ञानेश कुमार सिंघल ने लखनऊ जिला कैडेट, जूनियर, अंडर-21 व सीनियर कराटे प्रतियोगिता में दम दिखाते हुए 4 स्वर्ण पदक जीतकर अपना दबदबा बनाया। चौक स्टेडियम के लालजी टंडन बहुउद्देश्यीय हाल में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के तत्वावधान में आयोजित चौंपियनशिप में भाविनी शर्मा, इशिता वर्मा, जय भारत दुबे व नित्या सिंह ने दोहरे स्वर्ण पदक अपने नाम किए। चौंपियनशिप के समापन समारोह में मुख्य अतिथि कराटे एसोसिएशन ऑफ यूपी के महासचिव जसपाल सिंह ने पुरस्कार वितरित किए। अंत में कराटे एसोसिएशन ऑफ लखनऊ के सचिव कृष्णा अवतार ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

मुख्यमंत्री योगी को अग्निशमन सेवा दिवस पर अग्निशमन अधिकारियों ने लगाया फ्लैग पिन

समृद्धि न्यूज

▸ अग्नि सेवा सप्ताह को लेकर जनजागरण अभियान

लखनऊ। अग्निशमन स्मृति दिवस 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा। प्रदेश में 2023-24 के वित्त वर्ष में 20 करोड़ 68 लाख 40 हजार की कीमत के वाटर बाउजर, वाटर टेंडर, जीप टूइंग व्हीकल, पोर्टेबल पंप जिलों को दिए जाएंगे। इसके साथ ही 20 करोड़, 69 लाख के अन्य उपकरण भी विभिन्न जिलों को वितरित किए जा रहे हैं।

वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रविवार को उनके सरकारी आवास पर अग्निशमन सेवा दिवस के अवसर पर अग्निशमन अधिकारियों ने फ्लैग पिन लगाया। इसके साथ ही डीजी फायर अविनाश चंद्र ने डीजीपी यूपी प्रशांत कुमार की वर्दी पर झंडा लगाया। इस मौके पर डीजीपी ने अग्निशमन कर्मियों को बधाई दी है। 75 जिलों के 361 फायर स्टेशन के क्षेत्र में 33 हजार 47 आग की दुर्घटनाएं हुई हैं। इसमें से 3087 मनुष्यों और 5,168 जानव

मानक विहीन प्राइवेट हॉस्पिटल कर रहे मनमानी, जिम्मेदार बेखबर

- कई घटनाओं के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई, जा चुकी है कई मरीजों की जान
- आखिर कुंभकर्णी नींद से कब जागेगा प्रशासन

कटरा बाजार/ गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

जिम्मेदार प्रशासनिक एवं विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के चलते कर्नलगंज तहसील क्षेत्र के अन्तर्गत कटरा बाजार में संचालित मानक विहीन प्राइवेट हॉस्पिटल जमकर मनमानी कर रहे हैं। यहाँ कई घटनाओं के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है और कई मरीजों की जान जा चुकी है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन और विभागीय अधिकारी बेखबर हैं।

ताजा मामला कटरा बाजार में संचालित ओ.पी. तिवारी हॉस्पिटल से जुड़ा है। पीड़ित कोयले ने बताया की वह अपनी पत्नी का इलाज करवाने सरकारी हॉस्पिटल कटरा बाजार लेकर आए थे,जहां एक कटरा बाजार की आशा जिनका मोबाइल नंबर 7233801899 है मिली उन्होंने मुझसे बताया की चलो हम बाहर अच्छी दवा करवा देते हैं और पूरी जिम्मेदारी हमारी है। कहा कि यह मेरा नंबर है कोई दिक्कत होगी तो तुरंत मुझे फोन करना कहकर मेरे पत्नी को ओ पी तिवारी हॉस्पिटल ले गईं,जहां मेरी पत्नी सीता का इलाज हुआ। पत्नी के पेट में दर्द था जिसकी जांच डायग्नोस्टिक सेंटर में कराई उसकी

रिपोर्ट उपलब्ध है। मेरे पत्नी का एबार्शन कर दिया गया जिस पर डाक्टर ने 22166 रुपए का बिल बनाया तथा 7000 रुपए ब्लड चढ़वाने के नाम पर लिया। जब हमने कहा की हमारे पास इतना पैसा नही है तो डाक्टर ने कहा की जब तक पूरा बिल का भुगतान नहीं करोगे तब तक मरीज नही ले जाने देंगे। तब काफी परेशान होकर हमने डायल 112 को सूचना दिया 112 की पुलिस आने के बाद लोगों ने मुझे धमकाया की अगर सुलह नही करोगे तो तुम्हारा मरीज हमारे पास है फिर मुझसे कुछ मत कहना। उसके बाद डाक्टर तथा 112 के सिपाही व उग्रसेन तिवारी आदि लोगों ने मुझसे जबरदस्ती सुलहनामा लिखवा लिया। हम डर वस सुलह कर लिए की हमारा मरीज डाक्टर के पास है कुछ कर न दें।

जब डाक्टर ओ पी तिवारी का पर्चा लेकर हमने दूसरे डाक्टर को दिखाया तो पता चला की यह दवा 4 से 5 हजार रुपए की है। मुझे डर लगा की डाक्टर ने मुझे दुबारा बुलाया तो कही कोई उल्टा सीधा दवा न कर दे। अब सवाल यह उठता है कि लगातार अवैध हॉस्पिटल की खबर समाचार पत्रों में प्रकाशित हो रही है फिर किसी भी हॉस्पिटल की जांच क्यों नहीं हो रही है तथा जब आशा बहुओं की नियुक्ति मरीज की सहयोग के लिए हुई है की यह मरीज को सरकारी हॉस्पिटल ले कर जाएं तथा समुचित इलाज कराए लेकिन यह प्राइवेट हॉस्पिटल लेकर क्यों जाती हैं,कहीं आर्थिक लाभ के चक्कर में मरीजों के जिंदगी तथा पैसे से खिलवाड़ तो नहीं कर रही है। फिलहाल पीड़ित के बयान से तो यही साबित हो रहा है। बता दें क्षेत्र में संचालित मानक विहीन प्राइवेट हॉस्पिटल जमकर मनमानी कर रहे हैं और कई घटनाओं के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। यही नहीं कई मरीजों की जान भी जा चुकी है।

वहीं जिम्मेदार प्रशासन और विभागीय अधिकारी बेखबर हैं। अब देखना यह है कि आला अधिकारियों की कुंभकर्णी नींद टूटती है या नहीं और यह मरीजों का हो रहा खुलेआम शोषण कब तक चलता रहता है।

विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में पति सहित दो के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

कर्नलगंज/गोण्डा, समृद्धि न्यूज।

कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम कुंवरपुर अमरहा निवासिनी एक महिला ने अपनी पुत्री को प्रताड़ित करने के मामले में उसके पति सहित दो लोगों के विरुद्ध दहेज प्रतिषेध अधिनियम सहित अन्य धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

तहरीर में कहा गया है कि उसने अपनी मूकबधिर पुत्री पार्वती की शादी पवन कुमार के साथ किया था और अपने सामर्थ्य के अनुसार दान उपहार देकर अपनी पुत्री को विदा किया था। उसकी पुत्री पार्वती न तो बोल पाती है और न ही सुन पाती है। जिसे लेकर ससुराल वाले उसे मारपीट कर मानसिक व शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। यही नहीं ससुराल वाले उसका गला दबाकर मारने, मिट्टी का तेल डालकर जलाने व जान से मारकर रेलवे ट्रेक पर शव फेंकने की धमकी दे चुके हैं। मामले में पवन कुमार व श्रवण कुमार निवासी ग्राम कोंचा कासिमपुर थाना कोतवाली कर्नलगंज का नाम शामिल है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही है।

व्यापारियों ने मनाया ईद मिलन समारोह

गोन्डा, समृद्धि न्यूज।

शनिवार को सायंकाल उतरौला रोड स्थित गैलेक्सी रिजार्ट पर उत्तर प्रदेश टेंट, कैटर्स एंड डेकोरेटर्स वेलफेयर एसोसिएशन, संबंध-ऑल इंडिया टेंट डीलर वेलफेयर ऑर्गेनाइजर के नेतृत्व में गोंडा वेडिंग प्लानर द्वारा ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संगठन के प्रदेश अध्यक्ष विजय कनौजिया शामिल हुए।

प्रदेश अध्यक्ष के पहुंचने पर व्यापारियों ने उनका स्वागत सम्मान किया और गले मिलकर ईद मनाई। ईद मिलन की खुशियां जताई। उसके बाद मंच पर पहुंचकर सभी पदाधिकारी ने प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार का बुके देखकर स्वागत किया। उसके बाद प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार ने व्यापारियों को संबोधित किया। संबोधन में ऑल इंडिया द्वारा यूपी में 26 अवार्ड सम्मान दिलाया गया ।यह

अवार्ड सम्मान सिर्फ आप सभी व्यापारियों की ताकत का ही एहसास है। प्रदेश उपाध्यक्ष रॉबिन सिंधी ने कहा व्यापारी चाहे छोटा हो या बड़ा सभी को एक साथ मिलकर रहना चाहिए एक साथ मिलने पर व्यापारियों की ताकत एक और एक मिलकर 11 होती है। सभी व्यापारियों को एकता बनाए रहना चाहिए। कार्यक्रम में मंच का संचालन मंडल अध्यक्ष मनीष तिवारी ने किया। स्वागतम कार्यक्रम प्रभारी रिशु सिंधी ने किया। फिर उसके बाद सभी व्यापारी एक दूसरे से गले मिलकर ईद मिलन समारोह का सम्मान बढ़ाया। सभी ने सेवई के साथ साथ जलपान भी क्रिया। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश सचिव इशांत जायसवाल, प्रदेश मंत्री ओमी ठक्कुर, मंडल सचिव प्रखर तिवारी, नितिन वाधवानी, रवि सैनी, सदन लाल, संगम रावत, आशिक अली, महादेव गुप्ता, रिशु सिंधी, उमेश श्रीवास्तव, शोएब राजा, महेश सिंह , रफीक माली, शाहिद अली, सहित काफी लोग मौजूद रहे।

घर आए प्रभु राम का श्रद्धालुओं ने नाच गाकर किया अभिनंदन

गोण्डा, समृद्धि न्यूज। मंदिर श्रृंगार कुंज ठाकुरद्वारा राम जानकी मंदिर राजा मोहल्ला में विधि विधान के साथ 108 कलश यात्रा एवं गाजे बाजे के साथ लोग नाचते गाते अपने प्रभु राम को उनके पूर्व की स्थान श्रृंगारकुँज राजा मोहल्ला में स्थापित किया गया। मंदिर में पंचमुखी हनुमान एवं श्री चित्रगुप्त भगवान की प्राण प्रतिष्ठा एवं अनुष्ठान करने के लिए अयोध्या से आए विद्वान पुरोहित द्वारा शुरू किया गया। यह अनुष्ठान 3 दिन के पश्चात नवमी को समाप्त होगा। इस कलश यात्रा को सफल बनाने में गायत्री परिवार एवं श्री चित्रगुप्त सभा अखिल भारतीय कायस्थ समाज चित्रांश समाज अरविंद, अश्विनी, पंकज, विवेक, हर्षवर्धन, गगन, प्रमोद, दिनेश, सभासद मनोज, अवध नंदर्न, अलंकार, सभासद शशांक, छोटू, अभय, आलोक, अनिल, के बी सिंह एवं समाज के प्रभुत्व वर्गों का अहम योगदान रहा।

पहली बार किसी के प्रचार के लिए थाने से मांगी गई रिपोर्ट

गोंडा, समृद्धि न्यूज।

जिले में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का एक और मामला दर्ज किया गया है।इस बार आचार संहिता के उल्लंघन में कोई और नहीं बल्कि कैसरगंज के बहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह फंसे हैं।खरगूपुर थाने में कैसरगंज से भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।बिना अनुमति गाड़ियों का काफिला निकालने और जनसंपर्क करने पर उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है।

गौरतलब है कि कैसरगंज सीट से अभी किसी दल ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है।उम्मीदवार को लेकर कयासों का दौर जारी है।उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम चंद्रशेखर ने कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि इससे पहले करनैलगंज

विधानसभा क्षेत्र के एआरओ ने उनके खिलाफ नोटिस जारी की थी।एडीएम ने बताया कि कटरा विधानसभा क्षेत्र के एफएसटी टीम प्रभारी डॉ.नजमुल इस्लाम की ओर से शनिवार को थाना खरगूपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।इसके मुताबिक 12 अप्रैल को करीब 10.30 बजे से कैसरगंज लोकसभा क्षेत्र के सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने थाना खरगूपुर क्षेत्र में कटरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मल्लापुर बाजार,गोपाल बाग, भोलाजोत, गोकरन शिवाला, भटपी, भवनियापुर, देवरिया कला पिपरा भोधर, सुसगंवा, असिधा, लहदोवा, राजाजोत, अनन्तपुर, चौरा भारी, नव्वागांव में करीब पचीस से तीस गाड़ियों के काफिले के साथ जनसंपर्क किया वर्तमान में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जनपद में धारा 144 की निषेधाज्ञा लागू है।

यह आदर्श चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है।इससे पहले बिना अनुमति सभा करने के आरोप में गोंडा से सपा उम्मीदवार श्रेया वर्मा और भाजपा प्रत्याशी कीर्तिवर्धन सिंह के खिलाफ भी आचार संहिता उल्लंघन पर मुकदमा दर्ज कराया था।

तीन दिन पहले जारी हुई बृजभूषण शरण को नोटिस

आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन का एक और मामला सामने आया है।कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह आचार संहिता के उल्लंघन में फंस गए हैं।आचार संहिता उल्लघन मामले में तीन दिन पहले कैसरगंज सांसद बृजभूषण सिंह को एसडीएम कर्नलगंज की ओर से नोटिस जारी किया गया था।पहले से मंजूरी लिए बिना एक दर्जन से अधिक वाहनों का काफिला निकालने तथा धारा 144 का उल्लंघन करने के चलते यह कार्रवाई की गई है।नोटिस भेजकर सांसद से जवाब-तलब किया गया था।सांसद बृजभूषण का जवाब मिलने के बाद उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

तो क्या आरपीएफ-जीआरपी के संरक्षण में बिक रहा रेल नीर की जगह अवैध पानी

- वैंडरों और ठेकेदार की मिलीभगत से चल रहा काम

गोण्डा ,समृद्धि न्यूज । रेलवे स्टेशन पर रेल नीर की जगह दूसरे ब्रांड का पानी खुले आम रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर ट्रेनों में बेचा जा रहा है।दिन हो या रात के उजाले में साफ-सुथरा नजर आने वाले स्टेशन पर अनएप्रूव्ड ब्रांड के पानी की सप्लाई खुले आम अधिकारियों के नाक के नीचे बिकता रहता है।चाहे दिन हो या रात को आने वाली ट्रेनों में सप्लाई किया जा रहा है।ऐसी ही एक पानी की खेप की खेप आने वाली ट्रेनों में चढ़ाया भी जाता है।और जिम्मेदार देखकर भी अनजान बन जाते हैं।गोंडा रेलवे स्टेशन की व्यवस्थाओं को वाणिज्य विभाग के अधिकारियों को सुधारने के बजाय उसे बिगाड़ने में ही लगे रहते हैं।वही रेलवे के कुछ अधिकारी लगातार कार्य कर रहे हैं कि ताकि यात्रियों को समुचित सुविधाएं मिल सके।इसके बावजूद कुछ जिम्मेदार अधिकारी और मुनाफाखोर व्यक्ति रेलवे के नियमों की अनदेखी करने से बाज नहीं आते।ऐसे में अगर आपको सच्चाई देखना है तो आप ट्रेन आने के समय पर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म पर चलिए फिर आपको यहाँ पर अवैध बेंडरो का एक झुंड आपको रेलवे स्टेशन पर देखने को मिलेगा जहां ट्रेन में पानी की खेप चढ़ाने से लेकर फुटकर बेचते हुए नजर आएंगे।

रेल नीर की है परमिशन

रेल यात्रियों को साफ व स्वच्छ पानी उपलब्ध करवाने के मकसद से लखनऊ मंडल के सभी रेलवे स्टेशनों पर रेल नीर की सप्लाई शुरू की गई है ताकि उचित रेट पर यात्री पानी खरीद सकें लेकिन मुनाफे के चक्कर में अवैध सप्लायर खाने-पीने के सामान के साथ ही अनएप्रूव्ड ब्रांड पानी बेचने से बाज नहीं आ रहे है।

गोण्डा रेलवे स्टेशन पर कार्यरत ठेकेदार और वैंडर अवैध बेंडरो को अपने यहां भारी संख्या में इकट्ठा कर रखा गया है। और फिर ट्रेन के आते ही वह सक्रिय हो जाते हैं। और फिर उनसे खाने से लेकर अनएप्रूव्ड ब्रांड पानी बेचवाते हैं।यह ब्रांड रेलवे स्टेशन के स्टॉल पर न बेचकर ट्रेनों में बेचा जा रहा है।दूसरे ब्रांड के पानी को महंगा बताकर 20 रुपए प्रति बोतल के हिसाब से वसूली हो रही है। और जिम्मेदारों के जानकारी के बावजूद खामोश बनकर बैठे रहते हैं।वही अवैध बेंडर और अनएप्रूव्ड पानी की बेचने वालों की हकीकत जानने के लिए दैनिक समृद्धि न्यूज़ के संवाददाता ने प्लेटफार्म पर पहुंचकर देखा तो कई प्रकार के वेंडर खाना और पानी बेच रहे थे।किसी के हाथ में रेल नीर था तो किसी के हाथ में अनएप्रूव्ड पानी लेकिन किसी भी वेंडर के पास रेलवे स्टेशन पर बेचने के लिए अधिकृत पास नहीं था।अधिकतर बेंडर अवैध तरीके से रेलवे स्टेशन पर लगे स्टालों के माध्यम से खाना और अनएप्रूव्ड पानी अवैध तरीके से बेच रहे थे।कई अवैध बेंडरो से इसकी जानकारी ली गई तो एक वेंडर ने बताया कि चंद्रमौली मिश्रा ठेकेदार का स्टाल जो बच्चा जयसवाल चला रहे हैं। हम उन्हीं के यहां के हैं।इसके बाद दूसरे व्यक्ति से पूछने पर पता चला कि हम अजय के स्टॉल से हैं और अजय हमें अनएप्रूव्ड पानी यहां रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने पर बेचवा रहे हैं।ऐसे ही कई अवैध बेंडरो ने अजय का नाम बताया फिर एक व्यक्ति और फिर उससे पूछा गया कि किसके स्टॉल से हो तो उसने बताया हम इसराइल ठेकेदार के यहां के बेंडर हैं।ऐसे ही करीब गोंडा रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के आने के समय करीब सैकड़ो अवैध वेंडर आपको घूमते हुए नजर दिखाई देंगे।वही आरपीएफ कमांडेंट लखनऊ से दूरभाष पर अवैध वेंडर के बारे में जानकारी ली गई तो उन्होंने बताया कि गोंडा में लगभग दो सौ कि संख्या में अधिकृत वेंडर है।और 100 वेंडर ऐसे हैं जो ट्रेनों में 50 चढ़ते और 50 उतरते हैं।वहीं अवैध वेंडर के बारे में गोंडा आरपीएफ पोस्ट कमांडर नरेंद्र पाल सिंह से ली गई तो उन्होंने बताया कि पता करवाते है अनाधिकृत बेंडर होंगे तो चालान होगा।

बहन की फावड़े से काटकर हत्या

भाई का फंदे से लटकता मिला शव, इलाके में सनसनी

- भाई-बहन की एक साथ मौत से गांव में हड़कंप, एसपी ने घटनास्थल का लिया जायजा

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

जनपद के थैलिया ग्राम पंचायत के बदुवापुर निवासी 15 वर्ष से किशोरी की घर में फावड़ा से काटकर हत्या कर दी गई। कुछ दूरी पर ही बाबुल के पेड़ से उसके भाई का शव फंदे से लटकता मिला।

घटना के जानकारी होते ही गांव में हड़कंप मच गया। घटना का पुलिस अधीक्षक ने निरीक्षण किया

है।खैरीघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत थैलिया के मजरा बदुवापुर निवासी श्यामा देवी (15) पुत्री रामपाल की शनिवार रात को फावड़ा से काटकर उसके घर में ही हत्या कर दी गई। जबकि श्यामा देवी के भाई का शव घर से कुछ दूरी पर स्थित बबूल के पेड़ में फंदे से लटकता मिला। इसकी जानकारी पुलिस को 10.20 बजे मिली। दो मौत से गांव में हड़कंप मच गया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पुलिस अधीक्षक को घटना की जानकारी दी।

रात 11 बजे पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिल कुमार सिंह के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चौकीदार के बेटे की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का केस दर्ज किया गया है। भाई बहन के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

उन्होंने बताया कि पिता की मौत हो चुकी है। प्रथम दृष्टया आपसी विवाद में बहन की हत्या के बाद भाई द्वारा आत्महत्या का मामला प्रकाश में आ रहा है। लेकिन जांच के बाद भी कुछ स्पष्ट हो सकेगा।

मां और भाई घर से फरार

प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मुंशीलाल और श्यामा देवी की मौत के बाद घर पूरी तरह से खाली हो गया है। उन्होंने बताया कि मुंशीलाल का बड़ा भाई-भाभी और मां घटना के बाद से ही घर से फरार है, पूछताछ के लिए उनकी भी तलाश की जा रही है।

विधायक ने किया आरनॉब मेडिसिटी अस्पताल का शुभारंभ

- अस्पताल के खुलने से लोगों में खुशी की लहर

विशेश्वरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज। विशेश्वरगंज यादव होटल के सामने स्थित आरनॉब मेडिसिटी अस्पताल का भव्य उद्घाटन रविवार को पयागपुर विधायक सुभाष त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। विशेश्वरगंज क्षेत्र का यह एक मात्र पहला व्यक्तिगत अस्पताल होगा जहां मरीजों को हड्डी व स्त्री एवं प्रसूति का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सुगमता से हो सकेगा।क्षेत्र में इस अस्पताल के खुलने से लोगों में खुशी की लहर है। इस अवसर पर बबलू त्रिपाठी,सक्षम त्रिपाठी,कपीश सिंह,छोटू त्रिपाठी,संतोष तिवारी,सौरभ मिश्र सहित अधिकाधिक संख्या में क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

भारत विकास परिषद के अध्यक्ष अशोक गुप्ता सचिव सत्येंद्र निगम निर्वाचित

- प्रखर मित्तल को चुना गया कोषाध्यक्ष

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

शहर के कपड़ा कमेटी अतिथि भवन में भारत विकास परिषद बहराइच शाखा द्वारा साधारण सभा की बैठक का अयोजन किया गया। बैठक में वर्ष 2023 - 24 के सम्मानित कार्यकारिणी द्वारा किये गए उत्कृष्ट सेवा एवं संस्कार के कार्यों की सम्पूर्ण सदन ने करतल ध्वनि से सराहना किया। कार्यकारिणी की बैठक में वर्ष 2024 - 25 के लिए नये दायित्वधारियों का चुनाव प्रभारी राकेश रस्तोगी के निर्देशन में किया

गया जिसमे सर्व सम्मति से बहराइच शाखा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार गुप्ता, सचिव सत्येंद्र निगम एवं कोषाध्यक्ष प्रखर मित्तल को चुन लिया गया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों का उपस्थिति सभी सदस्यों ने अपनी सहर्ष स्वीकृति प्रदान करतें हुऐ करतल ध्वनि से स्वागत किया।

सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने नव निर्वाचित सभी पदाधिकारियों से आशा ही नही पूर्ण विश्वास व्यक्त किया कि नव निर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा नई ऊर्जा के साथ सभी के सहयोग से समाज में सेवा एवं संस्कार के कार्यों को करते हुऐ भारत विकास परिषद का नाम निरन्तर उच्च शिखर तक पहुंचाएंगे उपस्थिति सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित दायित्वधारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं व्यक्त किया।

ग्राम प्रधान समेत दो मकान से लाखों की चोरी

बहराइच, समृद्धि न्यूज। हुजूरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत महोली के ग्राम प्रधान विजयभान मिश्रा पुत्र राम अचल मिश्रा है। ग्राम प्रधान शनिवार रात को परिवार के साथ सो रहे थे देर रात को चोर जिंगले की ग्रिल निकालकर घर में प्रवेश कर गए। इसके बाद चोरों ने अलमारी खोलकर सोने चांदी के जेवरात और 40 हजार रूपये नगदी समेत ढाई लाख से अधिक की चोरी की। इसके बाद चोरों ने पड़ोसी यादव के मकान में चोरी की। सुबह ग्राम प्रधान के यहां चोरी के समाचार को लेकर लोगों के यहां भीड़ एकत्रित हो गई।

सीओ रूपेंद्र गौड़ पुलिस टीम के साथ पहुंचे। सीओ ने मौके की जांच कर केस दर्ज करने और चोरी का खुलासा करने का निर्देश हुजूरपुर पुलिस को दिया है।

डीजे पर डांस को लेकर मारपीट, चार घायल

- घराती और बारातियों में कहासुनी के बाद हुई मारपीट

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

दरगाह थाना क्षेत्र में फखरपुर से आई बरात में डीजे पर मन पसंद गाना बजाने और डांस को लेकर विवाद हो गया।

विवाद के बाद घराती और बारातियों में मारपीट हो गई। जिसमें चार बाराती घायल हो गए।

बारातियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।फखरपुर थाना क्षेत्र ग्राम खालिदपुर गांव से दरगाह थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत नई बस्ती मीरपुर कस्बा आई थी। शनिवार रात को 11 बजे बारात में डीजे बजने लगे। डीजे पर मनपसंद गाना बजाने

को लेकर घराती और बारातियों में कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में बराती महेश (16) पुत्र कैलाश, विदेशी (15) पुत्र राजू, विजय (16) पुत्र सकटू और लव कुमार (22) पुत्र परशु राम घायल हो गए। सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इलाज चल रहा है। बारात में मारपीट को लेकर शादी कार्यक्रम भी कुछ देर रुक गया। लोगों में अफरा तफरी का माहौल रहा।

लोकसभा चुनाव में भाजपा के मंसूबे कामयाब नही होने दूंगा : यासर शाह

- अंबेडकर जयंती पर सपा कार्यालय में गोष्ठी आयोजित

बहराइच, समृद्धि न्यूज।

समाजिक न्याय के पुरोधा, भारतीय संविधान के निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डा भीमराव अम्बेडकर की 133वी जयंती गोष्ठी का आयोजन कर गरिमा पूर्ण तरीके से मनाई गयी। गोष्ठी की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव व संचालन वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष जफ़र उल्ला खा बंटी ने किया।

गोष्ठी मे सुप्रसिद्ध विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनेता और समाज सुधारक डा अम्बेडकर के राष्ट्र के

प्रति उनकी सेवाओं तथा संविधान निर्माण के समय किये गये संकल्पों पर चर्चा करते हुए उनके चित्र पर माल्यार्पण कर पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह सहित समस्त पार्टी कार्यकर्ताओं ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए पूर्व कैबिनेट मंत्री यासर शाह ने कहा कि आज भाजपा आपके जीने का हक छीनना चाहती है, आपके सांस लेने पर भी टैक्स लगा देगी, आज जरूरत है बाबा साहब के संविधान की रक्षा की ,देश के लोकतंत्र को बचाने की तो मै यह सौगंध लेता हूं कि लोकसभा बहराइच मे भाजपा के मंसूबे कामयाब नही होने दूँगा। अखिलेश यादव हम सबकी उम्मीद है और रमेश गौतम को बहराइच लोकसभा जिताकर बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करने का काम हम समाजवादी लोग करेंगे। जिलाध्यक्ष रामहर्ष यादव ने कहा कि बाबा साहब की जयंती आज एक आंदोलन के रूप मे पूरे जिले मे मनाया जा रहा है। दलित, शोषित, वंचित समाज के लोगो को लगने लगा कि बाबा साहब के संविधान को भाजपा से खतरा बढ़ रहा है। भाजपा अगर दोबारा सत्ता मे आयी तो वह संविधान को मिटा देगी और मनुवाद लागू कर देगी। इस लिए देश का पिछड़ा, दलित- शोषित समाज आगामी लोकसभा चुनाव मे भाजपा से किनारा कर रहा है। पिछड़ा वर्ग, दलित वर्ग, वँचित वर्ग अखिलेश की तरफ आशा भारी निगाहों से देख रहा है कि केवल एक नेता है जो भाजपा को धूल चटाने का काम करेगा और सबको सम्मान, हक व अधिकार दिलाएगा। इस गोष्ठी मे जिला महासचिव सुनील निषाद, देवेश चंद्र मिश्रा, पेशकार राव, महेन्द्र स्वरूप पासवान, संत कुमार पासी, मनु देवी, सुमन शर्मा, रेखा राव, गौरव यादव, दीपक चौरसिया, शैलेश सिंह शैलू, रविन्द्र मौर्या, हर्षित त्रिपाठी, डा गौसूल आजम, लक्ष्मी नारायण निषाद सहित अधिक संख्या मे पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

बहराइच नाइट राइडर्स ने जीता लीग का फाइनल मुकाबला

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

वेदवान फाइनेंस एवं केडीसी एकेडमी द्वारा आयोजित वेदवान (जूनियर) प्रीमियर लीग टूर्नामेंट का आयोजन किसान डिग्री कालेज के मैदान पर किया गया। जिसमें 5 टीमों में -14 के खिलाड़ियों ने ही प्रतिभाग किया। टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला बहराइच नाइट राइडर्स एवं बहराइच हिटर्स के बीच खेला गया। जिसमे टॉस जीतकर हिटर्स के कप्तान प्रीत वेदवान ने पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। नाइट राइडर्स के विकेट नियमित अंतराल पर गिरते रहे लेकिन अंश शुक्ला ने एक छोर से बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 66 गेंदों में नाबाद 71 रनों की शानदार पारी खेली। नाइट राइडर्स ने निर्धारित 20 ओवरों में 7 विकेट के नुकसान पर 155 रनों का स्कोर खड़ा किया। हिटर्स की तरफ से अर्पित ने

अंश शुक्ला को चुना गया मैन आफ द मैच

03, नैतिक ने 02 एवं प्रीत ने 01 विकेट लिया। 155 रनों के स्कोर का पीछा करते हुए हिटर्स के बल्लेबाज कुछ खास नहीं कर सके और पूरी टीम 18 ओवरों में मात्र 111 रनों पर आल आउट हो गई। अर्पित ने 24 एवं रुद्रांश पाण्डे ने 20 रनों का योगदान दिया। नाइट राइडर्स की तरफ से मयंक यादव एवं अमित यादव ने 3-3,विकेट व अजय,अंश एवं राज को 1-1 विकेट मिला। नाइट राइडर्स ने 44 रनों से यह मुकाबला जीत लिया। मैन आफ द मैच अंश शुक्ला को चुना गया। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर अर्पित मिश्रा को मैन ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब दिया गया। अंपायरिंग की भूमिका प्रदीप गुप्ता एवं शोभित सिंह ने अदा की एवं स्कोरर गोविन्द चौहान रहे। डीसीए बहराइच के अध्यक्ष अमित ठाकुर एवं वेदवान फाइनेंस के ऑनर हरेंद्र वेदवान के द्वारा सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर मोहित अग्रवाल, आयुश चित्रांश, विनोद यादव, अरविन्द पाल , चन्द्रेश पाण्डेय एवं अन्य खेलप्रेमी मौजूद रहे।

बाबा साहब की जयंती के उपलक्ष्य में सामूहिक विवाह समारोह आयोजित

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

डॉ अंबेडकर सेवा समिति लालगंज, रायबरेली द्वारा बाबा साहेब की 133वीं जयंती के उपलक्ष्य में गत वर्षों की भाँति इस वर्ष बजी सामूहिक शादी समारोह सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिनेश प्रताप सिंह , राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार (उत्तर प्रदेश सरकार) तथा विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत लालगंज की अध्यक्ष सरिता गुप्ता की अध्यक्षता में 11 कन्याओं का सामूहिक विवाह बौद्ध धम्म के रीति रिवाज के अनुसार संपन्न हुआ। वर-वधू को दैनिक प्रयोग में आने वाली सामग्री उपहार स्वरूप भेंट की गई।

इस अवसर पर राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए नव विवाहितों को आशीर्वाद प्रदान किया और कहा कि आज का दिन दुनियां का सबसे पवित्र दिन है। आज के दिन जिन दंपत्तियों ने वैवाहिक जीवन की शुरुवात की है वह सभी आगे चलकर सुखमय जीवन व्यतीत करें।

लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर टी. पी. राही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बाबा साहब की 22 प्रतिज्ञाओं का अनुसरण करने की अपील किया और उन प्रतिज्ञाओं के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा आज बदलाव की बयार चल उठी है। यह बयार रुकनी नहीं चाहिए। यह हमारे युवाओं की जिम्मेदारी है। राष्ट्रपति पुरस्कृत प्रवक्ता दया शंकर ने कहा बाबा साहब के बताए हुए मार्ग का अनुसरण करते हुए हम यहां तक पहुंचे हैं। यह कहना बिल्कुल अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमने तब में और अब में हमने प्रगति नहीं की है।

जंगलों से उठकर गांव, गांव से चलकर शहर,शहर से चलकर महानगर, गुरुकुल से चलकर पाठशाला, पाठशाला से चलकर स्कूल, स्कूल से चलकर कालेज, कालेज से चलकर विश्वविद्यालय तक का सफर तय कर रहे हैं। यह सिर्फ और सिर्फ बाबा साहेब की देन है। हमें यह समझना होगा। प्रोफेसर एस. कुरील ने कहा कि दुनियां का सबसे बड़ा संविधान निर्माता डा. भीम राव अम्बेडकर का जन्म भारत में हुआ यह हम भारत वासियों के लिए उतना ही गौरवपूर्व है जितना कि घनघोर अंधेरे में एक तीव्रता से प्रज्ज्वलित दीपक जल उठा हो। आयोजन समिति के सलाहकार एवं सफल संचालक प्रोफेसर अशोक कुमार ने मंच की ओर सभी का ध्यान पूरी तरह से आकृष्ट रखा। डॉक्टर अंबेडकर सेवा समिति लालगंज के अध्यक्ष संतराज आजाद ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। अंबेडकर सेवा समिति की महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती नंदिनी ने सभी 11 कन्याओं उपहार भेंट किया इस अवसर पर समिति के सम्मानित संरक्षक दिनेश प्रताप सिंह, एस.के. भारती,राज गब्बर महामंत्री सुरेश कुमार, प्रचार मंत्री रेणु कुमार, कोषाध्यक्ष सुशील कुमार गुप्ता, राजकुमार तिवारी अंकित वर्मा, निर्मला प्रेमवती, सत्य प्रकाश हिमांशु आदि ने व्यवस्था को बड़ी जिम्मेदारी से निर्वहन किया तथा डा0 संतोष विश्वकर्मा सहित जनपदवासी उपस्थित रहें।

भाजपाइयों द्वारा हर्षोल्लास के साथ मनाई गई अंबेडकर जयंती

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाई गई भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। ऊंचाहार विधायक मनोज पांडे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उन्हें गरीबों का मसीहा व दलित पिछड़े वर्ग को सम्मान दिलाने के लिए हमेशा याद किया जाता रहेगा । श्री पांडेय ने कहा बाबा साहेब ने शिक्षा पर विशेष बल दिया था। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष विवेक पांडे विद्यासागर अवस्थी उज्जवल अवस्थी शिव शंकर शुक्ला मनोज त्रिवेदी राम अभिलाष लोधी सभासद विनीत वैश्य मौजूद रहे।

डॉ. भीमराव अंबेडकर को किया नमन

डलमऊ रायबरेली। रविवार को डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती अंबेडकर पार्क डलमऊ में नगर पंचायत अध्यक्ष की अगुवाई में अंबेडकर जी की मूर्ति पर मल्यार्पण कर उनकी जयंती मनाई गई उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू जिले में जन्मे अंबेडकर की जयंती एक पर्व के रूप में मनाई जाती है वह अपने समय के सबसे ज्यादा पढ़े-लिखे राजनेता थे जिनके पास 32 डिग्री और नव भाषाओं का ज्ञान था उन्होंने संविधान निर्माण में अतुल्य भूमिका निभाई उन्होंने हमें शिक्षित बनो संगठित रहो और संघर्ष करो का अमूल्य संदेश दिया आज का दिन प्रेरणा दिवस के रूप में भी मनाया जाता है सामाजिक समरसता के जननायक, एवं कर्तव्यनिष्ठा की प्रतिमूर्ति, महान समाज सुधारक भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी की जयंती पर उन्हें कोटि कोटि नमन किया गया इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित बृजेश दत्त गौड़, विक्रम सोनकर, सभासद जितेंद्र सोनकर,रामगोपाल वैश्य, महेंद्र पटेल,अंकल दीक्षित, दिनेश त्रिपाठी,ओम नारायण होंडा, शुभम गौड़, सतीश जायसवाल, आशीष श्रीवास्तव, एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

मतदाता जागरूकता के लिए हुआ क्रिकेट मैच का आयोजन

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में जिला प्रशासनिक 11 की टीम और बिरला सीमेंट कोऑपरेटिव के बीच एक फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी/जिलानिर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल के साथ सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करने के उपरांत सिक्का उछाल कर मैच की शुरुआत की। टॉस जिला प्रशासनिक 11 ने जीता। जिन्होंने पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय किया। बेल्लेबाजी करते हुए उन्होने 16 ओवरों में 6 विकेट पर 132 रन बनाए। प्रशासनिक टीम के लिए ईओ नगर पालिका स्वर्ण सिंह ने सर्वाधिक 56 रन बनाए। दूसरी तरफ बिरला सीमेंट कॉर्पोरेशन ने टारगेट का पीछा करते हुए 15 ओवरों में 5 विकेट पर 136 रन बना कर मैच जीत लिया। बिरला सीमेंट कॉर्पोरेशन की ओर से सर्वाधिक 47 रन उपेंद्र पटेल ने बनाए। जिला प्रशासनिक 11 टीम के कप्तान उप जिला निर्वाचन अधिकारी पर प्रफुल्ल त्रिपाठी और बिरला सीमेंट कॉरपोरेशन टीम के कप्तान साहेब यादव थे। जिला निर्वाचन अधिकारी हर्षिता माथुर ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि इस मैच का उद्देश्य लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए प्रेरित करना है। जिससे लोकसभा चुनाव में जनपद का मतदान प्रतिशत बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ भी दिलाई। साथ ही सिगनेचर कैंपेन चलाकर लोगों को जागरूक भी किया।

इस अवसर नगर मजिस्ट्रेट बाबू राम,जिला क्रीड़ा अधिकारी धीरेंद्र पुरुषोत्तम, व्यापार मंडल के सदस्यों के अतिरिक्त सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

नवरात्रि पर एमडी ने किया कन्या भोज का आयोजन

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। नवरात्रि के पावन अवसर पर हुआ कन्या भोज का आयोजन एवं सैकड़ो की संख्या में लोगों ने ग्रहण किया प्रसाद । बीजेपी के प्रांतीय परिषद सदस्य एवं पूर्व प्रत्याशी बछरावां विधानसभा डॉक्टर मातादीन पासी द्वारा कोड़री मजरे मोन गांव में विशाल कन्या भोज का आयोजन किया गया जिसमें 500 से अधिक कन्याओं ने माता का प्रसाद ग्रहण किया वहीं सैकड़ो की संख्या में माता रानी के भक्तों ने भी मां का प्रसाद ग्रहण किया इस मौके पर द्वारिका सिंह राम सुमिरन यादव दिनेश कुमार मौर्या राम प्रकाश मौर्य राजकुमार सिंह बृजेश पासी सहित अन्य लोग मौजूद रहे ।

थ्रेसर की चपेट में आई नाबालिक, घायल

बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज। थाना क्षेत्र के देवपुरी गांव की रहने वाली उषा उम्र 12 वर्ष पुत्री रामविलास थ्रेसर की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गईद्य पारिवारी जनों के द्वारा घायल अवस्था उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां लाया गया, जहां चिकित्सकों के द्वारा उसका प्राथमिक उपचार किया गया।

मारपीट में चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। रास्ते के पानी को लेकर हुए विवाद में महिला की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सेनपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला की रहने वाली रेनू पत्नी राम प्यारी ने कोतवाली पुलिस को रास्ते के पानी को लेकर हुए विवाद में बताया कि मेरे साथ मारपीट की गई तथा विपक्षियों द्वारा बचाने आए भाई रंजीत के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की गई तथा जान से मारने की धमकी दी गई। महिला की तहरीर पर में पुलिस ने रवि पुत्र रामचंद्र तारा पुत्र बृजलाल दीपक पुत्र अज्ञात मनीषा पुत्र बृजलाल निवासी ग्राम सेनपुर मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

आर एस स्कूल में इंग्लिश स्पीच प्रतियोगिता आयोजित

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ क्षेत्र के संडीला मार्ग स्थित आर एस पब्लिक स्कूल में रविवार को इंग्लिश स्पीच कॉम्पिटिशन का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रबंधक ने कहा कि प्रतियोगिता का प्रमुख उद्देश्य बच्चों में तर्क शक्ति विकसित करना है। सर्वप्रथम विद्यालय के प्रबंधक रिजवान अहमद ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। तत्पश्चात कॉम्पिटिशन में विभिन्न ग्रुप्स के बच्चों ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने माई स्कूल माई प्राइड विषय पर अपने विचार व्यक्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर प्रबंधक श्री अहमद ने कहा कि बच्चों में तर्क शक्ति और वक्तव्य की क्षमता विकसित करने हेतु समय-समय पर ऐसे आयोजन अति आवश्यक हैं। इसके अलावा बच्चों में विषय प्रस्तुतीकरण के प्रति आत्मविश्वास बढ़ता है। कार्यक्रम के समापन पर प्रबंधक श्री अहमद ने सीनियर विंग से रोनित कटियार, प्रतीक पटेल, अन्वी गुप्ता, अंशिका, माही पटेल, अस्मित कटियार, अक्षरा गुप्ता, पलक, शगुन, वेदांगी, कशिश, यशी पटेल, अमन, उत्तम तथा जूनियर विंग से प्रज्ञा शर्मा, शैली आजाद, आयुष, चैतन्या, प्रतीक, श्रीति पटेल, जकी, अनुप्रिया, एलिजा नाज एवं प्राइमरी विंग से अथर्वा पटेल, आराध्या, अवि पटेल, इलमा, अदिति, शिवि पटेल आदि छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। प्रतियोगिता का संचालन विद्यालय की शिक्षिका शुभी पांडेय ने किया। आयोजन में विद्यालय के प्रधानाचार्य संतोष कुमार, उप प्रधानाचार्य अंजू बाजपेई, रुचि पांडेय, शिखा एवं कॉर्डिनेटर आमिर सहित सभी शिक्षणेत्तर कर्मचारी मौजूद रहे।

विशाल मेला आज

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। बांगरमऊ क्षेत्र के ग्राम चहलहा स्थित मां मलेहटी देवी मंदिर प्रांगण में सोमवार को परंपरागत विशाल मेले का आयोजन किया जाएगा। सायंकाल यज्ञ हवन व पूजन के बाद रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम धनुष भंग का भी आयोजन किया गया है। मेला समिति संरक्षक देवेंद्र प्रताप सिंह ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालु भक्तों से यज्ञ और सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की है।

अग्निशमन सेवा दिवस व अग्निशमन सुरक्षा सप्ताह की हुई शुरुआत

रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली में पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने अग्निशमन सेवा दिवस व अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के लिए सिविल लाइन स्थित फायर स्टेशन से लगभग एक दर्जन से अधिक अग्निशमन वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, यह अग्नि शमन वाहन जनपद के विभिन्न क्षेत्रों व कस्बों में जाकर लोगों को जागरूक करेगी कि अगर किसी के यहां आग लगती है तो उससे तत्काल बचाव कैसे किया जाए, रायबरेली में अग्निशमन सेवा दिवस व अग्नि सुरक्षा सप्ताह 14 से 20 अप्रैल तक मनाया जाएगा।

आरेडिका में रक्तदान शिविर का आयोजन

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना चिकित्सालय में आरेडिका,एम्स रायबरेली एवं कर्मचारी संगठन एआईआरएफ (आरसीएफएमयू) के सामूहिक प्रयास से दिनांक 14 अप्रैल 2024 को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। प्रति वर्ष रेल कोच फैक्ट्री मेंस यूनियन रायबरेली के भूतपूर्व कार्यवाहक महामंत्री स्वर्गीय ऋतुराज शुक्ला के स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष लगभग 35 रक्तदाताओं ने रक्तदान दिया।

महाप्रबंधक श्री पी के मिश्रा, पीसीएमओ श्रीमती आभा जैन एवं जोनल सचिव ऑल इंडिया रेलवे मेन्स फेडरेशन श्री एल एन पाठक, प्रमुख वित्त सललाहकार श्री हमींम

अहमद, प्रमुख मुख्य सुरक्षा अधिकारी रमेश चंद्र ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया।

महाप्रबंधक श्री मिश्रा ने कहा कि रक्तदान करना एक नेक कार्य है, इससे किसी को जीवन मिलेगा, जो लोग स्वस्थ हैं उन्हें समय समय पर रकदान करना चाहिए।

इस अवसर पर रक्तदान संग्रह हेतु एम्स रायबरेली की टीम उपलब्ध रही।

ब्लड डोनेट करने वाले में जनसंपर्क अधिकारी अनिल श्रीवास्तव, कार्य प्रभन्धक एच सी पांडेय, रंजीत सिंह, मेघना, मोहित तिवारी, अजय सिंह, कृष्ण पाल, सीपी सिंह आदि थे। साथ ही व्हील फैक्ट्री के भी कई सदस्य आकर ब्लड डोनेट किए।

रेलकोच फैक्ट्री मेंस यूनियन के संगठन मंत्री रोहित मिश्रा, सहायक महामंत्री अभिनंदन सिंह,अमृत लाल मीणा, शालनी मिश्रा, धनंजयकुमार, को-आपरेटिव बैंक डेलिगेट अमित राज यादव राजू सिंह, अनिल यादव, अनुपम मिश्रा, विकल्प पाण्डे,रंजित यादव और भी कई सदस्यों ने शामिल होकर तथा आरेडिका चिकित्सालय के पैरामेडिकल स्टाफ ने सहयोग प्रदान किए।

अन्य सभी कर्मचारी संगठन तथा एसोसिएशन के सदस्यों ने इस रक्तदान शिविर में शामिल होकर अपना योगदान दिया।

एक बाइक ने दूसरे बाइक सवार को मारी टक्कर, मौत

सलोन रायबरेली, समृद्धि न्यूज।

तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने दूसरे बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दिया।जिससे दूसरे बाइक सवार अधेड़ की इलाज के दौरान मौत हो गई।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में रोना पिटना मच गया।

सलोन कोतवाली क्षेत्र के पुलिस चौकी सूची अंतर्गत पूरे कामता मजरे सूची निवासी ओम प्रकाश सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष सूची बाजार से सब्जी लेकर अपने घर जा रहे थे। जैसे ही गौवा चौराहा के पास पहुंचे।

इसी दौरान तेज रफ्तार में आ रहे दूसरा बाइक सवार अजय कुमार उम्र लगभग 30 वर्ष निवासी बैरीहार जगतपुर ने सामने से जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए।सूचना पर सूची चौकी इंचार्ज बृजेंद्र सिंह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे।तत्काल एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सलोन पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

वही डॉक्टरों ने ओमप्रकाश सिंह की हालत ज्यादा गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।जहां इलाज की दौरान ओमप्रकाश की मौत हो गई।मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

सड़क हादसे में एक की मौत, दो घायल

बछरावां रायबरेली। हरचंदपुर थाना क्षेत्र के गादियान खेड़ा का रहने वाला अवधेश सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र जयकरन अपने साथी मुकेश सिंह उम्र 22 वर्ष पुत्र परशुराम सिंह व एक अन्य साथी के साथ मोटरसाइकिल से फतेहपुर से वापस आ रहा थे। यह तीनों जैसे ही नंदाखेड़ा गांव के पास पहुंचे तभी रात 3:00 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने इन्हें रौंद दिया। इस हादसे में अवधेश सिंह की घटनास्थल पर मौत हो गई, जबकि मुकेश व अन्य एक साथी को गंभीरावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावा लाया गया। प्रभारी चिकित्सक प्रियेस कांत ने अवधेश सिंह को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य दो घायलों को नाजुक हालत होने के कारण जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया हैद्य इस बारे में थानाध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वाहन और चालक की तलाश की जा रही है। मामले की तहरीर मिलने पर विधिक कार्यवाही की जाएगी।

बछरावां उपकेंद्र पर प्रारंभ हुआ ट्रांसफार्मर बदलने का कार्य

बछरावां संवाददाता, समृद्धि न्यूज।

बछरावां विद्युत केंद्र पर बीते कई दिनों से 5 एम वी एस के भारी भरकम ट्रांसफार्मर में खराबी आ गई थी ।इसके चलते कस्बे सहित बछरावां क्षेत्र के लगभग आधा हिस्से में विद्युत आपूर्ति में दिक्कत आ रही थी। विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों ने समस्या को दुरुस्त कराने के लिए यहां पर नए उच्च क्षमता के नए ट्रांसफार्मर लगाने की रिपोर्ट भेजी थी। इसी के तहत आज पुराना ट्रांसफार्मर हटाकर नए लगाए जाने का कार्य सुबह 7:00 से प्रारंभ हो गया है । इस कार्य के लिए चार अवर अभियंता तथा दो दर्जन विद्युत कर्मचारियों को लगाया गया है । हाइड्रा की मदद से ट्रांसफार्मर को उतार कर नया ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा।विद्युत विभाग के एसडीओ ने बताया कि इस कार्य में लगभग 10 से 12 घंटे लग सकते हैं। उन्होंने

बताया कि पूर्व में सभी उपभोक्ताओं को इसके लिए अवगत करा दिया गया है ।और आज पूरे दिन विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस ट्रांसफार्मर की कीमत लगभग 1 करोड रुपए बताई जा रही हैद्य इसके लग जाने से क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से प्रारंभ हो जाएगी।

मंडी समिति की समस्याओं को लेकर मंत्री दिनेश सिंह से मिला लालगंज उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

लालगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज। व्यापारियों के हित में सदैव सक्रिय रूप से समस्याओं को उठाने वाला संगठन उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर अध्यक्ष विवेक शर्मा ने उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री दिनेश सिंह से रायबरेली आवास पर मिलकर मंडी समिति में बनने वाली दुकानों के बाबत एक ज्ञापन सौंपा और कहा कि चबूतरे पर दुकानें बनने से करीब एक सैकड़ा छोटे दुकानदारों की रोजी-रोटी चली जाएगी और वह भुखमरी के कगार पर पहुंच जाएंगे। विवेक शर्मा ने कृषि उद्यान मंत्री दिनेश सिंह से कहा कि चबूतरे पर नई दुकाने ना बनवाकर मंडी समिति में खाली पड़ी अन्य जगहों पर दुकानों का निर्माण कराया जाए जिससे छोटे दुकानदारों की भी रोजी-रोटी चलती रहे । जिलाध्यक्ष रोहित सोनी ने कहा की दुकानें बनाने को लेकर ठेकेदार ने मंडी परिसर में व्यापारियों की जगह पर सीमांकन के लिए मटेरियल गिरा दिया है जिससे व्यापारियों में अपनी रोजी-रोटी जाने का संकट एवं भय का माहौल बना हुआ है स्वतंत्र प्रभार मंत्री दिनेश सिंह ने व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को आश्वासन देते हुए कहा कि भाजपा की योगी सरकार जनहित के मुद्दों पर विशेष ध्यान देती है। अगर कोई व्यापारियों की समस्या है तो उस पर विचार कर ही निर्णय लिया जाएगा।

विवाहिता का पंखे से लटका मिला शव

उन्नाव, समृद्धि न्यूज। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम अमरसस में विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में घर के अन्दर कमरे में पंखे से फांसी पर लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भर परीक्षण के लिए भेजा है। मृतका के परिजनो ने दहेज की मांग पूरी न होने पर हत्या का आरोप लगाया है। रविवार की दोपहर अमरसस निवासी रोहित विमल की 27 वर्षीय पत्नी पूनम का शव छत पर बने कमरे के पंखे से दुपट्टे के सहारे लटकता देख रोहित ने परिजनों को सूचित किया। पत्नी का शव लटका देख नीचे बैठी मां सुमिता को बुलाया। शोरगुल सुनकर दरवाजे पर भीड़ इकठ्ठा हो गयी। एसओ संजीव कुमार, सीओ माया राय व नायब तहसीलदार यसवंत सिंह मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान कमरे की कुंडी टूटी पड़ी मिली। साथ ही कमरे में टूटा मोबाइल व टूटी चूड़ियां भी मिली। मृतका के भाई राजेश व मां राजेश्वरी ने रो-रोकर दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजनो पर मारपीट करने व हत्या करने का आरोप लगाया है।

धूमधाम से मनायी बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती

उन्नाव, समृद्धि न्यूज।

बाबा साहब डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की जयन्ती आज पूरे जिले में धूमधाम से मनायी गयी। इस अवसर पर जिला प्रशासन समेत सामाजिक संगठनो एवं अनुयाईयो ने बाबा साहब की प्रतिमाओ एवं चित्रो पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी और उनके बताये रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में रविवार को डीएम गौरांग राठी ने डा0 भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती के अवसर पर बाबा साहेब के चित्र पर माल्यार्पण किया तथा अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से संबंधित विचार साझा किए। कचेहरी रोड स्थित अम्बेडकर पार्क में जनप्रतिनिधियों ने बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। इस अवसर पर समिति द्वारा विशेष आयोजन कर बाबा साहब के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला गया। बार

जिलाधिकारी समेत सामाजिक संगठनों एवं अनुयाईयों ने किया नमन

एसोसिएशन उन्नाव में अध्यक्ष सतीश शुक्ला, महामंत्री अरविन्द दीक्षित समेत अन्य पदाधिकारियो ने बाबा साहब की जयन्ती पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

नगर में निकली विशाल शोभयात्रा :- डॉ0 अंबेडकर योजना समिति द्वारा रविवार को नगर के मोहल्ला प्रेमगंज स्टेशन मार्ग से बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती पर विशाल शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में करीब एक सैकड़ा वाहनों के साथ हजारों महिला और पुरुष शामिल हुए। शोभायात्रा उन्नाव-हरदोई मार्ग से इंदिरा गांधी राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय से मुड़कर नौनिहालगंज बाजार होते हुए बिल्हौर बाईपास मार्ग तिराहा स्थित आलवक बुद्ध विहार में समाप्त हुई। शोभायात्रा में शामिल वाहनों पर बाबा साहेब, ज्योतिबापुले, राजा चंवरसेन, महात्मा बुद्ध, रामा सामी पेरियार व मान्यवर कांशीराम आदि महापुरुषों के चित्र लगे थे। साथ ही वाहनों के दोनों तरफ बाबासाहेब आंबेडकर की शिक्षाएं शिक्षित बनो, संगठित रहो, संघर्ष करो... आदि के अलावा शिक्षा वह शेरनी का दूध है, जो पिएगा वहीं दहाड़ेगा.... जैसे अनेक नारे लिखे हुए थे। तहसील प्रशासन द्वारा शोभायात्रा की सुरक्षा हेतु भारी पुलिसबल सहित राजस्व कर्मियों को भी तैनात किया गया। शोभायात्रा में आयोजक सुनील गौतम सभासद, राजेन्द्र प्रसाद गौतम, करुणाशंकर, आकाश गौतम, अंकुर गौतम व अंकित गौतम के अलावा सभासदों में आशीष, वीरपाल, पप्पू कुशवाहा व आफाक अहमद सहित सोहन आंबेडकर, अतुल, राजा, देवेश, सूरज, अनुराग, मोहित, आकाश, अभिषेक व सुमित आदि हजारों महिला व पुरुष शामिल हुए। इसी क्रम में ग्राम ततियापुर में आज अंबेडकर जयंती समारोह आयोजित किया गया। समारोह में ग्राम प्रधान मनीराम ने लोगों से बाबा साहेब के जीवन दर्शन से सीख लेने की अपील की। इसके पूर्व ग्राम प्रधान ने बाबा साहेब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर जय भीम का भी जयकारा लगाया। समारोह में रामऔतार, जगदीश, सुरेश, बेचेलाल, सत्यवान, मुन्ना, भैयालाल, हृदयलाल, शिवराम, लालता, दिनेश व दीनदयाल आदि सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए।

युवा भाजपा नेता ने किया नमन

बीघापुर-उन्नाव। विकास खण्ड क्षेत्र में संविधान शिल्पी बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जगह-जगह लोगों ने उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर भारतीय विकास में किए गए उनके योगदान को याद किया। भटखेरवा कला ग्राम पंचायत के मजरे मौहारी में भाजपा नेता शशांक शेखर सिंह सनी ने अम्बेडकर प्रतिमा व सन्त रविदास जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम में प्रमुख प्रतिनिधि प्रकाश सिंह परौरी, नगर पंचायत बीघापुर के पूर्व सदस्य दिलीप बाजपेयी, ब्लॉक प्रमुख पति पवन पासवान, भोले सिंह प्रधान, संजय सिंह प्रधान, संदीप प्रधान, महेंद्र सिंह, रिंकू सिंह, सोमेश सिंह, रामजी यादव, पत्रकार फुन्नी प्रसाद त्रिपाठी रहे। कमलापति इंटर कॉलेज में प्रधानाचार्य राजेंद्र कुमार दीक्षित ने बाबा सहब के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके व्यक्तित्व कृतित्व को याद किया। विद्यालय कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रवक्ता नन्हेंलाल सरोज, मनोज गौतम, संजय गौतम, केशवनाथ मिश्रा, दीपक शर्मा, रमेश कुमार, बुद्धिलाल, प्रदीप शुक्ला, राजेश उपाध्याय, कुलदीप अग्निहोत्री, मानस शुक्ला, डॉ0 राजेश मिश्रा आदि रहे। ग्रामसभा पाली में लगी प्रतिमा पर भाजपा नेता संजय तिवारी ने पुष्प अर्पित किए। नगर पंचायत अध्यक्ष सुशील कुमार बाकुस, अध्यक्ष प्रतिनिधि सुधीर बाजपेई ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें युगदृष्टा बताया।

सर्वोदय महाविद्यालय
मिहींपुरवा, बहराइच
सम्बद्ध - डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्व विद्यालय, फैजाबाद

आवश्यकता है

निम्नलिखित विषयों के प्राध्यापकों की:-

अ. परास्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु-
(1) गृहविज्ञान पद -02
ब. स्नातक कक्षाओं में शिक्षण हेतु-
(1) प्राचीन इतिहास पद-01
(2) अंग्रेजी पद -01
(3) राजनीति शास्त्र पद -01
स. संगणक अध्यापक- 01, **लिपिक कम जीप चालक** - 01

नोट:-1. इच्छुक अभ्यर्थी समस्त शैक्षिक प्रमाण-पत्रों के साथ विज्ञप्ति जारी होने के 21 दिनों के अन्दर आवेदन प्रस्तुत करें।
2. प्राध्यापकों की शैक्षिक योग्यता यू0जी0सी0 मानकानुसार।
2. वेतन स्ववित्तपोषित योजनांगत ।

प्रबन्धक / प्राचार्य
मो0नं0-9839920510,9450257922

आखिर क्या चाहता है देश ?

अंग्रेज़ी उपनिवेश के अंधे युग से मुक्ति के बाद भारत ने एक आधुनिक लोकतंत्र के रूप में अब तक तीन चौथाई सदी की यात्रा पूरी कर ली है। इस बीच यहाँ की राजनैतिक प्रतिबद्धताओं में उतार-चढ़ाव के कई दौर आए, कई आंतरिक और बाह्य आपदाएं भी आईं फिर भी संसदीय लोकतंत्र की रक्षा करने में देश सफल रहा। इस बीच नेतृत्व में भागीदारी भी इस अर्थ में विकेंद्रित हुई कि वह अभिजात वर्ग के एकल वर्चस्व से बाहर आई। कहा जा सकता है कि देश की सामाजिक चेतना का विस्तार हुआ। कुल मिला कर पराधीन से स्वाधीनता की राह पर चलना एक विदेशी जकड़न से मुक्त कराने वाला अनुभव था पर 'पूर्ण स्वराज' की सोच एक आज तक अधूरी प्रोजेक्ट ही रही। उसने देश के नागरिकों को अनिवार्य दायित्व की एक अनदेखी डोर से भी बांधा था स्वतंत्रता का अर्थ स्वच्छंदता न हो कर समर्थ होने और आत्म-निर्भर होने की दिशा में कदम बढ़ाना है। इसलिए जब अमृत-काल की अवधि में एक आत्मनिर्भर और सशक्त भारत के निर्माण के लिए संकल्प लिया गया तो सबने हामी भरी। इस काम में पूरे भारतीय समाज का जुड़ाव चाहिए। इसके लिए गणतंत्र की परिधि में संसदीय प्रणाली के अनुसार होना है । इस दृष्टि से लोक सभा का ताजा चुनाव एक ख़ास अवसर है। चुनाव के लिए प्रचार का काम ज़ोरों पर है। वोटर को फुसलाने और लुभाने के लिए क़स्मि-क़स्मि की तरकीबें आज़माई जा रही हैं ताकि जन-समर्थन और वोट इकट्ठा किया जा सके। जनसभा, रोड शो, रैली और रेला के बड़े और मेगा शो साथ-साथ अब घर-घर मतदाताओं से मिल कर अपने पार्टी के पक्ष में ज़मीनी स्तर पर प्रचार करने की क़वायद रफ़्तार पकड़ने लगी है। मीडिया ख़ास तौर पर टी वी चैनलों पर होने वाले वाद-विवाद (जिन्हें दंगल! हल्लाबोल! शंखनाद! के रूप में प्रचारित कर लोकप्रिय बनाया जाता है) गौर तलब हेन। इनमें नेताओं के अंत:करण की आवाज के साथ उनकी दृष्टि (और पार्टी) में बदलाव की आहट, दल-बदल की खबरें, चुनावी टिकट की अनोखी बंदरबाँट और विभिन्न दलों के झूठे-सच्चे आपसी आरोप-प्रत्यारोप के दावे विचार के विषय होते हैं। राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं के (अनोखे और कभी-कभी हास्यास्पद किस्म के) वक्तव्य और तीखे वाग्युद्ध तथा राजनैतिक विश्लेषकों द्वारा की जाने वाली रोचक भविष्यवाचक टिप्पणियाँ दर्शकों की उत्सुकता बढ़ाती हैं। शायद उनकी राय बनाने में मददगार भी होन हालांकि विभिन्न पार्टियों के बेतुके और परस्पर विरोधी दावे कई बार दिग्भ्रमित भी करते हैं। साथ ही सरकारों और नेताओं के दोषों, कमियों और ग़लतियों की फ़ेहरिस्त भी घटा-बढ़ा कर पेश की जाती है। नेताओं के पुराने और यादगार अच्छे-बुरे, प्रासंगिक और ग़ैर-प्रासंगिक (बेतुके!) कारनामों की भी मदद ली जाती है। उनके भूत उतारे नहीं उतरते और वर्तमान की लड़ाई के लिए इतिहास अस्त्र-शस्त्र मुहैया करता रहता है। इस बीच राजनैतिक चाल भी ठहरी नहीं रहती। गोया निरंतर इतिहास रचा जाता है। राजनीतिक परिदृश्य कुछ ऐसा है कि मोदी की उपस्थिति, छवि और संवाद-पटुता ने उनको राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर स्थापित किया है। उनकी गतिशीलता ने भारत की छवि को भरोसेमंद बनाया है। उनकी रीति नीति में समावेश की प्रवृत्ति भी झलकती है। जनपक्षीयता, जन-सुविधाओं के व्यापकीकरण जैसे- डिजीटलीकरण, संसाधनों और इंफ़्रास्ट्रक्चर का विस्तार, आर्थिक मोर्चे पर मजबूती, प्रतिरक्षा तंत्र का स्वदेशीकरण, अंतरिक्ष विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में देश के बढ़ते कदम आश्वस्ति का संकेत देते हैं।

डॉ. अम्बेडकर चाहते थे देश में समान नागरिक संहिता

शिवप्रकाश

इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे।

14 अप्रैल 1891 को महू (मध्यप्रदेश) छावनी में पिता सूबेदार रामजी सकपाल एवं माता भीमाबाई के परिवार में बाबा साहेब का जन्म हुआ था। कुशाग्र बुद्धि, अथक परिश्रमी, शिक्षाविद, शोषित, वंचित, पीड़ितों के प्रति संघर्ष के कारण मसीहा के रूप में उनको पहचान मिली। आर्थिक विशेषज्ञ, श्रमिक नेता के साथ-साथ राष्ट्र भक्ति से ओत-प्रोत बाबा साहेब का जीवन था। सामाजिक समता एवं सामाजिक न्याय के प्रति जीवन पर्यंत संघर्ष करने वाले समाज उद्धारक बाबा साहेब थे। संविधान के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका होने के कारण सभी भारतीय उनको संविधान निर्माता के रूप में स्मरण करते हैं।

इस बार डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के जन्मदिवस का प्रसंग उस समय आया है, जब हमारे देश में लोकसभा के लिए चुनाव का आयोजन हो रहा है। लगभग 97 करोड़ मतदाता अब आगामी पांच वर्ष के लिए 18वीं संसद का गठन अपने मतदान से करेंगे। 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने के बाद लगभग 2 करोड़ युवा मतदाता भी अपने मत का उपयोग कर अपने लिए सरकार चुनने का कार्य करने वाले हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने युवा मतदाताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि 18 वर्षीय युवा 18वीं संसद को चुनने का कार्य करेंगे। इस समय समस्त राजनीतिक दल एनडीए एवं इंडी दो समूहों में विभाजित हो गए है। एनडीए का नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम हाथों में है, जो 10 वर्ष की अपनी उपलब्धियों के आधार पर देशभर के मतदाताओं से भाजपा एवं गठबंधन को वोट देने का आह्वान कर रहे हैं। वहीं अनिर्णित नेतृत्व के साथ एवं भाजपा सरकार की नीतियों का विरोध कर इंडी गठबंधन अपने लिए वोट मांग रहा है। नीर-क्षीर विवेक के आधार पर मतदाताओं ने अपने प्रतिनिधि एवं सरकार का चयन अपना शत-प्रतिशत मत देकर करना है। मतदान यह प्रत्येक मतदाता का राष्ट्रीय दायित्व है।

कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र (न्याय पत्र) में वादा किया है कि कांग्रेस भोजन, पहनावे, प्यार एवं शादी जैसे व्यक्तिगत विषय पर हस्तक्षेप नहीं करेगी। यदि इस वादें के माध्यम से कांग्रेस देश में पिछले दिनों कर्नाटक के स्कूलों में हुए हिजाब घटनाक्रम एवं लव जिहाद की मानसिकता को समर्थन कर रही है, तब यह देश के लिये आत्मघाती कदम होगा। स्कूली छात्रों में परस्पर प्रेम, भाईचारा, समानता एवं अनुशासन लाने के लिए एक समान वेश निश्चित किया जाता है। ऐसी मांग का समर्थन छात्रों में वैमनस्यता का विष घोलने का काम करेगा। यह क्रम केवल हिजाब तक न रुककर आगे कहां तक जाएगा, यह कहना कठिन होगा। योजनाबद्ध तरीके से गैर मुस्लिम लड़कियों (हिन्दू, ईसाई) को प्रेम जाल में फंसाकर एवं बाद में नारकीय जीवन जीने के लिए मजबूर करना यह बहुसंख्यक समाज के साथ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। इसी लव जिहाद की मानसिकता को केरल सहित देश के अनेक हिस्सों में सरकारी एजेंसियों ने भी उद्घाटित किया है । देश विभाजन का दंश झेल चुके समाज में पुनः विभाजन का भय पैदा करता है। यूरोप सहित दुनिया के अनेक देश ऐसे विषयों पर कठोर कानून बना रहे हैं।

उत्तराखंड की भाजपा सरकार संविधान की भावना पूर्ति करते हुए समान नागरिक संहिता लायी है। संविधान सभा की बहस में श्री अल्लादिकृष्णा स्वामी एवं के.एम. मुंशी का समर्थन करते हुए बाबा साहेब अंबेडकर ने भी समान नागरिक संहिता का समर्थन करते हुए कहा था कि समान नागरिक संहिता संविधान मसौदे का मुख्य लक्ष्य है। सर्वोच्च न्यायालय ने भी अनेक बार अपने निर्णयों में इसके समर्थन में निर्देशित किया है। कांग्रेस अल्पसंख्यक वोट के कारण संविधान की भावना एवं सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का विरोध कर रही है। कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में कहा गया है कि देश में पिछले पांच वर्षों से भय का वातावरण है ।लोगों को डराने-धमकाने के लिए कानूनों एवं एजेंसियों को हथियार बनाया जा रहा है। यह कहकर कांग्रेस सी.बी.आई., ई.डी. जैसे विभागों की भ्रष्टाचार के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई पर ऊँगली उठा रही है।

वास्तव में देखा जाए तो देश में नक्सलवाद एवं सीमावर्ती आतंकवाद कम हुआ है। गुंडे, बदमाश, आतंकवादी व आतंकवाद का समर्थन करने वाले भयांकित है। पहले सार्वजनिक स्थानों पर लिखा रहता था कि अनजान वस्तुओं को मत छुओ बम हो सकता है,अब लिखा नहीं मिलता। सामान्य नागरिक निर्भय होकर अपना जीवन जी रहे हैं। भय का वातावरण यदि है तो भ्रष्टाचारियों में है जो देश की सम्पत्ति को अपनी संपत्ति मान बैठे थे । उनमे भय अच्छे प्रशासन का लक्षण है। परिवार के आधार पर चलने वाले दलों के नेताओं में अपने अस्तित्व के समाप्त होने का भय है। संविधान सभा की बहस के समय सभा के सदस्य महावीर त्यागी ने चिंता व्यक्त करते हुए परिवारवाद की ओर इंगित करते हुए कहा था कि भविष्य में एक विशिष्ट वर्ग वृत्तिभोगी राजनीतिज्ञों का जन्म होगा, जो कि अपने जीवन यापन के लिए राजनीति पर ही आश्रित रहेंगे। देश में उपजी परिवारवादी पार्टी उनकी उस समय की चिंता का प्रकटरूप हैं। एजेंसियां दोषियों पर कार्यवाही करें यह उनसे अपेक्षित ही है। न्यायालयों के निर्णयों ने भी एजेंसियों का समर्थन किया है। शेड्यूल्ड कास्ट फ़ेडरेशन के भवन निर्माण के लिए छपी रसीद बुकों के संग्रह के समय कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए बाबा साहेब ने कहा था कि पावती पुस्तकें न लौटाना एवं संपूर्ण संग्रह न जमा करना संगठन व जनता के साथ सरासर धोखा है। ऐसा धोखा कानूनन अपराध है। बाबा साहेब के यह विचार भ्रष्टाचार के प्रति उनके दृष्टिकोण को प्रकट करते है। कांग्रेस भ्रष्टाचार का समर्थन कर देश के साथ बहुत बड़ा छल कर रही है । कांग्रेस द्वारा अपने न्याय पत्र में सामाजिक न्याय का संदेश देने वाले महापुरुषों को पाठ्यक्रमों में स्थान देने एवं बाबा साहेब डॉ अंबेडकर के नाम से भवन एवं पुस्तकालय खोलने का वायदा किया है। जबकि कांग्रेस का व्यवहार सदैव बाबा साहेब के प्रति उपेक्षा का ही रहा है। मुंबई एवं भंडारा चुनावों की विजय में कांग्रेस बाधक बनी ।संसद के केंद्रीय कक्ष में उनकी चित्रपट लगाने की मांग को नेहरू जी ने खारिज किया।

तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरु जी के व्यवहार से अपमानित होकर एवं समाज विरोधी नीतियों के कारण उन्होंने 1951 में मंत्रिमंडल से त्याग पत्र दिया था। उनको भारत रत्न के योग्य भी कांग्रेस ने नहीं समझा ।भारतीय जनता पार्टी के समर्थन वाली प्रधानमंत्री श्री वी. पी. सिंह की सरकार द्वारा 1990 में बाबा साहेब को भारत रत्न से सम्मानित किया गया ।बाबा साहेब की स्मृति के स्थानों पर पंचतीर्थों का निर्माण एवं उनके विचारों के अध्ययन के लिए शोध पीठ की स्थापना प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में हुई।

विचार

कानून के विद्यार्थियों के लिए उदाहरण बनेगा केजरीवाल केस

अनुराग तिवारी

दिल्ली हाईकोर्ट का कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के शराब घोटालें पर दिया गया पूरा ऑर्डर पढ़ने योग्य है। कोर्ट ने साफ कहा है कि केजरीवाल प्रथमदृष्टया शराब घोटाले में, रिश्वत लेने में, हवाला लेन-देन के अपराध में शामिल हैं, पार्टी भी सह अपराधी है। कोर्ट ने ये भी कहा कि शराब घोटालें में केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनन एक सही कदम है। कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल बार-बार बुलाने के बाद भी ईडी के सामने नहीं गये। इसके कारण शराब घोटाले के अन्य आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ रहा है , जांच में देरी हुई, अक्टूबर से उसे बुलाया जा रहा था, इसलिए चुनाव के टाइम गिरफ्तारी की बात महत्वहीन है।

कानून के विद्यार्थियों के लिए केजरीवाल केस शोध और अनुसंधान के नए रास्ते खोजने वाला बनेगा, आगे विधि आयोग के लिए भी कई प्रश्न विचार के लिए आएंगे। केंद्र शासित राज्यों विशेषतया राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के अनेक सामरिक, सास्कृतिक और अंतरराष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य भी होते हैं, ऐसे राज्यों के मुख्यमंत्रियों और सरकार के कार्यकलाप राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय नीतियों पर प्रभावकारी होते हैं।

दिल्ली में कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग केस में (प्रवर्तन निदेशालय) में विधिक दृष्टि से यह विचारणीय तथ्य है कि अगर कोई मुख्यमंत्री यदि किसी आपराधिक मामले में जेल में है या देश छोड़कर भाग जाए तो क्या वह जेल से या विदेश से शासन चला सकता है? क्योंकि विधानसभा में तो उसका बहुमत बना हुआ है और कोई कानून भी नहीं है ऐसे मुख्यमंत्री को हटाने का तो क्या मुख्यमंत्री वहीं से पत्नी को शासकीय कार्यकलापों के लिए ह्वाट्सऐप संदेश पहुंचाता रह सकता है? क्या अब जेल से भी व्हाट्सएप सन्देशों से देश में सरकारें चलेंगी ? किसी प्रत्यक्ष कानून की अनुपस्तिथि में ये सब प्रश्न अब न्यायालयों के विवेकाधिकार की परीक्षा हैं ।

संविधान निर्माताओं ने कब सोचा था कि भविष्य में भारत के किसी राज्य में कोई ऐसा कथित अराजक मुख्यमंत्री भी आएगा जो जेल जाने से पहले या हाइकोर्ट के निर्णय से गिरफ्तारी की वैधता सिद्ध हो जाने के बाद भी इस्तीफा नहीं देगा। या दूसरे शब्दों में उच्च न्यायालय द्वारा गिरफ्तारी को वैध ठहराने और कठोर टिप्पणियों के बाद भी त्यागपत्र नहीं देगा। हमारे संविधान निर्माताओं को ऐसी कल्पना भी नहीं आई होगी कि राजनीति में नैतिकता का इतना ह्रास हो सकता है, शायद इसलिए संविधान में साफ-साफ नहीं लिखा। लेकिन बहुत गंभीर सवाल है, जेल से सरकार चलाए जाने के बाद इसकी नौबत आ ही सकती है। हरियाणा के सीएम चौटाला, झारखण्ड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, बिहार के मुख्यमंत्री लालूप्रसाद, तमिलनाडु की मुख्यमंत्री जयललिता भ्रष्टाचार के मामलों में तथा मध्य प्रदेश में सुश्री उमा भारती हुबली में राष्ट्रध्वज फहराने के राजनीतिक मामले में यानि केजरीवाल से पहले सभी आरोपी मुख्यमंत्रियों ने जेल जाने से पहले ही त्यागपत्र दिया है। स्वयं केजरीवाल ने भी मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन का मंत्री पद से इस्तीफा लिया है।

इन्होंने ही दिल्ली के दो दलित मंत्रियों का छोटी सी बात पर इस्तीफा लिया है। सबने इस्तीफा दे दिया था पर केजरीवाल जी को कुर्सी का मोह है। 12 साल पहले केजरीवाल की नजर में कांग्रेस भारत की सबसे भ्रष्ट पार्टी थी। आज उसी कांग्रेस पार्टी के नेता और वकील अभिषेक मनु सिंघवी, जिनके नैतिक मानदंडों के बारे में सार्वजनिक तौर पर कुछ भी कहना ठीक नहीं होगा। आज अरविंद केजरीवाल के वकील हैं समय चक्र इसे ही कहा गया है।

दिल्ली हाईकोर्ट का कथित शराब नीति घोटाला मामले से संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल के शराब घोटालें पर दिया गया पूरा ऑर्डर पढ़ने योग्य है। कोर्ट ने साफ कहा है कि केजरीवाल प्रथमदृष्टया शराब घोटाले में, रिश्वत लेने में, हवाला लेन-देन के अपराध में शामिल हैं, पार्टी भी सह अपराधी है। कोर्ट ने ये भी कहा कि शराब घोटालें में केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनन एक सही कदम है।

कोर्ट ने कहा कि केजरीवाल बार-बार बुलाने के बाद भी श्वष्ठ के सामने नहीं गये। इसके कारण शराब घोटाले के अन्य आरोपियों को लंबे समय तक जेल में रहना पड़ रहा है, जांच में देरी हुई, अक्टूबर से उसे बुलाया जा रहा था, इसलिए चुनाव के टाइम गिरफ्तारी की बात महत्वहीन है।

कोर्ट ने कहा कि कानून एक आम आदमी और एक सीएम के लिए समान है और केजरीवाल को ये बात समझनी होगी। कोर्ट ने केजरीवाल के वकीलों के हर तर्क का जवाब दिया और नसीहत भी दी। कोर्ट ने कहा कि शराब घोटाले का पैसा नहीं मिला ये तर्क झूठ है, पैसा हवाला के माध्यम से राजनीतिक इस्तेमाल हुआ ऐसा दिखाई देता है, जिसके प्रमाण हैं। कोर्ट ने ये भी कहा कि आम आदमी पार्टी द्वारा गवाहों की विश्वसनीयता पर उठाए सवाल आधारहीन हैं और ऐसा लगता है कि साथ मिलकर घोटाला करने बाद अब गवाही देने वालों को धोखेबाज साबित करने की कोशिश की जा रही है। हाई कोर्ट ने सब लिखित ऑर्डर में दिया है, अब इस्तीफा देने के अलावा केजरीवाल के पास कोई विकल्प नहीं बचा है। केजरीवाल को पद से हटाने की याचिकाएं माननीय न्यायालय ने इस आधार पर निरस्त की हैं कि केजरीवाल को पद से हटाने का काम कोर्ट का नहीं है। यह काम या तो स्वयं आम आदमी पार्टी करेगी या दिल्ली के गवर्नर को नियमानुसार करना चाहिए। अब मेरा जो अनुमान है वो यह है कि ये अंतिम समय तक कुर्सी से चिपके रहेंगे।

राष्ट्रपति शासन पर अंतिम नोटशीट बनने के बाद ये अपनी पत्नी को कुर्सी पर बैठाएंगे, चूंकि वो अभी विधायक नहीं है, तो छह महीने बाद उपचुनाव में जाना पड़ेगा। लेकिन 4 जून के बाद आम आदमी पार्टी में कोई नया नेतृत्व उभर सकता है या आम आदमी पार्टी भी चूंकि कोर्ट में शराब दलाली में पार्टी है तो निर्वाचन आयोग उसकी मान्यता भी खत्म कर सकता है। अब सुप्रीम कोर्ट के भी आदेश की प्रतीक्षा है, जहां पता नहीं केजरीवाल की हाईकोर्ट के निर्णय के विरुद्ध अपील पर मीलार्ड किन नियमों से निर्वचन या व्याख्या कर इसका निपटारा करेंगे। कुल मिलाकर पूरा केस अनेक नैतिक विधिक प्रश्नों के न्यायिक हल के लिए आने वाले समय में लोकनीति, राजनीति और न्यायनीति के लिए कोई न कोई मार्ग प्रशस्त अवश्य करेगा।

अधिवक्ता

माता का सातवां स्वरूप मां कालरात्रि

संजीव ठाकुर

मित्रों माँ दुर्गा की सातवीं शक्ति कालरात्रि के नाम से जानी जाती हैं। दुर्गा पूजा के सातवें दिन माँ कालरात्रि की उपासना का विधान है। इस दिन साधक का मन श्सहस्रारश् चक्र में स्थित रहता है। इसके लिए ब्रह्मांड की समस्त सिद्धियों का द्वार खुलने लगता है।देवी कालरात्रि को व्यापक रूप से माता देवी- काली, महाकाली, भद्रकाली, भैरवी, मृत्यि, रुद्रानी, चामुंडा, चंडी और दुर्गा के कई विनाशकारी रूपों में से एक माना जाता है।

रौद्री और धुमोरना देवी कालात्री के अन्य कम प्रसिद्ध नामों में हैं। माता ने रक्तबीज राक्षस का वध करने के लिए कालरात्रि का रूप धारण किया था देवी के इस रूप में सभी राक्षस,भूत, प्रेत, पिसाच और नकारात्मक ऊर्जाओं का नाश होता है, जो उनके आगमन से पलायन करते हैं। इनके शरीर का रंग घने अंधकार की तरह एकदम काला है। सिर के बाल बिखरे हुए हैं। गले में विद्युत की तरह चमकने वाली माला है। इनके तीन नेत्र हैं। ये तीनों नेत्र ब्रह्मांड के सदृश गोल हैं। इनसे विद्युत के समान चमकीली किरणें निःसृत होती रहती हैं। माँ की नासिका के श्वास-प्रश्वास से अग्नि की भयंकर ज्वालाएँ निकलती रहती हैं। इनका वाहन गर्दभ (गधा) है। ये ऊपर उठे हुए दाहिने हाथ की वरमुद्रा से सभी को वर प्रदान करती हैं। दाहिनी तरफ का नीचे वाला हाथ अभयमुद्रा में है। बाई तरफके ऊपर वाले हाथ में लोहे का काँटा तथा नीचे वाले हाथ में खड्ग (कटार) है।सिल्प प्रकाश में संदर्भित एक प्राचीन तांत्रिक पाठ, सौधिकागम, देवी कालरात्रि का वर्णन रात्रि के नियंत्रा रूप में किया गया है। सहस्रार चक्र में स्थित साधक का मन पूर्णतः माँ कालरात्रि के स्वरूप में अवस्थित रहता है। उनके साक्षात्कार से मिलने वाले पुण्य (सिद्धियों और निधियों विशेष रूप से ज्ञान, शक्ति और धन) का वह भागी हो जाता है। उसके समस्त पापों-विघ्नों का नाश हो जाता है और अक्षय पुण्य-लोकों की प्राप्ति होती है। माँ कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत रौद्ररूप है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। इसी कारण इनका एक नाम श्शुभंकारीश् भी है। अतः इनसे भक्तों को किसी प्रकार भी भयभीत अथवा आतंकित होने की आवश्यकता नहीं है। माँ कालरात्रि दुष्टों का विनाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। ये ग्रह-बाधाओं को भी दूर करने वाली हैं। इनके उपासकों को अग्नि-भय, जल-भय, जंतु-भय, शत्रु-भय, रात्रि-भय आदि कभी नहीं होते। इनकी कृपा से वह सर्वथा भय-मुक्त हो जाता है।

राशिफल

मेषः- मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्य का ध्यान रखें।

बृषभः- मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-प्रतियोगिता की दिशा में परिश्रम तीव्र होगा।

मिथुनः- आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

कर्कः- पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

सिंहः- पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

कन्याः- मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें। मन पर नियंतण्ररख कर्त्तव्यनिष्ठ बने। जीवनसाथी से वैचारिक मतभेद संभव।

तुलाः- आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

वृश्चिकः- आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

धनुः- निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

मकरः- मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

कुंभः- अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

मीनः-किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

वायदों की भरमार में उलझा हुआ आज का मतदाता

प्रेम शर्मा

18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में भी युवा बेरोजगारों की फौज, किसानों और माध्यम वर्गीय परिवारों के साथ महंगाई से निजात दिलाने के लिए सभी राजनैतिक दलों ने तबाड़तोड़ घोषणाए की है। ऐसी घोषणाएं पूर्व में भी राजनैतिक दलों द्वारा की गई लेकिन सत्ता में आने के बाद उन पर कितना अमल हुआ यह आम जनता अच्छे से जानती है। कभी जाति तो कभी क्षेत्र के नाम पर राजनीति का अखाड़ा बने चुनाव ने हर बार आम जनता के साथ केवल छल किया है। जनता के हाथ न तो अच्छे दिन नजर आ रहे और न ही अच्छे नेता। चुनाव जितने के बाद जिस तरह से जनप्रतिनिधि क्षेत्र से गायब होते है यह बात आम मतदाता अच्छी तरह जानता है। लेकिन जनता के पास कोई विकल्प नही है। भले ही आज भी देश की चालीस प्रतिशत तक जनता मतदान न करे फिर भी जनप्रतिनिधि का चुनाव हो जाता है।

चुनाव से पूर्व हर राजनैतिक दल अपना घोषणा पत्र यानि वोटरों के लिए वायदों का पिटारा लेकर आता है। पिटारे में इतने वायदे होते है जिसका पूरा होना कभी सम्भव ही नहीं होता। ऐसा एक चुनाव में नहीं बल्कि हर चुनाव में होता है। मतदाता के साथ ठीक वैसी ही स्थिति होती है कि बिचारा मरता ना क्या करता वह इन राजनैतिक दलों के वायदों की भरमार में उलझ जाता है।

18वीं लोकसभा के लिए होने वाले चुनाव में भी युवा बेरोजगारों की फौज, किसानों और माध्यम वर्गीय परिवारों के साथ महंगाई से निजात दिलाने के लिए सभी राजनैतिक दलों ने तबाड़तोड़ घोषणाए की है। ऐसी घोषणाएं पूर्व में भी राजनैतिक दलों द्वारा की गई लेकिन सत्ता में आने के बाद उन पर कितना अमल हुआ यह आम जनता अच्छे से जानती है। कभी जाति तो कभी क्षेत्र के नाम पर राजनीति का अखाड़ा बने चुनाव ने हर बार आम जनता के साथ केवल छल किया है। जनता के हाथ न तो अच्छे दिन नजर आ रहे और न ही अच्छे नेता। चुनाव जितने के बाद जिस तरह से जनप्रतिनिधि क्षेत्र से गायब होते है यह बॉत आम मतदाता अच्छी तरह जानता है। लेकिन जनता के पास कोई विकल्प नहीं है। भले ही आज भी देश की चालीस प्रतिशत तक जनता मतदान न करे फिर भी जनप्रतिनिधि का चुनाव हो जाता है। यानि आपकी नाराजगी से किसी को कोई मतलब नहीं है। हालाकि देश में क्षेत्रीय दलों को मिलाकर एनडीए और इण्डिया गठबंधन चुनाव मैदान में है। ऐसे में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने है। इन दोनों दलों ने वायदों की ऐसी भरमार दी है कि आम मतदाता उलझा हुआ है।

देश में युवा बेरोजगार, परेशान किसान और माध्यमवर्गीय परिवार ऊहापोह की स्थिति में है। सोशल मीडिया, प्रचार-प्रसार और बिकाऊ मीडिया ने इस संवर्ग की आवाज को दबा दिया है। इन संवर्ग की दुर्दशा पर किसी की नजर नहीं है। हर राजनैतिक दल सत्ता हासिल करने के लिए हर तरीके के हथकड्डे और पैतरे लगा रहा है। देश में सत्तारूढ़ भाजपा ने चार सौ के पार का दावा करने के साथ अपने घोषणा पत्र में गरीब, युवा, अन्नदाता और नारीशक्ति को लक्ष्य बनाया है। घोषणा पत्र जारी करने के दौरान जेपी नड्डा, नरेन्द्र मोदी, अमित शाह और राजनाथ सिंह की उपस्थिति में राममंदिर, धारा 370 ,तीन तलाक, सीसीए और महिला आरक्षण के वायदे को पूरा करने के साथ गरीबों के लिए मुफ्त राशन योजना 2029 तक देने का वादा, 70 साल से ऊपर के बुजुर्गो को आयुष्मान योजना के तहत 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज, मुद्रा योजना के तहत लोन की सीमा 20 लाख रुपए की जाएगी।

3 करोडगरीबों को घर दिए जाएंगे।. एक राष्ट्र, एक चुनाव और एक सामान्य मतदाता सूची प्रणाली शुरू की जाएगी।भारत को दुनिया के हर उभरते सेक्टर का ग्लोबल हब बनाने का संकल्प है।वंदे भारत का विस्तार करेंगे। वंदे भारत के 3 मॉडल चलेंगे। वंदे भारत स्लीपर, वंदे भारत चेयरकार और वंदे भारत मेट्रो। अहमदाबाद-मुंबई बुलेट ट्रेन का काम पूर्ण हो रहा है। उसी तरह से आने वाले समय में उत्तर भारत में एक बुलेट ट्रेन, दक्षिण में एक बुलेट ट्रेन और पूर्वी भारत में एक बुलेट ट्रेन प्रोजेक्ट चलाएंगे। 21वीं सदी के भारत की बुनियाद के लिए भाजपा 3 इन्फ्रास्ट्रकचर्स से मजबूत करेगी।

सोशल, डिजिटल और फिजिकल इन्फ्रास्ट्रक्चर। सोशल- नए इंस्टिट्यूट, मेडिकल कॉलेज, आयुष्मान आरोग्य मंदिर, कॉलेज, ट्रक ड्राइवर्स के लिए हाईवे के पास रेस्ट के लिए इन्फ्रास्ट्रक्चर्स डेवलप करने जा रहे हैं। फिजिकल- हाईवे, रेलवे, एयरवे, वाटरवे को आधुनिक बना रहे हैं। डिजिटल- 5 जी विस्तार, 6 जी पर काम, इंडस्ट्री 4.0 के लिए डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर काम कर रहे हैं, सर्विसेस को ऑनलाइन कर रहे हैं। टेली मेडिसिन का विस्तार कर रहे हैं। जैसी तमाम घोषणाएं की गई है। हालांकि एनआरसी, समान नागरिक संहिता, गंगा सफाई, गरीबों को मकान और 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था का वायदा अभी भी अधूरा है। देश के अन्दरूनी हालातों के बीच 18 वीं लोकसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी ने अपना घोषणा का दूसरा नाम न्याय पत्र दिया है।। इस मेनिफेस्टो में कांग्रेस के जनता के 25 गारंटिया काफी अहम है। साथ ही इस मैंने पोस्ट में कांग्रेस पार्टी ने वादा किया कि देश में सभी सरकार बनने पर वह जाति आधारित जनगणना करेंगे। और आरक्षित अधिकतम सीमा बढ़ाकर 50 से प्रतिशत से ज्यादा करेंगे। कांग्रेस ने इस घोषणा

नवरात्रि के छठे दिन गूंजे मां कात्यायनी के जयकारे

- शहर के छोटी चंद्रिका मंदिर सहित अन्य जगहों पर हुआ कन्या भोज
- जिले के सभी देवी मंदिरों में पूजा अर्चना को उमड़ रहे भक्त

महोबा, समृद्धि न्यूज।

नवरात्र के छठवें दिन मां कात्यायनी के जयकारे गूंजे। शहर के छोटी चंद्रिका मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों में कन्या भोज व धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया गया। जिले के सभी देवी मंदिरों में पूजा अर्चना को भक्त परिवार सहित पहुंच रहे है। चैत्र नवरात्र पर आस्था व भक्ति देखने को मिल रही है। देवी मंदिरों में सुबह शाम की आरती में हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचकर मंगल कामना कर रहे हैं। मातारानी के जयकारों से मंदिर और घर गुंजायमान हो रहे है। शहर में चारों ओर भक्ति की बयार बह रही है। जगह-जगह भंडारे चल रहे है। बड़ी चंद्रिका में लगे मेले में भी लोग जमकर खरीददारी कर रहे हैं। चैत्र नवरात्र के छठे दिन भक्तों ने मां के षष्ठम स्वरूप मां कात्यायनी की आराधना की।

सुबह से ही देवी मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने अपने अपने तरीके से तरह तरह के अनुष्ठान किए और मां की आराधना की। भारत के 51 शक्तिपीठों में शामिल मां बड़ी चंद्रिका मंदिर में सबसे ज्यादा भीड़ पूजा अर्चना करने के लिए जुट रही है। छठवें दिन श्रद्धालुओं ने शक्तिपीठ बड़ी चंद्रिका मंदिर, छोटी चंद्रिका मंदिर, चकौटादेवी मंदिर, विंध्यवासिनी मंदिर, लक्ष्मीमाता मंदिर, चरखारी की मां मदारन देवी सहित सभी मंदिरों में पहुंचकर विशेष पूजा अराधना की और परिवार की सुख समृद्धि की कामना की। नवरात्र पर देवस्थलों और मोहल्लों में भक्त कन्याभोज कराकर पुण्य फल कमा रहे हैं। इन शुभ दिनों में देवी मंदिरों में मुंडन संस्कार के लिए भी तमाम लोग पहुंच रहे हैं। हर कोई मां के लिए धार्मिक अनुष्ठान कर मनवांछित फल की कामना कर रहा है। हर ओर मातारानी के जयकारे गूंज रहे है।

श्रद्धालुओं ने पंचमी के दिन लगाया छप्पन भोग

पनवाड़ी, महोबा। कस्वा पनवाड़ी स्थित मातनपुरा में जय बड़ी माता मंदिर में माता के नौ स्वरूपों में विधि विधान से पूजा अर्चना की जाती है आचार्य सुरेश चंद्र तिवारी के द्वारा नौ दिन तक माता का पाठ किया जाता है प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्री श्रीप्रकाश मिश्रा के द्वारा सभी व्यवस्थाएं पहले से ही उत्तम कर ली जाती है जिससे भक्तों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय द्विवेदी अच्छे तरीके से साफ सफाई आदि की व्यवस्था करा देते हैं सुबह4बजे से मंदिर में भक्तों की भीड़ शुरू हो जाती है घण्टे गूंजने लगते हैं माता रानी के जयकार लगने लगते हैं गौरतलब हो कि प्रत्येक मुहल्ले से भक्तों का आना जाना दिन भर चलता रहता है एवम शाम को विशेष आरती में युवा बुजुर्ग माताएं बहनें सभी आरती में शामिल होती है हर वर्ष की भांति माता के पंचमी स्वरूप को महाप्रसाद के रूप में छप्पन भोग माता रानी को लगाया जाता और इसके बाद गांव के पंडित श्री सुरेश चंद्र अग्निहोत्री (लेखपाल)जी द्वारा मां को सोने का हार समर्पित किया गया । प्राचीन काल से स्थित यह मंदिर लोगो के आस्था का केंद्र बना हुआ है उल्लेखनीय है कि पांडव समय मे पांडव भी इसी मंदिरमें देवी की स्तुति करते थे ऐसा बड़े बुजुर्गों से सुना है एवम यह किदवंती भी है खास बात यह है कि पुलिस प्रशासन भी पूरी तरह से मुस्तेद रहता है एवम आरती के समय नौ दिन लगातार अपनी ड्यूटी निभाते हैं आदि शक्ति जगदंबा को फल फूल मिठाई आदि का मिलाकर छप्पन भोग चढ़ाया जाता है उपरोक्त अवसर पर बड़ी माता मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री प्रकाश मिश्रा, ग्राम पंचायत अध्यक्ष संजय द्विवेदी भाजपा नेता नीरज द्विवेदी ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि श्री प्रकाश अनुरागी, पूर्व मण्डल अध्यक्ष सन्तोष विश्वकर्मा, सन्तोष अग्निहोत्री, उपेन्द्र द्विवेदी, भागवत तिवारी, गौरव वर्मा आनंद द्विवेदी, रमेश चंद्र अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल ,जय प्रकाश अग्रवाल उज्जवल अग्रवाल, सुमित साहू , अभि अग्रवाल ,अभि मिश्रा आदि सहित हजारों की संख्या में भक्त गण माताएं बहनें उपस्थित रही

डॉ. अंबेडकर ने लेबर कानून से जुड़े कई बदलाव किए

- कलेक्ट्रेट सभागार में मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

महोबा, समृद्धि न्यूज।

जिलाधिकारी मृदुल चौधरी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभागार में बड़े हर्ष उल्लास के साथ डा. भीमराव अंबेडकर जयंती मनाई गई तथा उनके चित्र पर पुष्प मालाएं अर्पित करके उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। जिलाधिकारी ने कहा कि डॉ भीमराव अंबेडकर जी ने देश में लेबर कानून से जुड़े कई बड़े बदलाव किए थे, इसके तहत उन्होंने साल 1942 में भारतीय श्रम सम्मेलन 7वें सत्र में काम के घंटों में बदलाव करते हुए इसे 12 से 8 घंटे लाया गया था। अंबेडकर जी देश के पहले कानून मंत्री बने थे। उन्होंने अपने कार्यकाल के दौरान सामाजिक और आर्थिक मुद्दों के समाधान के लिए विभिन्न कानूनों और सुधारो का मसौदा तैयार करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। 26 नवम्बर 1949 को भारत का संविधान पारित हुआ था और 26 जनवरी 1950 से प्रभावी हुआ। डॉ भीमराव अंबेडकर को भारत का संविधान निर्माता कहा जाता है। अपर जिलाधिकारी राम प्रकाश ने कहा कि संविधान की भारतीय समाज के लिए एक मार्गदर्शन दस्तावेज के रूप में प्रस्तुत करने में डॉ भीमराव अंबेडकर जी की सबसे प्रभावी व निर्णायक भूमिका थी। अंबेडकर जी एक प्रमुख भारतीय विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, समाज सुधारक और राजनीतिज्ञ थे। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे मो. मोईनुल इस्लाम, अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा सहित कलेक्ट्रेट के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

खबरें एक नजर में

फर्जी वरिष्ठ सहायक बनकर की हजारों की धोखाधड़ी

महोबा, समृद्धि न्यूज। युवक ने फर्जी वरिष्ठ सहायक बनकर कार स्वामी के साथ धोखाधड़ी की। मामले की जानकारी होने पर कार स्वामी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 406, 419 व 420 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। महोबा मुख्यालय के मकनियापुरा निवासी मुहम्मद रजा अंसारी पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वाहन स्वामी व चालक है। वह भाड़े के लिए आल्हा चौक में खड़ा था। तभी सुनील कुमार आए और कहा कि उन्हें वाहन की आवश्यकता है। वह समाज कल्याण विभाग में वरिष्ठ सहायक के पद पर तैनात है। मुहम्मद रजा ने बताया कि उसने अपने वाहन को 70 हजार प्रतिमाह में लगाया। जिसका अनुबंध भी नोटरी कराकर किया गया। सुनील कुमार किराए के मकान में निवास करता था। वह अपने साथ गांवों में आवास संबंधित सूची भी अपने साथ लिए रहते थे। उन्होंने उसके वाहन को 29 जनवरी से किराए पर लिया था। रजा ने बताया कि उसने वाहन में डीजल भी डलवाया। सुनील कुमार उसके साथ कभी आफिस नहीं गए। कहा जाता था कि अभी आफिस नहीं जाना है और आवासों की जांच करके जिलाधिकारी के यहां सूची भेजना है। इससे उसे धोखाधड़ी करने का शक हुआ। सुनील कुमार होली की छुट्टी पर 23 मार्च को अपने घर गए थे और लौटकर नहीं आए। एक अप्रैल को फोन पर बताया कि वह इस समय लखनऊ में है शाम तक वापस आ जाएंगे। इसके बाद शाम को फोन लगाया तो बंद आया। इसके बाद वह समाज कल्याण विभाग पहुंचा तो पता चला कि इस नाम का कोई भी विभाग में अधिकारी नहीं है। उसका पता लगाने की कोशिश की लेकिन कुछ नहीं हो सका। शहर कोतवाली पुलिस ने आरोपी के खिलाफ के खिलाफ धारा 406, 419 व 420 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

यातायात पुलिस ने चलाया चेकिंग अभियान

इटावा, समृद्धि न्यूज। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा के निर्देशन मे क्षेत्राधिकारी यातायात के नेतृत्व मे चैकिंग अभियान चलाया गया। आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के निर्देशन में, अपर पुलिस अधीक्षक नगर/यातायात अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी यातायात नागेंद्र चौबे की नेतृत्व मे चैकिंग अभियाना चलाया गया। चैकिंग अभियान के दौरान थाना बकेवर क्षेत्रान्तर्गत ट्रैक्टर ट्राली,लोडर, पिकअप में सवारी भरकर ले जाने के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाकर 53 वाहनों का चालान किया गया, जिस पर 4,05,000 रुपये का शमन शुल्क किया। अभियान के दौरान प्रभारी यातायात सूबेदार सिंह, हे.का. टीपी गुड्डू सिंह चंदेल, का. टीपी दुर्गेश कुमार, का. टीपी श्रीपाल सिंह व हे.का. चालक मनोज कुमार उपस्थित रहे।

रक्तदाता समूह ने बेसहारा छात्राओं को कराया कन्या भोज

इटावा, समृद्धि न्यूज। नवरात्रि पर रक्तदाता समूह ने निराश्रित छात्राओं को कराया कन्याभोज और मन्दिर व पार्क भ्रमण कराकर भोजन कराया गया। जिसकी जमकर सराहना हो रही है। जनपद के विभिन्न मंदिरों में नवरात्रि पर काफी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है, वहीं रक्तदाता समूह इटावा के द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में अनोखी पहल चलायी गयी जिसकी जनपद में काफी चर्चा की जा रही है। नवरात्रि के शुभ अवसर पर रक्तदाता समूह इटावा के सदस्यों के द्वारा श्रम विभाग द्वारा निराश्रित छात्राओं हेतु संचालित विहान आवासीय बालिका विद्यालय की 96 छात्राओं के लिए 276 लावारिस शवों के अन्तिम संस्कार के पश्चात उनकी आत्मशांति हेतु कन्या भोज आयोजित किया गया, इसके पश्चात रक्तदाता समूह के सदस्यों ने बसों के द्वारा छात्राओं को सांई मन्दिर, जयगुरुदेव जन्मभूमि मन्दिर खितौरा एवं वृन्दा हर्बल पार्क बहेड़ा का भ्रमण कराया गया। सांई मन्दिर और जयगुरुदेव जन्मभूमि मन्दिर खितौरा की सैर के दौरान विधालय की प्रधानाध्यापिका प्रतिमा सिंह के द्वारा छात्राओं को विभिन्न मन्दिर शैलियों, मूर्तकला और सांस्कृतिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई। रक्तदाता समूह इटावा के संचालक शरद तिवारी ने वृन्दा हर्बल पार्क के भ्रमण के दौरान छात्राओं को पर्यावरण के संदर्भ में जानकारियां दीं और ज्यादा से ज्यादा पेड़-पौधे लगाने हेतु कहा और पेड़-पौधों से जुड़े औषधिक और वैज्ञानिक लाभ के बारे में छात्राओं को जागरूक किया। उक्त कार्यक्रम में विहान आवासीय विद्यालय का समस्त शिक्षक एवं प्रबंधन स्टाफ एवं रक्तदाता समूह इटावा के सदस्यों में राजीव चौधरी, राजीव नरूका, , शरद तिवारी, धनंजय कुशवाह, सौरभ परिहार, अभय यादव सिन्टू, जीतू कुशवाहा, अंकित राजावत, अर्पित चौहान की उपस्थिति रही।

कलेक्ट्रेट में मनी अंबेडकर जयंती

इटावा, समृद्धि न्यूज। सिटी मजिस्ट्रेट दिग्विजय प्रताप सिंह की अध्यक्षता में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जयंती समारोह कार्यक्रम कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। उन्होंने सर्वप्रथम भारत रत्न बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज भीमराव अंबेडकर जी का 133 वां जन्म दिवस मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर का जन्म मध्य प्रदेश के महू में एक छोटे से गांव में 14 अप्रैल 1991 में हुआ था। उन्होंने कहा कि बाबा साहब ने सबसे ज्यादा शिक्षा पर जोर दिया एवं उनका एक ही मूल मंत्र था की दो रोटी कम खाना है बच्चों को शिक्षा अवश्य दिलानी है। उन्होंने कहा कि हमें भी सभी के साथ सम्मान व्यवहार रखना चाहिए एवं उनके विचारों पर विशेष ध्यान देना चाहिए एवं उनके पद चिन्हों पर अवश्य चलना चाहिए यही हमारी उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

पैसा मांगने गए श्रमिक को ठेकेदार ने पीटा

महोबा, समृद्धि न्यूज।

ठेकेदार ने मजदूरी का पैसा मांगने आये श्रमिकों के साथ मारपीट कर दी। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। कुलपहाड़ थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुगिरा निवासी हलकुट्टे ने पुलिस को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वह मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करता है। उसके गांव का ही प्रधान हाकिम कुशवाहा मकान निर्माण में ठेकेदारी का कार्य करता है। हलकुट्टे व उसकी पत्नी शीलारानी ठेकेदार के साथ लिफ्ट चलाने का काम करते है। दो साल पहले हाकिम के कहने पर कार्य किया था। जिसका 30 हजार रुपया होता है। लेकिन अभी तक उसने पैसा नहीं दिया। 8 अप्रैल 2024 को वह उनके घर अपने पैसे मांगने गया तो उसके साथ गाली गलौज व मारपीट की गई। जिससे उसके सिर में गंभीर चोटें आयी है।

हाकिम कुशवाहा, नरेंद्र पुत्रगण भगवती प्रसाद सहित परिवार के लोग धमकाते है। यदि मजदूरी का पैसा नहीं मिला तो परिवार भुखमरी की कगार पर आ जाएगा। पीड़ित की सूचना पर कुलपहाड़ पुलिस ने आरोपी हाकिम कुशवाहा, उसके भाई नरेंद्र, पंकज व अमित के खिलाफ धारा 323, 504, 506 व अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति नृशंसता निवारण अधिनियम 1989 संशोधन 2015 के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

अंबेडकर पाठशाला में धूमधाम से मनाई गई बाबा साहब की जयंती

चरखारी (महोबा), समृद्धि न्यूज।

चरखारी नगर में संचालित डॉ भीमराव अम्बेडकर पाठशाला एवं लाइब्रेरी खंदिया में बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर जयंती का कार्यकम किया गया जिसमें मुख्य अतिथि प्रोफेसर डॉ. दीपक गौतम (राजकीय महाविद्यालय चरखारी), राजकुमार मौर्या, व पूनम प्रताप कुशवाहा,एवं महिपाल साहू (डायरेक्टर) बुंदेल केसरी कंपनी चरखारी रहे इस अवसर पर बच्चों को मिष्ठान खिलाकर पठन पाठ्य सामग्री बच्चों को वितरित की गई कार्यक्रम का आयोजन पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया संविधान निर्माता बाबा साहब डॉ.भीमराव अम्बेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण,पुष्पांजलि अर्पित कर नमन किया, प्रोफेसर डॉ. दीपक ने बताया की बाबा साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891 को हुआ था, जिन्होंने हमें शिक्षा का अधिकार, आदि अधिकार दिए,दलितों,पिछड़ों के मसीहा महामानव अम्बेडकर जी के आदर्शों, विचारो,पद चिन्हों पर चलने के लिए कहा गया पाठशाला संचालक इन्द्र कुमार कुशवाहा ने बताया कि अम्बेडकर पाठशाला एवं लाइब्रेरी को संचालित हुए आज 1 वर्ष पूर्ण हो गया है वैसे तो पाठशाला कोरोना काल से निरंतर संचालित है पाठशाला समाज के नौनिहालों,छोटे भाई बहनों, बच्चों का भविष्य उज्वल बनाकर एक अच्छे समाज और राष्ट्र का निर्माण करने का संकल्प लेकर चल रहा है हम सब मिलकर बाबा साहब का सपना पूरा करेंगे प्रतिदिन विद्यालय जाने के लिए, पढ़ने के लिए प्रेरित किया गया इस अवसर पर रवि यादव,नीरज साहू, अनिल कुशवाहा, पुष्पेंद्र, हरिचरन, गनेश, मनीष प्रजापति, अमित,मनीष अहिरवार, भूपेंद्र, एवं मकरन, प्रिंस, मनषेक, पूनम सहित छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। इस मौके पर मिष्ठान वितरण कर कार्यक्रम संपन्न किया गया।

चोर गिरोह की 14 महिला आरोपी गिरफ्तार

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अपर पुलिस महानिदेशक कानपुर जोन, कानपुर एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर के निर्देशन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा संजय कुमार के पर्यवेक्षण में थाना बकेवर पुलिस ने लखना देवी मन्दिर में लगने वाले मेले में श्रद्धालुओं से कीमती जेवरात एवं अन्य सामग्री को चोरी करने वाले गैंग में शामिल 14 महिलाओं को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी किये गये चैन एवं मंगलसूत्र अनुमानित कीमत लगभग 9 लाख रूपये बरामद किये।

थाना बकेवर क्षेत्र अन्तर्गत लखना में ऐतिहासिक कालिका देवी मंदिर पर मेला लगता है जिसमें सम्पूर्ण प्रदेश से दर्शनार्थी माता रानी के दर्शन करने भारी संख्या में आते हैं इसी क्रम में गत दिवस भी भारी संख्या में दर्शनार्थी माता के दर्शन के लिये आये थे एवं मन्दिर परिसर में भारी मात्रा में भीड़ थी इसी दौरान कुछ महिलाओं ने लगभग 10 -11 महिलाओं की चेन एवं मंगलसूत्र चोरी कर लिये। जिसके सम्बन्ध में वादी अरूण कुमार पुत्र विजय सिंह निवासी दुर्गा नगर उखर्रा रोड राजपुर चुंगी थाना सदर जनपद आगरा से भी किसी महिला द्वारा उनकी चैन चोरी कर ली। थाना बकेवर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुये लखना कालिका देवी मन्दिर पर लगे मेले से अन्तर्जनपदीय चोर गिरोह की सदस्य कुल 14 महिलाओं को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्ताओं की पुलिस टीम द्वारा नाम पता पूछते हुये तलाशी ली गयी तो उनके कब्जे से कुल 7 सोने की चैन एवं 4 मंगलसूत्र बरामद किये गये । जिसके सम्बन्ध में पूछताछ करने पर उनके द्वारा बताया गया कि हम लोगों ने मिलकर लखना देवी मन्दिर पर दर्शन करने आये दर्शनार्थियों से चोरी किये हैं।

इस सफलता में राकेश कुमार शर्मा प्रभारी निरीक्षक थाना बकेवर, उ.नि. ललित कुमार, उ.नि. इन्द्रेश कुमार, उ.नि. विनय कुमार द्विवेदी, हे.का. विजय दीक्षित, का. परवेन्द्र, का. रवि गुप्ता, का. सोनू, का. राघवेन्द्र, म.का. संगम यादव, म.का. निर्मल शर्मा, म.का. अकांक्षा तिवारी का सराहनीय योगदान रहा।।उक्त सराहनीय कार्य करने वाली पुलिस टीम के उत्साह वर्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक इटावा द्वारा 20,000 रुपये की धनराशि से पुरूस्कृत किया गया।

कांग्रेस नेताओं ने मनाई अंबेडकर जयंती

इटावा, समृद्धि न्यूज।

जिला कांग्रेस कार्यालय इटावा पर संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई तथा विभिन्न स्थानों पर लगी प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया।

कांग्रेस कार्यालय पर गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष मलखान सिंह यादव ने कहा बाबा साहब ने संविधान सौपते हुए अपने भाषण में कहा था कि हम सबसे अच्छा संविधान लिख सकते हैं लेकिन उसकी कामयाबी आखिरकार उन लोगों पर निर्भर है जो देश को चलाएंगे। बाबा साहब ने कहा था समाज के उत्थान के लिए हमें शिक्षित होना जरूरी है अतः हमें हर समस्या का सामना करते हुए अपनी पढ़ाई पूरी करनी चाहिए व्यक्ति अपनी योग्यता एवं क्षमता से ही उच्च पद प्राप्त करता है एवं सम्मान पाता है हमें अपनी योग्यता एवं क्षमता को बढ़ाना चाहिए। शहर अध्यक्ष पल्लव दुबे ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने सिखाया कि अन्याय के विरुद्ध चुप नहीं बैठना चाहिए बल्कि हमें उसका का खुलकर विरोध करना चाहिए।

बैठक में प्रमुख रूप से पीएससी सदस्य मोहम्मद राशिद खान,कोमल सिंह कुशवाहा, आरबी पाल, वाचस्पति दुबे, सोजब रिजवी, आसिफ जादरान, सुनीता कुशवाहा,सुरेंद्र प्रताप सिंह,आशीष दीक्षित,आसाराम कठेरिया,रणवीर सिंह यादव, अवनीश वर्मा, सचिन संखवार, अंजू वर्मा अंसार अहमद, प्रभु दयाल शाक्य,हरिओम,अमित अग्निहोत्री, सतीश शाक्य, महेश कटारे,केपी सिंह यादव,सोहेल वारसी आदि लोग उपस्थित रहे।

प्रसाद वितरण कर कन्या भोज कराया

इटावा, समृद्धि न्यूज। चैत्र नवरात्र के पावन पर्व पर षष्ठी माँ कात्यायनी के दिन कस्बे के मंदिरों में श्रद्धा का सैलाब देखा गया। सुबह से पूजा-अर्चना का दौर चलने के साथ ही प्रसाद वितरण किया गया। इसके साथ ही व्रत रखने वाले भक्तों ने अपने घरों पर कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया। शनिवार को चैत्र नवरात्र छठे दिन पर्व पर सुबह से भरथना रोड पर बकेवर में स्थित सुप्रसिद्ध माता गमा देवी के दर्शन करने के की भीड़ उमड़ी पड़ी। माता के भक्तों ने मंदिर में फूल, मिठाई का भोग लगाया। मंदिरों में प्रसाद का वितरण किया गया। भक्तों ने श्रद्धापूर्वक लाइन में लगकर माता का प्रसाद ग्रहण किया। कस्वा निवासी व्यपार मंडल अध्यक्ष गौरव शर्मा शिलू ने मंदिर पर कन्या भोज का अयोजन कराया कन्याओं का पूजन कर उन्हें भोज कराया तथा दक्षिणा देकर आशीर्वाद लिया। नन्दू शुक्ला, अनिल तिवारी, अनूप शर्मा एडवोकेट, रवी अवस्थी,रवी प्रकाश शुक्ला,अनील चौधरी आकाश पाठक, शोलू तिवारी आदि का विशेष सहयोग रहा।

सभासद शरद बाजपेयी ने बाबा साहब को किया नमन

इटावा, समृद्धि न्यूज।

बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर की 133 वीं जयंती पर अम्बेडकर पार्क विशुन बाग में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं जाने माने समाजसेवी वरिष्ठ सभासद शरद बाजपेयी ने बाबा साहेब की मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करते हुए कहा कि बाबा साहेब ने देश में समरसता का भाव पैदा किया।

उन्होंने दलितों, गरीबों एवं समाज में पिछड़े वर्गों को समानता, समता और सम्मान दिलाने का कार्य किया, अपने जीवन में उन्हें बहुत कठिनाइयां भी आईं लेकिन उन्होंने उन कठिनाइयों का दृढ़ता के साथ सामना किया और समाज को समता पूर्ण बनाने का कार्य किया। शरद बाजपेयी ने कहा कि बाबा साहेब चाहते थे कि चाहे दलित हों, पिछड़े हों, सवर्ण हों समाज में किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। शरद बाजपेयी ने कहा कि बाबा साहेब के विचारों को हमें समझना चाहिए और उनके आदर्शों पर चलकर समतापूर्ण समाज व देश का निर्माण करना चाहिए। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा के जिलाध्यक्ष नाथूराम गोयल, अनुसूचित मोर्चा क्षेत्रीय मंत्री सुधीर कठेरिया आदि लोगों ने भी माल्यार्पण कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

अम्बेडकर जयंती पर सपाइयों ने की गोष्ठी

सपा कार्यालय पर सविंधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर आयोजित गोष्ठी की अध्यक्षता करते जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू जी, गोष्ठी के मुख्य अतिथि विधायक श्री राघवेन्द्र गौतम जी, ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर लाखन सिँह जाटव जी, उपाध्यक्ष आशीष राजपूत, बरिष्ठ नेता के के यादव, उदयभान सिंह यादव, उमेश राजपूत डुल्ले विधानसभा अध्यक्ष, जिला प्रवक्ता/मीडिया प्रभारी विक्की गुप्ता, शहर अध्यक्ष अब्दुल अंसारी, ब्रजेन्द्र यादव, रमेश यादव, प्रवीन कुशवाह, दीपी सिंह, रामबेटी गोयल,सरिता सिंह,रविंद्र यादव, प्रधान सूरजपाल सिंह राजपूत, सीताराम कश्यप, उपदेश मिश्रा, लल्ला सिंह कठेरिया, जिलाध्यक्ष छात्र सभा, रवि यादव जी विधायक, लोहिया वाहिनी किशन यादव, यूथ बिग्रेड नरेंद्र पाल, युवजन सभा आदित्य गोविन्द, अल्पसंख्यक सभा फरहान शकील,अखिलेश वर्मा,अम्बेडकर वाहिनी अशोक जाटव, प्रदीप सोनी, एडवोकेट राजू यादव, देवेंद्र भदौरिया, दीपक पाल, मोनू अग्निहोत्री, अख्तर कफील, राकेश यादव, अरविन्द यादव, अभिषेक यादव, मो. अख्तर, सुखवीर यादव, गिरेंद्र यादव, शिव कुमार निषाद, रुपेश कठेरिया,अंकुर यादव, पप्पू यादव आदि उपस्थित रहे।

बाबा साहब डॉ. अंबेडकर की जयंती पर पान कुंवर में कार्यक्रम आयोजित

इटावा, समृद्धि न्यूज।

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष में पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल इटावा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का प्रारंभ प्रबंधक डॉ कैलाश चंद्र यादव ने अंबेडकर जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया । उसके पश्चात छात्र छात्राओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि भीमराव रामजी अंबेडकर को बाबा साहेब के नाम से भी जाना जाता है ।भारत संविधान के जनक, चिंतक, समाज सुधारक और दलित वर्गों के लिए आवाज उठाने वाले बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर का जन्म 14 अप्रैल 1891 को मध्य प्रदेश के महू में हुआ था। इनके पिता का नाम रामजी मालोजी सकपाल और माता का नाम भीमाबाई था। भीमराव अपने माता-पिता की 14वीं संतान थे। आज इनकी 133वीं जयंती मनाई जा रही है। भीमराव अंबेडकर का जन्म निचले कुल में हुआ था। इनका परिवार महार जाति का था। इस जाति को समाज में अछूत माना जाता है। ऐसे में भीमराव को बचपन से सामाजिक भेदभाव के साथ कमजोर आर्थिक स्थिति का भी सामना करना पड़ा। भीमराव अंबेडकर ने 1908 में एलफिंस्टन कॉलेज में दाखिला लिया। इस महाविद्यालय में दाखिला लेने वाले वे पहले दलित छात्र थे। भीमराव अंबेडकर ने दलितों, निचले वर्ग, मजदूर और महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ आवाज बुलंद की और 'बहिष्कृत भारत', 'मूक नायक' और 'जनता' नाम के पाक्षिक और साप्ताहिक पत्र निकालने की शुरुआत की। बाबा साहेब अंबेडकर

आजाद भारत के पहले कानून मंत्री बनें । इतना ही नहीं उन्होंने विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान 26 नवंबर 1949 में तैयार किया । इसे तैयार करने में 2 साल 11 महीने और 18 दिन का समय लगा। बाल विवाह प्रचलित होने के कारण अंबेडकर का विवाह 1906 में 9 साल की रमाबाई से हुआ। इस समय भीमराव की उम्र 15 साल थी। पहली पत्नी रमाबाई की मृत्यु के बाद उन्होंने सविता से दूसरा विवाह किया। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर 9 भाषाओं को जानते थे। इन्होंने देश-विदेश के कई विश्वविद्यालयों से पीएचडी की कई मानक उपाधी प्राप्त की । बाबा साहेब के पास लगभग 32 डिग्रियां थीं। 1951 में संसद में अपने हिंदू कोड बिल मसौदे पर रोके जाने के बाद उन्होंने मंत्रीमंडल पद से इस्तीफा दे दिया। इस मसौदे में उत्तराधिकार, विवाह और अर्थव्यवस्था को लेकर कानून में लैंगिक समानता की बात कही गई थी। 1956 में बाबा साहेब ने हिंदू धर्म को छोड़ बौद्ध धर्म अपना लिया। इनके साथ इनकी पत्नी सविता और लाखों दलितों ने भी बौद्ध धर्म को अपनाया था। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की मृत्यु 06 दिसंबर 1956 को दिल्ली में उनके आवास में हुई थी। वह मधुमेह से पीड़ित थे। मृत्यु के बाद भीमराव अंबेडकर को 1990 में भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। सभी छात्र छात्राओं ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

अग्नि शमन स्मृति दिवस के अवसर पर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

महोबा, समृद्धि न्यूज।

फायर सर्विस कर्मी हर दिन आग से खेलने का काम करते हैं इस खतरनाक काम को अंजाम देते हुए उन्हें अपनी जान की भी फिक्र नहीं होती, फिक्र होती है तो उन्हें सिर्फ उस जलते मंजर या फिर उसमें धधकती जिंदगी को बचाने की। ऐसी ही एक घटना 14 अप्रैल 1944 दिन शुक्रवार को हुई जब विक्टोरिया डाक मुंबई में सेना की विस्फोट सामग्री से भरा फोर्ट स्टीफन के मालवाहक पानी का जहाज लपटों के आगोश में समा गया आग पर काबू पाने के लिए मुंबई फायर सर्विस के सैंकडों अधिकारी कर्मचारी घटनास्थल पर पहुंचे अदम्य साहस और पराक्रम का प्रदर्शन करते हुए इन जांबाज अग्निशमन कर्मचारियों ने ज्वाला पर आग काबू करने का संपूर्ण प्रयत्न किया अथक प्रयास के बाद आग पर नियंत्रण पा लिया गया लेकिन इस दौरान 66 बहादुर फायर कर्मियों को अपनी जान की आहुति देनी पड़ी इन्ही अमर शहीदों की याद में 14 अप्रैल को संपूर्ण देश में राष्ट्रीय अग्निशमन दिवस÷ मनाया जाता है यह दिन उन बहादुर 66 फायर कर्मियों को समर्पित है। रविवार को राष्ट्रीय अग्निशमन स्मृति दिवस के अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम द्वारा फायर स्टेशन महोबा में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी देवेश तिवारी की उपस्थिति में शहीद हुये अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई एवं फायर स्टेशन के कर्मच

डॉ. अम्बेडकर का जीवन प्रत्येक छात्र के लिए अनुकरणीय: गौरीशंकर

उरई (जालौन)। समृद्धि न्यूज

भारत रत्न बोधिसत्व डॉ. भीमराव रामजी आंबेडकर की 134 वीं जयंती के शुभ अवसर पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई द्वारा दयानन्द वैदिक कॉलेज में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रोफेसर राजेश चंद्र पांडेय, मुख्य अनुशासन अधिकारी डॉ. गौरव यादव, मुख्य वक्ता डॉ. नमो नारायण और अभाविप नगर अध्यक्ष डॉ. सुरेंद्र यादव के द्वारा मां सरस्वती, सामाजिक न्याय के पुरोधा बाबा साहब अम्बेडकर, युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के चित्रों पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन से हुआ।

प्राचार्य प्रोफेसर राजेश चंद्र पांडेय ने बाबा साहब को सबका प्रेरणा स्रोत बताया। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर सबके नेता थे है और रहेंगे। उन्हें किसी जाति विशेष का नेता कहने से उनके व्यक्तित्व को छोटा करना है। मुख्य अतिथि सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने डॉ.

डॉ. अंबेडकर के पास 64 विषयों की मास्टर डिग्री, तीन विषयों में पीएचडी और 11 भाषाओं के जानकार थे

अम्बेडकर के जीवन को प्रत्येक छात्र के लिए अनुकरणीय बताया। उन्होंने बताया कि उनका व्यतित्व विपरीत से विपरीत परिस्थिति में अपने अधिकारों के लिए लड़ना सिखाया है। अभाविप उरई विभाग के विभाग प्रमुख मुख्य वक्ता डॉ. नमो नारायण ने अम्बेडकर जी के जीवन में प्रकाश डालते हुए सभी विद्यार्थियों से उनके बारे में पढ़ने को कहा। उन्होंने बताया कि डॉ. अंबेडकर के पास 64 विषयों मास्टर डिग्री, तीन विषयों में पीएचडी और 11 भाषाओं के जानकार थे। डॉ. अंबेडकर जी के व्यक्तिगत पुस्तकालय में 50 हजार से अधिक पुस्तकें थी और वह उस समय की सबसे बड़ी व्यक्तिगत लाइब्रेरी थी। उन्होंने समाज में सबकी बराबरी के लिए जिस सामाजिक क्रांति की अलख जगाई उसी से समाज, राष्ट्र,

डा. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण करते भाजपा नेता

राज्य का निर्माण हो सकेगा और संविधान में यह पूरी तरह से परिलक्षित होता है। इस अवसर पर डीवीसी के अनुशासन अधिकारी गौरव यादव, विद्यार्थी परिषद नगर अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, प्रांत सहमंत्री चित्रांशू, विभाग समिति सदस्य अभय दुबे, जिला सह संयोजक शशांक चंदेल, नगर मंत्री दीपक उपाध्याय, नगर सहमंत्री अमन बुधौलिया, नितिन तिवारी के साथ अन्य छात्र छात्राएं मौजूद रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एमएड छात्रा सेजल और शिक्षा ने किया।

संविधान शिल्पी भीमराव अंबेडकर जयंती पर श्रद्धासुमन किये अर्पित

उरई। भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित के नेतृत्व में जनपद के 19 मंडलों के 1400 बूथों पर संविधान के शिल्पकार भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ .भीमराव अंबेडकर की जयंती को मनाया। इसी क्रम में उरई के अंबेडकर चौराहा भाजपा जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित एवं विजय चौधरी पूर्व पालिकाध्यक्ष सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने बाबा साहब की मूर्ति पर साफ सफाई एवं धुलाई के उपरांत माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किए वा लोकसभा केंद्रीय चुनाव कार्यालय में, पाठकपुरा, पुलिस लाइन बघौरा में केंद्रीय मंत्री सांसद भानु प्रताप वर्मा ने बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष डा. घनश्याम अनुरागी, उरई सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र सिंह सेंगर, नगर अध्यक्ष अमित समाधिया एवं आकाश गहाई सहित जिला एवं क्षेत्र के पदाधिकारी जनप्रतिनिधियों के अलावा बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

संवेदनशील मतदान केंद्र पर अतिरिक्त पुलिस बल किए जाएंगे तैनात

उतरौला(बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

लोकसभा चुनाव में उतरौला तहसील क्षेत्र के 86 मतदान केंद्र को अतिसंवेदनशील व 26 मतदान केंद्र संवेदनशील चिन्हित किया गया है।

लोकसभा चुनाव में उतरौला तहसील क्षेत्र में 436 बूथ है। उतरौला तहसील क्षेत्र में दो विधानसभा उतरौला व बलरामपुर आशिक आते हैं। चुनाव को शान्ति पूर्वक सम्पन्न कराने के लिए प्रशासन ने कमर कस ली है। ऐसे मतदान केंद्र जहां पर किसी चुनाव में हिसक वारदात हुई है अथवा मतदान के दौरान पक्षों में मार-पीट अथवा बूथ कैप्चरिंग वारदात हुई है उसको चिन्हित करके अतिसंवेदनशील व कुछ मतदान केंद्र संवेदनशील बनाया गया है। उतरौला विधानसभा क्षेत्र में 86 अतिसंवेदनशील मतदान केंद्र में खरिका मासूमपुर,बभनपुरवा, नेवादा, रामपुर ग्रिन्ट,बूधीपुर, गजपुर ग्रिन्ट, इट ई रामपुर,टेढवा तप्पा बाक, छीतरपारा, गैडास बुजुर्ग, हुसेनाबाद, देवरिया

जंगली, मानापार बहेरिया, नयानगर विशुनपुर, रमवापुर कलां, उतरौला नगर के सभी मतदान केन्द्रों आदि है। इसी तरह 26 संवेदनशील मतदान केंद्र पिरैला माफी, जिगनाघाट, भरवलिया, मोहम्मदपुर बजरहा,अमया देवरिया,गायडीह, लालपुर भलुहिया, गोल्हीपुर आदि है। बलरामपुर आशिक में अति संवेदनशील 28 मतदान केंद्र चिन्हित किए गए हैं। इनमें महदेइया,मुजहना, मुजहनी, पेहर, चमरुपुर, कपौवा शेरपुर महमूद नगर, गुमड़ी, श्रीदत्तगंज आदि है। संवेदनशील 9 मतदान केंद्र चिन्हित किया गया है। सभी मतदान केन्द्रों क्षेत्र में चुनाव में बांधा डालने वाले व चुनाव के दौरान शान्ति भंग करने वाले संदिग्धों लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई पुलिस कर रही है जिससे चुनाव शान्ति पूर्वक सम्पन्न हो सके। उपजिलाधिकारी उतरौला/ सहायक निर्वाचन अधिकारी उतरौला अवधेश कुमार ने बताया कि सभी अति संवेदनशील व संवेदनशील मतदान केंद्र पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किए जाएंगे।

बाबा साहब के अनुयायियों ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर डाला प्रकाश

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर जनपद के बार्डर रसूलाबाद से ओम प्रकाश गौतम ने हरी झंडी दिखाकर शोभायात्रा रवाना किया। जो क्षेत्र के रसूलाबाद से शुरू होकर महुवा बाजार, हाशिमपारा ,बकसरिया होते हुए श्यामा प्रसाद मुखर्जी चौराहे से नगर के मुख्य बाजार होता हुआ बरदही बाजार से गोंडा मोड़ बाबा फक्कड़दास स्थित बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर श्रध्दा पूर्वक माल्यापर्ण किया गया।और शोभायात्रा सभा में तब्दील हो गया।जहां पर बाबा साहब के अनुयायियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए उनके पद चिन्हों पर चलने की बात कही। ओम प्रकाश गौतम

ने कहा कि भारत रत्न भारतीय संविधान के रचियता डॉ भीमराव अंबेडकर का जीवन आदर्श एवं संघर्ष हम सभी को हमेशा प्रेरणा प्रदान करता है। शोभा यात्रा में ओम प्रकाश गौतम,जयराम गौतम,राजा भारती,परशुराम बौध्द,राम अभिलाष उर्फ जे डी पैंथर,राम दयाल यादव,महेश भारती,राजू भारती,बृजेश गौतम समेत सैकड़ों की संख्या में बाबा साहब भीमराव के अनुयायी शामिल रहे।

महिला ने गांव के युवक पर लगाया दैहिक शोषण करने का आरोप

कालपी (जालौन)। कदौरा थाना क्षेत्र के ग्राम निवासिनी महिला ने गांव के ही युवक पर दैहिक शोषण का आरोप लगाया है। इस मामले का शिकायती पत्र उसने थाना पुलिस को भी दिया है हालांकि अभी मामला दर्ज नहीं हुआ है। पति तथा परिजनों के साथ कोतवाली आई महिला ने कोतवाली पुलिस को दिए शिकायती पत्र के माध्यम से अवगत कराया है कि गत होली के दौरान उसका पति एवं सास ससुर खेतों पर गये थे और मौका देखकर गांव निवासी एक युवक घर में घुस आया था तथा उससे जबरदस्ती करने लगा था लेकिन उसने विरोध किया तो वह उसकी मासूम बेटी की हत्या करने की धमकी देने लगा था जिससे वह भयभीत हो गयी थी और उसका कहा मान लिया था। लेकिन गत 12 अप्रैल को उसके पति एवं ससुर फिर खेतों पर चले गए थे तो मौका देखकर वह छत के रास्ते कमरे में आ गया था।

अंबेडकर जयंती पर भाजपा नेत्री की अगुवाई में निकाली गयी शोभा यात्रा

कुठौंद (जालौन)। भारतीय संविधान के शिल्पकार भारत रत्न से अलंकृत बाबा साहेब डॉ .भीमराव अंबेडकर जयंती पर सर्वसमाज की नेत्री पूजा शुक्ला (नेता जी) ने अंबेडकर पंचशील बुद्ध बिहार कुठौंद में स्वच्छता अभियान चलाकर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया एवं कुठौंद कस्बे में सर्वसमाज के लोगों की सहभागिता के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की भव्य शोभ यात्रा निकाली गई किया। इस अवसर पर भाजपा नेत्री पूजा शुक्ला ने बताया डॉक्टर भीमराव अंबेडकर बाबा साहेब भारतीय संविधान के जनक का जन्म 14 अप्रैल 1891 में मध्य प्रदेश के महू में एक दलित महार परिवार में हुआ था वह एक विश्व स्तरीय अधिवक्ता ही नहीं बल्कि समाज सुधारक थे। जिन्होंने देश की आजादी के बाद देश को सही दिशा में आगे बढ़ाने में अहम योगदान दिया था भारतीय संविधान के जनक ही नहीं देश के पहले कानून मंत्री भी थे। इसके बाद दलित बस्ती में पहुंचकर महेंद्र सिंह गौतम, अनुराग वर्मा, रामकेश वर्मा दलित परिवार के यहां जाकर ग्रामीण भाई बहिनों के साथ बैठकर भोजन किया। इस अवसर भाजपा मण्डल अध्यक्ष रुद्र प्रताप सिंह, मण्डल प्रभारी अमित नीखरा, जिला पंचायत सदस्य अनुरुद्ध दुवेदी जी, देवेंद्र चतुर्वेदी, पवन शर्मा, नरेन्द्र महंत (प्रधान), अमित गुप्ता, हेमू, प्रदुम्म महांत, श्यामू सोनी, भाजपा पदाधिकारीगण एवं क्षेत्र के सर्व समाज के जनमानस लोग उपस्थित रहे। इसीक्रम में मदारीपुर में कालपी रोड स्थित संतोष वर्मा के आवास पर भी भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर 134 वीं जयंती पूर्व मंत्री चैनसुख भारती की उपस्थित में धूमधाम से मनाया गया।

खबरें एक नजर में

साकेत में संगोष्ठी के जरिए किया गया संविधान निर्माता को नमन

अयोध्या। कामता प्रसाद सुन्दर लाल साकेत स्नातकोत्तर महाविद्यालय में भारत रत्न बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष में राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी इकाइयों के तत्वाधान में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया।संगोष्ठी का विषय विश्व ज्ञान दिवस एवं आज के परिपेक्ष में बाबा साहब के शिक्षा,आदर्श की उपयोगिता थी।मुख्य नियंता प्रो अनिल कुमार सिंह द्वारा ज्ञान एवं बाबा साहब की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया।विशिष्ट अतिथि उप कुलसचिव अवध विश्वविद्यालय दिनेश कुमार मौर्य द्वारा छात्र एवं छात्राओं को आज के दौर में भारतीय संविधान एवं बाबा साहब के द्वारा सीख लेने की बात कही गई।मुख्य वक्ता माइक्रोबायोलॉजी विभाग अवध विश्वविद्यालय के प्रो शैलेंद्र कुमार द्वारा आज के दौर में बाबा साहब की उपयोगिता पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।संगोष्ठी के अंत में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अभय कुमार सिंह द्वारा बाबा साहेब की शिक्षा,आदर्श तथा आज किस प्रकार एनएसएस के छात्र उनकी शिक्षाओं द्वारा समाज में समता मूलक समाज की स्थापना हो सके,पर विस्तृत प्रकाश डाला गया।धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम अधिकारी डॉ रीमा सोनकर द्वारा किया गया।कार्यक्रम में अन्य कार्यक्रमाधिकारी डॉ आलोक कुमार सिंह,डॉ बाल गोविंद, डॉ रीता सिंह,डॉ शशी सिंह तथा डॉ आशुतोष त्रिपाठी के साथ साथ महाविद्यालय के प्रो आशुतोष सिंह,प्रो वंदना जायसवाल,प्रो कविता सिंह,डॉ उमाकांत,डॉ अजीत वर्मा,डॉ संतलाल,डॉ वेद प्रकाश बेदी,डॉ संतोष कुमार,डॉ विष्णु कुमार,डॉ नीलम,डॉ उमापति,डॉ संदीप वर्मा,डॉ राजेश कुमार वर्मा व डॉ दिनेश कुमार की उपस्थिति रही।कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्र एवं छात्राओं की सहभागिता काफी सराहनीय रही।

स्कूली बस से शादी विवाह लगन करने पर आक्रोश: वेद प्रकाश

सोनभद्र। प्राइवेट बस एसोसिएशन जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश पांडे द्वारा संबंधित कई विभाग को पत्र सौंप कर प्राइवेट विद्यालयों के बसों द्वारा शादी विवाह में लग्न बुकिंग कर चलने को लेकर जताया आक्रोश सोप पत्र जांच व कार्रवाई करने की उठाई मांग।वेद प्रकाश पांडे ने बताया कि आए दिन लग्न विवाह के दिन प्राइवेट विद्यालयों के बसों द्वारा जिले के रामगढ़, खलियारी घोरावल, शाहगंज, रावट्सगंज,ओबरा चोपन में प्राइवेट स्कूली बसों द्वारा शादी विवाह पार्टी में संचालन किये जाने के को लेकर जताया गया आक्रोश। श्री पांडे ने बताया कि अधोहस्ताक्षरी आप का ध्यान आकृष्ट कराना चाहता है रामगढ़, खलियारी घोरावल, शाहगंज, रावट्सगंज,ओबरा चोपन में स्कूली वसो शारी विवाह में रिजर्व संचाल किया जा रहा है समस्या के सम्बंध में पूर्व में भी प्रार्थी गण अवगत कराया गया है उनके अवैध संचालन से राजस्व की भी हानि होते है अप्रैल मई में स्कूल हाफ टाइम हो जाता है सुबह शाम स्कूली वस संचालकों द्वारा अपनी वाहने का शादी पार्टी में धड़ल्ले से संचालन किया जा रहा है इनका अवैध संचालन वर आवश्यक करवाई कराया जाना अत्यन्त आवश्यक है। वही श्री पांडेय ने बताया कि विनम्र निवेदन शादी विवाह में यह किये पर स्कूल संचालक को आवश्यक दिशा निर्देशित कर कार्रवाई करने को अवगत कराया जाए । एआरटीओ विनोद सोनकर ने सम्बंधित को कार्यवाह करने को किया निर्देशित।

अर्दली रूम, सम्बन्धित विवेचकों को विवेचना का त्वरित निस्तारण का निर्देश: राहुल पांडेय

सोनभद्र। रविवार को क्षेत्राधिकारी नगर राहुल पाण्डेय द्वार थाना रॉबर्ट्सगंज पर अर्दली रूम किया गया । अर्दली रूम के दौरान क्षेत्राधिकारी द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज पर लम्बित विवेचनाओं के सन्बंध में विस्तृत रूप से वार्ता करते हुये लम्बित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचनाओं का समय से निस्तारण करने हेतु सम्बंधित विवेचकों को निर्देशित किया गया साथ ही जनशिकायतों की सुनवाई कर तत्काल जाँच करने व विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु भी निर्देश दिये गये । इसके अतिरिक्त क्षेत्राधिकारी द्वारा अधिक समय से लंबित विवेचनाओं के शीघ्र निस्तारण पर जोर देते हुए वांछित अभियुक्तों व वारंटियों की गिरफ्तारी करने, आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों एवं शिकायती प्रार्थना पत्रों का त्वरित निस्तारण, रात्रि में चौराहे/तिराहे पर चेकिंग करके अपराधियों के संचरण पर रोक लगाने सहित अन्य अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों का भौतिक सत्यापन करने, अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के तस्करों व क्रय विक्रय करने वालों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने, थाने के मालों का निस्तारण तथा महिला संबंधी अपराधों में त्वरित गति से कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए । इसके साथ ही वर्तमान समय में शासन एवं उच्चाधिकारीगण द्वारा जारी आदेशों एवं अभियानों के सम्बंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये । इस दौरान थाना प्रभारी सत्येंद्र कुमार राय, महिला थाना निरीक्षक सविता सरोज ,नई बाजार चौकी प्रभारी संजय सिंह,सुजीत कुमार सेठ,अजय कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सड़क किनारे फेंके जा रहे सड़े, गले फल गौवंशों के स्वास्थ्य को पहुंचा रहे नुकसान

कालपी (जालौन)। फल व्यापारी द्वारा सड़क पर फेंके गए सड़े गले फल गौवंशों के स्वास्थ्य को क्षति पहुंचा सकते हैं। लेकिन जिम्मेदार सड़े गले फल और सब्जियां सड़क पर फेंकने वालों पर नजर नहीं रख रहे हैं। विदित हो कि नगर में थोक व फुटकर सब्जी मण्डी के अलावा नगर के विभिन्न हिस्सो में फलों की गोदामों भी है जहां से वह व्यापार करते हैं लेकिन व्यापारी सडी गली सब्जियां तथा फल के ढेर सड़कों में डाल देते है जिन्हे आवारा घूम रहे गौवंश खाते है लेकिन सड़ी गली सब्जियां और फल खाने से उनके स्वास्थ्य पर विपरीत असर होता है जिससे उनकी मौत भी हो जाती हैं लेकिन नगर में सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी उठाए नगर पालिका परिषद की सड़े पदार्थ खुले में सड़कों पर फेंक देने से कोई वास्ता नही है। इस संबंध में जब ईओ अवनीश शुक्ला से बात की गई तो उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद में सफाई निरीक्षक की कमी है फिर भी अगर ऐसा है तो गलत है इस पर अब पालिका नजर रखेगी और ऐसा करने वालो के खिलाफकार्रवाई भी की जाएगी।

बाजार गये वृद्ध दस दिनों से लापता, बेटे ने लगायी पुलिस से गुहार

जालौन (उरई)। किसी काम के चलते बाजार गए वृद्ध पिछले दस दिनों से लापता हैं। पुत्र ने पिता की सकुशल बरामदगी की गुहार लगाते हुए कोतवाली में गुमशुदगी दर्ज कराई है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला सहावनाका निवासी सिराजुद्दौला ने पुलिस को बताया कि उनके पिता रशीद मंसूरी बीती तीन अप्रैल को सायं करीब चार बजे घर से बाजार जाने की बात कहकर निकले थे। देर शाम तक जब वह वापस नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की। उनके पितत्र, परिचितों और नाते रिश्तेदारी में तलाश करने के बाद भी उनका कहीं पता नहीं चला। बताया कि पिता कभी भी बिना बताए कहीं नहीं जाते थे।

भाजपा नेताओं ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

उतरौला (बलरामपुर)। समृद्धि न्यूज

संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर भाजपा विधायक राम प्रताप वर्मा,नपाप उतरौला के अध्यक्ष प्रतिनिधि अनूप चन्द्र गुप्ता, भाजपा नगर अध्यक्ष समेत तमाम कार्यकत्ताओं ने फक्कड़ बाबा मंदिर चौराहे पर लगी बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और देश की आजादी व संविधान निर्माण में किए गए योगदान की चर्चा की गई। बसपा के विधानसभा उतरौला के रहे प्रत्याशी राम प्रताप पहलवान ने संगठन पदाधिकारियों समेत तमाम नेताओं ने भीमराव अम्बेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इसी तरह श्रीदत्तगंज बाजार,महदेइया मोड़, पेहर,गैडास बुजुर्ग,महुवा बाजार,हासिनपारा,चिरकुटिया, कपौवा शेरपुर समेत तमाम जगहों पर भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनाई गई और? विभिन्न कार्यक्रम हुए।

यूपी श्रम विभाग की वेबसाइट जल्द शुरू हो, साथ ही योजना आवेदन से वंचित लोगों की समय सीमा बढ़े: सावित्री देवी

श्रम विभाग की साइट बंद होने से श्रमिकों को उठानी पड़ रही परेशानी,योजना आवेदन की समय सीमा भी बीत

सोनभद्र। समृद्धि न्यूज

जनहित समाजहित की आवाज उठाने वाली महिला सुरक्षा एवं जन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सावित्री देवी ने बताया की श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाइट महिनों से बंद पड़ी है। इसकी वजह से विभागीय कार्य नहीं हो पा रहे हैं। श्रमिक विभागीय योजनाओं का लाभ लेने के लिए चक्कर काट रहे हैं। इसकी वजह से श्रमिक काफी परेशान हैं। साथ ही श्रमिकों के हितों के लिए चलाई जा रही योजनाएं भी ठप पड़ी हैं।भवन एवं सन्निर्माण कार्य में लगे श्रमिक, जो असंगठित

श्रमिकों की श्रेणी में आते हैं। ऐसे श्रमिकों के लिए प्रदेश सरकार की ओर से कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। योजनाओं का लाभ लेने के लिए श्रमिकों का विभाग में पंजीकरण होना अनिवार्य होता है। ऐसे श्रमिकों को विभाग की ओर से शिशु बालिका एवं मातृत्व लाभ योजना, अक्षमता पेंशन, मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता, अंत्येष्टि सहायता, कौशल विकास तकनीकी उन्नयन एवं प्रमाणन, आवास सहायता, पेंशन, सौर्य ऊर्जा सहायता जैसी तमाम योजनाएं हैं।लेकिन लगभग 2 माह से श्रमिक योजनाओं का लाभ लेने के लिए भटक रहे हैं, लेकिन योजनाएं नहीं मिल पा रही हैं। इसकी वजह है कि श्रम विभाग की साइट नहीं चल रही। महिला सुरक्षा एवं जन सेवा ट्रस्ट की अध्यक्ष सावित्री देवी ने मुख्यमंत्री व श्रम मंत्री को शिकायती पत्र भेज कर यह मांग किया की जल्द से जल्द श्रम विभाग की अधिकारिक वेबसाइट को चालू किया जाये साथ ही योजना आवेदन में अधिकारिक वेबसाइट की समस्या की वजह से बहुत लाभार्थी आवेदन करने से वंचित रह गए है व समय सीमा भी समाप्त हो गया है जिसको मद्देनज़र रखते हुए योजना आवेदन के लिए समय समाप्त होने के बाद भी 6 माह बढ़ाया जाये जिससे की छूटे लोगों को भी योजना आवेदन करके इसका लाभ मिल सके।

अग्निशमन सेवा दिवस पर शहीद हुये जवानों को दी श्रद्धांजलि

कालपी (जालौन)। रविवार को फायर ब्रिगेड कार्यालय में प्रभारी एफएसओ महेंद्र बाजपेई की अध्यक्षता में राष्ट्रीय अग्नि सेवा दिवस मनाया गया। इस मौके पर शहीद हुए फायर कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर आग की घटनाओं पर नियंत्रण करने के लिए जागरूक किया गया। कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अग्निशमन अधिकारी ने बताया कि सन 1944 को मुंबई बंदरगाह में जहाज में आग को बुझाने में 66 फायर कर्मी वीर गति को प्राप्त हो गए थे। उन्हीं की याद में सारा राष्ट्र उनको श्रद्धांजलि देता है। उन्होंने कहा कि आग की घटनाओं को रोकने के लिए फायर कर्मियों तथा लोगों को जागरूक होने की आवश्यकता है। इस अवसर पर फायर कर्मियों मानवेंद्र सिंह, रवि कुमार शर्मा, रणधीर सिंह, विनोद नायक, वीरेंद्र सिंह, सुधर सिंह आदि जवानों ने राष्ट्र के लिए समर्पित होने वाले सभी वीरों के बलिदान को याद करते हुए शहीद अग्निशमन कर्मियों को श्रद्धांजलि देकर नमन किया।

डीएम ने गौशाला निरीक्षण में गुणवत्ता पर लगाया सवालिया निशान

कोटरा (जालौन)। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने नगर पंचायत कोटरा में 1 करोड़ 65 लाख रुपए से बन रही निर्माणाधीन कान्हा गौशाला में बन रहे टीन शेड, कमरों आदि का निरीक्षण कर संबंधित अधिकारियों का आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कार्यदायी संस्था को निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में मानकों व गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। मानकों की अनदेखी पाए जाने पर संबंधित कार्यदायी संस्था के साथ ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि निर्माणाधीन कान्हा गौशाला को निर्धारित समय अंतर्गत मजदूरों की संख्या बढ़ते हुए तेज गति से कार्य को पूर्ण करें, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने टीन शेड, बीम, प्लास्टर की गुणवत्ता खराब होने पर संबंधित को फटकार लगाते हुए उसे एक सप्ताह में ठीक कराए जाने के निर्देश दिए।

समरसता दिवस के रूप में सभी बूथों पर मनाई गई बाबा साहब की जयंती

अयोध्या। समृद्धि न्यूज

लोक सभा के सभी बूथों पर बाबा साहब अम्बेडकर की जयंती को समरसता दिवस के रूप में मनाया गया।कार्यक्रम में बाबा साहब द्वारा बताये रास्ते पर चलते हुए उनके सपनों के भारत निर्माण का संकल्प लिया गया। सभी शक्ति केन्द्र पर जनप्रतिनिधि व जिले स्तर के पदाधिकारी मौजूद रहे।इस मौके पर सांसद लल्लू सिंह,रूदौली विधान सभा के गौरियामउ,क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह रसूलाबाद व ऐमी घाट, जि.पं.अ रोली सिंह पूरा बाजार के कोडरी,विधायक वेद प्रकाश गुप्ता पूराबाजार क्षेत्र के गंगौली, महेशपुर,देवपुर,नरियावां, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी दर्शन नगर,डा. बांके बिहारी मणि त्रिपाठी अयोध्या के निर्मोचन घाट,महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव अलावलपुर रामपुर सर्धा,जिलाध्यक्ष

संजीव सिंह चौरे बाजार के भरहुखाता,अवधेश पाण्डेय बादल रूदौली के मोहम्मदपुर,इं रणवीर सिंह सोहावल क्षेत्र के डेरामूसी, जि.पं.स इंद्रभान सिंह हरीपुर जलालाबाद बूथ,शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र बहादुर सिंह, आलोक द्विवेदी,कर्तिकेय श्रीवास्तव अनिल सरस्वती विद्या मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए।गौरियामउ में आयोजित कार्यक्रम में सांसद श्री सिंह ने कहा कि केन्द्र व प्रदेश सरकार बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर के विचारों को आत्मसात करते हुए गरीबों, मजदूरों,शोषितों व वंचितों के उत्थान के प्रति संकल्पित है। सरकार की प्राथमिकता में गरीबों का विकास है।गरीबों को निःशुल्क आवास,शौचालय गैस व विद्युत कनेक्शन दिया गया है। भेदभाव के खिलाफ व गरीबों शोषितों व वंचितों के हितों की रक्षा के लिए बाबा साहब द्वारा किये संघर्ष हमें आज भी प्रेरणा प्रदान करते है।क्षेत्रीय महामंत्री व महानगर प्रभारी विजय प्रताप सिंह ने कहा कि गरीबों के चेहरे पर खुशी का भाव लाना हमारी प्राथमिकता है।हम सबका साथ सबका विकास के पथ पर चलते हुए हम सबका विश्वास हासिल करने के लक्ष्य की ओर तेजी से बढ़ रहे है।बाबा साहब भीमराव अम्बेडकर को प्रकांड विद्धान व संविधान रचयिता के रुप में हम जानते है।विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने कहा कि बाबा साहब के बताए हुए रास्ते पर चल कर सरकार के सबका साथ सबका विकास करने के लिए जनकल्याण कारी योजनाओं की श्रंखलाएं प्रदान की हैं।महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलि तब होगी जब उनके सिद्धान्तों व विचारों का पालन करने के साथ हम समाज के हित काम करने का संकल्प लेंगे।

बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों लोक सभा प्रभारी श्रीकृष्ण शास्त्री, ओम प्रकाश सिंह, कमला शंकर पाण्डेय, अभिषेक मिश्र, अशोक कसौधन, रमापति पाण्डेय, ब्लाक प्रमुख राजीव तिवारी, दिनेश वर्मा, अभिषेक सिंह, प्रतीक श्रीवास्वत, परमानंद मिश्र, राघवेन्द्र पाण्डेय, रीना द्विवेदी, अशोका द्विवेदी, बसंती सिंह, शैलेन्द्र कोरी, तिलकराम मौर्या सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने आवासीय बूथों पर आयोजित कार्यक्रमों में भाग लिया।

अंबेडकर ने समाज को एकता के सूत्र में पिरोने का कार्य किया: सुब्रत पाठक

- जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने जुलूस पर पुष्पवर्षा कर माल्यार्पण किया

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

देश के संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेडकर के 133 वें जन्मदिवस को नगर व क्षेत्र में धूमधाम से मनाया गया। जनप्रतिनिधियों सहित नागरिकों ने जगह जगह गोष्ठी का आयोजन कर कार्यकर्ताओं के बीच बाबा साहब के जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। वही मझपुर्वा सहित नगर में निकाली गई रैली मे सैकडों लोगों ने शामिल होकर धूमधाम से डा. भीमराव अम्बेडकर का जन्मदिवस मनाया।

रविवार को मझपुर्वा, सरायप्रयाग व आजादनगर मे अम्बेडकर मूर्ति पर कार्यकर्ताओं के साथ सांसद सुब्रत पाठक, पालिकाध्यक्ष प्रतिनिधि मयंक गुप्ता, ब्लाक प्रमुख राजीव सिंह पुच्ची ठाकुर, संजीव गुप्ता उर्फ संजू, विहिप नेता नीरज मिश्रा, भाजपा नगर अध्यक्ष धर्मेन्द्र कौशल, पूर्व भाजपा नगर अध्यक्ष दीपू शर्मा आदि नें कार्यकर्ताओं के साथ रैली पर पुष्पवर्षा कर एवं पाटुका पहनाकर व माल्यापर्ण कर बाबा साहब के 133 वें जन्मदिन का कार्यकर्ताओं को संदेश दिया। वहीं नगर के मोहल्ला आजादनगर में आयोजित गोष्ठी में भाजपा क्षेत्रीय मंत्री देवेन्द्र देव, उत्कर्ष गुप्ता, सभासद प्रतिनिधि धर्मेन्द्र गुप्ता उर्फबडे, आजाद चक, सभासद सुरेन्द्र कुमार, विपिन चौरसिया ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुये कहा कि डा. अम्बेडकर ने हमेशा अशिक्षित और पिछड़े समाज को देश के विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य किया था। कहा कि जनजन में ऊँच नीच, जातिबाद और अगड़ा पिछड़ा के भेदभावो को समाज से दूर करने के आवश्यक कदम उठाये थे। उधर फिरदौस आलम, सयुस प्रदेश सचिव अमन खॉन ने कहा कि हम सभी को ऐसे महापुरूष के आदर्शो का मार्गदर्शन कर समाज में एक नई क्रान्ति का संचार करना होगा। इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों मे भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, शिवा गुप्ता, अमन कठेरिया, फैज आलम खॉन, टिल्लू यादव, सभासद परमजीत, चरणजीत, शहंशाह, संतोष गुप्ता मुल्लू, सिराज अहमद, आजम सिददीकी, दीपक गुप्ता, मोनू गुप्ता, उमाकान्त सैनी, सुगम दुवे आदि मौजूद रहे। उधर सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर कमलेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक जेपी शर्मा, सहित कस्वा प्रभारी रोबिन सिंह, चन्द्रभान सिंह, देवीचरन साहू व भारी पुलिस बल जुलूस के दौरान तैनात रहा।

अम्बेडकर रैली में मौजूद मयंक गुप्ता व कार्यकर्ताओं के साथ माल्यार्पण करते देवेन्द्र देव, सुरक्षा व्यवस्था में सीओ सदर — समृद्धि न्यूज

बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

बोधिसत्व भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 में जयंती पर भव्य शोभा यात्रा का आयोजन आज शहर के मुख्य मार्ग होते हुए बड़ेपुर स्थित बुद्ध विहार में जाकर शोभायात्रा का समापन हुआ। बौद्ध सत्य भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133 में जयंती पर भव्य शोभायात्रा पूर्वी बाईपास खंड विकास कार्यालय से बैंड बाजा के साथ प्रारंभ होकर मुख्य बाजार होते हुए जीटी रोड सरायगुर्जरमल नगला जोर से होकर गौतम बुद्ध सांस्कृतिक स्थल बुद्ध विहार डॉ अंबेडकर पार्क बडेपुर पहुंच कर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया भव्य शोभायात्रा में हजारों की संख्या में अंबेडकर अनुराई युवा ने भाग लिया में तालग्राम चौराहा सौरिख तिराहा रोडवेज बस स्टेशन डाकखाना तिराहा पीपल चौराहा सब्जी मंडी पश्चिमी बाईपास सहीत कई स्थानों पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का स्वागत किया गया शोभायात्रा में मुख्य रूप से संजीव कुमार टिंकल प्रभात गौतम वीरू खरे कमलकांत सत्येंद्र सिंह बौद्ध एडवोकेट मनोज कुमार तीर्थराज बौद्ध एडवोकेट डॉ अशोक टैमरे डॉक्टर आलोक प्रजापति बृजेश कुमार कुलदीप पाल शेर सिंह परवल प्रताप ऋषि ग्रैंड सुरजीत सहित हजारों युवा अनुराई शामिल रहे।

खबरें चलते-चलते

सपा नेता ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर मनाई बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंन्ती

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खान ने सदर तहसील क्षेत्र के गांव-गांव पहुंचकर बाबा भीमराव अंबेडकर के व्यक्तित्व व कृत्तिव पर प्रकाश डाला। समाजवादी युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खान की अगुवाई में समीर खान, पवन अवस्थी, राहुल यादव, फैजन खान, मुशर्रफहुसैन, मोहित यादव, बिल्लू दिवाकर सहित सैकड़ो समाजवादी नेताओं ने गांव गांव जाकर बाबा भीमराव अंबेडकर की जयंती पर मिठाइयां बाटी। तथा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के विचारों पर चलने का संकल्प दोहराया। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष नाजिम खान ने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने विश्व में भारत देश का सबसे बड़ा संविधान बनाया। जिससे भारत देश के हर नागरिक को समता, समानता, स्वतंत्रता, शिक्षा, वोट का अधिकार दिया व समानतामूलक समाज की स्थापना के लिए प्रयास किए। नाजिम खान ने जनता से संविधान और लोकतंत्र बचाने की अपील करते हुए कहा कि आज के दौर में सबसे ज्यादा दलित और अल्पसंख्यकों व पिछड़ों पर अत्याचार हो रहा है इसको लेकर देश की जनता संविधान विरोधियों को हराने का काम करेगी।

एक अभियुक्त को 01 अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

सकरावा छिबरामऊ कन्नौज । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा व शशिकान्त कन्नौजिया थानाध्यक्ष सकरावा जनपद कन्नौज के नेतृत्व में थाना सकरावा पुलिस द्वारा किया गया गिरफ्तार। अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना सकरावा पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त अवनीश कुमार बाथम पुत्र राजू बाथम निवासी ग्राम अजायपुर मजरा ग्राम सभा देवीपुर थाना सकरावा जनपद कन्नौज को 01अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया । उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तको भेजा गया जेल । 01. अवनीश कुमार बाथम पुत्र राजू बाथम निवासी ग्राम अजायपुर मजरा ग्राम सभा देवीपुर थाना सकरावा जनपद कन्नौज उम्र करीब 24 वर्ष उ0नि0 ब्रज मोहन पाल थाना सकरावा जनपद कन्नौज महेन्द्र प्रताप सिंह थाना सकरावा जनपद कन्नौज।

दो अभियुक्तगण को किया गया गिरफ्तार

तालग्राम छिबरामऊ कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द द्वारा अपराध एंव अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक डॉ0 संसार सिंह के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर कमलेश कुमार के निकट पर्यवेक्षण में व पारूल चौधरी थानाध्यक्ष तालग्राम के नेतृत्व में तालग्राम पुलिस टीम द्वारा 02 वारण्टी अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर जेल भेज। गिरफ्तार शुदा वारन्टी अभियुक्तगण सरनाम पुत्र मुन्शीलाल उम्र 50 वर्ष निवासी ग्राम किशनपुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज। विश्राम सिंह पुत्र मुन्शीलाल उम्र 55 वर्ष निवासी ग्राम किशनपुर थाना तालग्राम जनपद कन्नौज।

अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर नव विवाहिता को मारपीट कर किया घायल

छिबरामऊ कन्नौज। किरन पुत्री बजरंगी निवासी कासगंज में कोतवाली छिबरामऊ में दिया लिखित प्रार्थना पत्र जिसमें अतिरिक्त दहेज की मांग को लेकर परिजनों द्वारा मारपीट करने का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया।प्रार्थना किरन पुत्री बजरंगी सहावर कासगंज ने लिखित प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया जिसमें कहा गया है कि मेरी शादी सुनील पुत्र हीरालाल निवासी रामनगर के साथ हुई थी परिजनों द्वारा अतिरिक्त देश की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जा रहा है आज परिजनों ने बेरैमी से मारपीट कर घायल कर दिया घटना का प्रार्थना पत्र कोतवाली में दिया गया समाचार लिखे जाने तक कोई अभियोग दर्ज नहीं हो सका।

धूमधाम से तिर्वा कस्बे में निकाली गई बाबा साहब की विशाल शोभायात्रा

- 133वीं जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा में डीजे की धुनों पर नाचे लोग
- गांधी नगर से शुरू होकर मां अन्नपूर्णा होते हुए अम्बेडकर नगर पहुंची यात्रा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव आम्बेडकर की 133वीं जयंती पर तिर्वा कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। यह शोभायात्रा कस्बे के गांधी नगर ककरहिया से शुरू होकर मां अन्नपूर्णा मंदिर होते हुए अम्बेडकर नगर स्थित भीमराव अम्बेडकर प्रतिमा तक पहुंची। यात्रा में शामिल लोगों का कस्बे में जगह-जगह पर समाजसेवियों ने जोरदार स्वागत किया। भारत रत्न बाबा साहेब डॉ.भीमराव आम्बेडकर सेवा समिति द्वारा बाबा साहब के 133वीं जयंती पर कस्बे में विशाल शोभायात्रा निकाली गई। समिति के अध्यक्ष हरगोविन्द ने बताया कि हर बर्ष की तरह इस बर्ष भी यह शोभायात्रा निकाली गई है। शोभायात्रा में सबसे आगे बाबा भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा चल रही थी। इसके पीछे समाज के सैकड़ो लोग हाथों में झण्डा लेकर बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाते हुए चल रहे थे। डीजे की धुन पर पुरूष व महिला जमकर नृत्य कर रहे थे। यात्रा का गांधी चैक चैराहे पर, बस स्टॉफ के सामने, क्रान्ति चैराहे पर, प्लाजा मार्केट के निकट, ठठिया चैक चैराहे के अलावा मां अन्नपूर्णा मंदिर के निकट समाजसेवियों व राजनेताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया। बाबा साहब की विशाल शोभायात्रा में सांसद कन्नौज सुब्रत पाठक, तिर्वा विधायक कैलाश राजपूत, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, कन्नौज के पूर्व ब्लाक प्रमुख नबाव सिंह यादव, पूर्व चेयरमैन विनोद कुमार गुप्ता, बसपा नेता प्रभात कुमार वर्मा, ब्लाक प्रमुख अजय वर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख हसेरन उदय राजपूत, सहित कई जनप्रतिनिधि व समाजसेवी भी शामिल रहे।

बाबा साहब की जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल लोग — समृद्धि न्यूज

सांसद व जिलाध्यक्ष ने गंगेश्वरनाथ मंदिर में उतारी आरती

गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज

चैत्र नवरात्रि के पावन पर्व पर माता के नौ रूपों की आराधना करने से सभी मनोकामनायें पूरी होती हैं एवं दुखों का निवारण होता है। माता अपने भक्तों पर सदैव कृपा की बरसात करतीं हैं। जिससे उनके सच्चे भक्तों पर किसी भी प्रकार की विपदा नहीं आती है।

यह उद्गार शनिवार की शाम नगर के जीटी रोड विद्युत उपकेंद्र परिसर में स्थित गंगेश्वर नाथ मंदिर में सायं काल की आरती व पूजा बंदना के उपरांत भाजपा सांसद सुब्रत पाठक एवं जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया ने संयुक्त रुप से कही। कहा कि धार्मिक कार्यक्रमों से एक दूसरे के प्रति दूरियां घटती है और आपसी प्रेम भाव बढ़ता है। ऐसे आयोजन हम सभी को अच्छाई के मार्ग पर चलने का संदेश देते हैं। इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष जीतू तिवारी, क्रय विक्रय समिति अध्यक्ष संतोष चतुर्वेदी, विहिप जिलाकार्याध्यक्ष नीरज मिश्रा, भाजपा पिछडा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष सुमित सक्सेना, राजीव चौहान, भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता, सुगम दुवे, रविन्द्र सहित तमाम भक्तगण मौजूद रहे।

आरती वंदना करते सांसद व जिलाध्यक्ष

अंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक ने माल्यार्पण कर अर्पित की श्रद्धांजलि

छिबरामऊ कन्नौज। समृद्धि न्यूज

भारत रत्न से सम्मानित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव रोहली ग्राम में पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। ग्राम रोहली तालग्राम में समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने जाकर भारत रत्न से सम्मानित डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की जयंती पर फूल माला चढ़ाकर मनाई बाबा साहब भारतीय संविधान के जनक हैं समता व समानता एवं सामाजिक न्याय के प्रवत बहुजन पिछडो शोषित एवं वंचितों के उत्थान के लिए आजीवन संपत कर दिया और कलम की ताकत से देश के संविधान को मजबूत किया और भाजपा संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है इस मौके पर मनमोहन सिंह प्रधान दीपू यादव जिला पंचायत सदस्य राम विधानसभा पूर्व महासचिव प्रभाकर यादव और बॉबी डॉ जैनेंद्र प्रताप सिंह रहीमपुर प्रधान सर्वेश कुमारपुर प्रधान त्रिमोहन रतन जाटव राम रतन जाटव रमन यादव छिबरामऊ अंकुर सिंह मीडिया प्रभारी शाहित सैकड़ो सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

अज्ञात चोरों द्वारा दो मोबाइल और रखी नगदी की गई पार

छिबरामऊ कन्नौज। अज्ञात चोरों द्वारा पीछे की दीवार से चढ़कर दो मोबाइल 38000 चोरों द्वारा पर किए गए। हनुमानगढ़ निवासी रवि पुत्र विजयपाल ने कोतवाली में लिखित प्रार्थना पत्र दिया कि आजा कर रात्रि में पीछे के दीवाल से घर में आ गए और घर में रख दो मोबाइल व 38000 रुपए लेकर चंपत हो गए घटना की जानकारी कोतवाली में दी गई।

मजबूत लोकतंत्र तो शत प्रतिशत करना होगा मतदान

छिबरामऊ। समृद्धि न्यूज

लोकसभा चुनाव को लेकर मतदान का प्रतिशत बढाने के लिए प्रशासन हर संभव प्रयास कर रहा है सिकंदरपुर निगोह व कुवरपुर बनवारी गांव मे मतदान जागरूक शिविर लगाकर अफसरो ने मतदान को लेकर ग्रामीणो को जागरूक किया। साथ ही मजबूत लोकतंत्र के लिए सभी मतदाताओ को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। सिकंदरपुर के निगोह व कुंवरपुर बनवारी मे उपायुक्त स्वतन्रोजगार राजकुमार लोधी ,उपायुक्त स्वतन्श्रम रोजगार दयाराम यादव डीडीओ नरेंद्र देव द्विवेदी , बीडीओ दिनेश चंद्र, एडीओ आईएसबी अनिल कुमार ने मतदाता जागरूक शिविर का आयोजन किया। ग्रामीणो को जागरूक करते हुए बताया कि मतदान करना लोगो का संवैधानिक अधिकार है।किसी के लालच व बहकावे मे न आये। निष्पक्ष होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करे।इस दौरान गांव प्रधान, पंचायत सचिव, व प्रधान समेत कई ग्रामीण मौजूद रहे। सिकंदरपुर मे भारतीय शिक्षा सदन इंटर कॉलेज मे स्वीप कार्यक्रम के महत छात्रो ने मतदाता जागरूक रैली निकाली ।बैनर,पोस्टर, स्लोगन के मध्याम से छात्रो ने ग्रामीणो को जागरूक किया।

जयंती पर याद किए गए बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर

जलालाबाद, समृद्धि न्यूज़। संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की 134 वी जयंती धूमधाम से मनाई गई। रविवार को ब्लॉक क्षेत्र में बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की जयंती केक काटकर धूमधाम से मनाई गई। पीएस जसपुरापुर सरैया प्रथम की प्रधानाध्यापिका रेनू कमल ने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान प्रधानाध्यापिका ने कहा कि जीवन चरित्र एवं राष्ट्र निर्माण के योगदान में अतुलनीय सहयोग एवं उपेक्षित वर्ग को शिक्षित एवं समाज में अपनी पहचान दिलाने के लिए बाबा साहब सदैव संघर्ष करते रहे। आज संपूर्ण भारत देश गर्व के साथ ऐसे कर्म योद्धा की जयंती मना रहा है। इसके अलावा ब्लॉक सभागार जलालाबाद, नेकपुर कायस्थ, जमला में ब्लॉक प्रमुख संरक्षक राजाराम, जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रत्यूष त्रिपाठी, पुष्पेंद्र द्विवेदी, श्यामू तिवारी, सतेंद्र कटियार सहित आदि ने बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर हर्षोल्लास से मनाई। जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा प्रत्यूष त्रिपाठी ने बखान करते हुए बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। इसी क्रम में प्रभारी प्रधानाध्यापक अनुराग गौतम ने बाबा साहब डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

श्रीकृष्ण व माता रूक्मणी के विवाह की कथा सुनकर श्रद्धालु हुए भाव-विभोर

- 21वें दुर्गा महोत्सव का धूमधाम से किया जा रहा आयोजन
- 17 अप्रैल को मां भगवती की निकलेगी विशाल शोभायात्रा

तिर्वा। समृद्धि न्यूज

कस्बे के प्लाजा मार्केट में चल रही श्रीमद भागवत कथा के छठवें दिन वृद्वावन से पधारे कथावाचक श्रीराम सखा जू महाराज ने भगवान श्रीकष्ण व माता रूकमणी के विवाह की कथा का वर्णन सुनाया। इस दौरान पण्डाल में मौजूद भक्तों ने विवाह प्रसंग को सुन भाव-विभोर होकर जमकर तालियां बजाई। बाद में प्रसाद का वितरण किया गया। नवदुर्गा सेवा समिति के तत्वाधान में कस्बे के प्लाजा मार्केट में 21वां दुर्गा महोत्सव धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है। कथा के छठवें दिन आचार्य श्रीराम सखा जू महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण व माता रूकमणी की कथा का वर्णन किया। इस दौरान समिति के अध्यक्ष विमलेन्द्र सिंह बघेल व महासचिव प्रभात कुमार वर्मा ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि 17 अप्रैल को मां भगवती की विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा में विभिन्न मण्डलों में बालक-बालिकाएं प्रतिभाग करेंगी। जिसमें बालक-बालिका डाण्डिया मण्डल, काली मण्डल, मयूर नृत्य मण्डल, शिव ताण्डव सहित विभिन्न मण्डल शामिल होगें। जिसके लिए समिति ने सभी तैयारियां पूरी कर ली है। यात्रा को भव्य बनाने के लिए बाहरी जनपदों से कलाकार आ रहे हैं।

कथा का रसपान कराते आचार्य श्रीराम सखा जू महाराज

राम कथा हमें प्रेम और सौहार्द के साथ जीवन जीना सिखाती है: कौशल जी महाराज

कन्नौज,समृद्धि न्यूज। मां दुर्गा सेवा समिति की तत्वावधान में जिले के ग्राम डम्मरपुर में आयोजित दुर्गा महोत्सव के षष्ठम दिवस में राम कथा के माध्यम से परम पूज्य कौशल जी महाराज ने राम वन गमन में राम का बन जाना समस्त सनातन धर्मावलंबियों के कल्याणार्थ सभी को मुख्य सनातनी परंपरा से जोड़कर रक्ष संस्कृति का समापन किया। महाराज जी ने केवट के प्रसंग में ''सुनी केवट के बैन प्रेम लपेट अटपटे, अर्थात भगवान प्रेम से प्रसन्न होते हैं प्रेम के कारण शबरी के झूठे बेरों को पाया प्रेम के कारण विदुर के यहां साक प्राप्त किया। रामहि केवल प्रेम पियारा, आपस में भाई-भाई में प्रेम हो परिवार में प्रेम हो का संदेश देकर सभी को आपस में प्रेम और सौहार्द के साथ अखंड भारत के संकल्प को परिपूर्ण करें राम कथा हमें जीना सिखाती है।

मेला | माँ शीतला देवी मंदिर सियरमऊ में 17 अप्रैल को नवमी पर लगेगा विशाल मेला

चैत्र नवरात्र नवमी पर लगने वाले मेले की तैयारियां जोरों पर

- सजने लगी दुकानें, लगने लगे झूले

जलालाबाद। अनूप चौरसिया

ऐतिहासिक सिद्धपीठ माँ शीतला देवी मंदिर की महिमा अपरम्पार है। इनकी महिमा का गुणगान क्षेत्र में ही नहीं बल्कि प्रदेश के कई जनपदों में है। सिद्धपीठ माँ शीतला देवी धाम में चैत्र नवरात्रि पर लगने वाला मेला सप्तमी से दशमी तक चलता है। इस मेले में कानपुर, फर्रुखाबाद, हरदोई आदि जनपदों से श्रद्धालु भारी संख्या में पहुंचते हैं। जिसके लिए तैयारियां चल रही है। विकासखण्ड जलालाबाद के ग्राम सियरमऊ स्थित माँ शीतला देवी मंदिर लगभग 1000 साल पुराना मन्दिर है। जो कि आल्हा ऊदल के जमाने से है। आज तक परम्परागत तरीके से चला आ रहा है। मां शक्ति के सात शक्तिपीठों में से एक सिद्धपीठ माँ शीतला देवी पर हर वर्ष चैत्र नवरात्र पर सप्तमी से दशमी तक मेला लगता है। यहां पर हजारों की संख्या में मेलार्थी व श्रद्धालु मेला घूमने और मां शीतला देवी के दर्शन पूजन के विभिन्न जनपदों से आते है। मेला आयोजक श्यामू तिवारी और राजेंद्र कुमार ने बताया कि 09 अप्रैल से शुरू हुए चैत्र नवरात्र के नवमी पर लगने वाला मेला की तैयारियां जोरों से चल रही है। नवरात्र के दिनों देवी मां की विशेष कृपा बरसती है। बड़ी संख्या में भक्त उपवास रखकर देवी मां के नौ स्वरूपों की पूजा-अर्चना करते है। नौवें दिन भक्त दुर्गा माता की पूजा कर कन्या भोज के साथ हवन-पूजन भी करते हैं। इसी दिन रामनवमी भी मनाई जाती है। मेले में झूले लगने लगे है। दुकानें भी बड़ी साज सज्जा के साथ लोग लगाने में जुट गए है। नवरात्र को देखते हुए तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मेले में लगने वाले आकर्षक झूले व अन्य मनोरंजन के साधन दर्शनार्थियों को खूब लुभाते हैं। उन्होनें बताया कि मेले का आयोजन 15 से 18 अप्रैल तक होगा। जिसमें 17 अप्रैल नवमी पर विशाल मेला लगता है। जिसमें इस मेले में लोगो के मनोरंजन के लिए आकर्षक झूले व महिलाओं के लिए घरेलू उपयोग में आने वाली वस्तुओं की दुकानें बच्चों के मनोरंजन के लिए खिलौने की दुकानें व तरह-तरह के स्वादिष्ट व्यंजनों की दुकानें लगती है।

सिद्ध पीठ मां शीतला देवी धाम व मेले में लगे झूले

सिद्धपीठ माँ शीतला देवी का महत्व

माँ शीतला देवी मंदिर अपने अलौकिक इतिहास को समेटे है। ये ऐतिहासिक मंदिर इत्र और इतिहास की नगरी कन्नौज जनपद में जलालाबाद ब्लॉक के गांव सियरमऊ में स्थित है। मंदिर हजारों सालों से भक्तों के आस्था व विश्वास का केन्द्र है। यहां साल में एक बार चैत्र नवरात्र पर विशेष उत्सव के साथ मेला लगा रहता है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पहुंचते हैं।

बच्चों के मुंडन संस्कार के लिए प्रसिद्ध है सिद्धपीठ धाम

माँ शीतला देवी मंदिर में बच्चों का मुंडन संस्कार कराने के लिए काफी संख्या में लोग पहुँचते है। मंदिर परिसर में बच्चों के मुंडन संस्कार की प्रथा काफी अर्से से चली आ रही है। मान्यता है कि माता की कृपा से जिन माताओं की गोंद भर जाती है। वह यहां आकर अपने बच्चों का मुंडन कराते हैं।

एक अभियुक्त को अदद अवैध तमंचा व 01 अदद जिन्दा कारतूस के साथ किया गिरफ्तार

विशुनगढ़ छिबरामऊ कन्नौज। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनन्द के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक संसार सिंह के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी छिबरामऊ ओमकार नाथ शर्मा व देवेश कुमार थानाध्यक्ष विशुनगढ जनपद कन्नौज के कुशल नेतृत्व में थाना विशुनगढ पुलिस द्वारा किया गया । अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत थाना विशुनगढ पुलिस टीम द्वारा संदिग्ध व्यक्ति/वाहन चेकिंग व क्षेत्र भ्रमण के दौरान अभियुक्त सोनू स/ह रावेन्द्र ?यादव निवासी ग्राम मटहेना थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज को 01अदद नाजायज तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ बिजली घर के सामने मटेहना तिराहा बहद ग्राम मटेहना तिराहा थाना विशुनगढ़ जनपद कन्नौज से गिरफ्तार किया गया। उक्त बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना विशुनगढ़ पर मु0अ0सं0 42/2024 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट 1959 के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया जेल।

मेजर एस.डी.सिंह पी.जी.आयुर्वेदिक मेडिकल कालेज एण्ड हास्पिटल-फतेहगढ़

गायों के आतंक से परेशान ग्रामीणों ने मतदान बहिष्कार के लगाए पोस्टर

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

कमालगंज थाना क्षेत्र के गांव शेरपुर सराय तथा श्रृंगीरामपुर सहित अन्य कई गांव के लोग गायों के आतंक से परेशान हैं। लोगों का कहना है कि वह दिन रात जागकर खेतों की रखवाली करते हैं। मौका मिलते ही सौ-सौ गायों के झुंड एक साथ आते हैं और पूरी फसल बर्बाद करके चले जाते हैं। शेरपुर सराय निवासी सुरेश चंद्र ने बताया कि कुंडपुरा में पालतू गायों का दूध निकालकर उन्हें रात के समय छोड़ दिया जाता है। वहीं आदेश कुमार ने बताया की काफी सालों से गायों की दिक्कत चली आ रही है। जिसके चलते सभी ग्रामीणों ने शासन व प्रशासन से शिकायत भी की, लेकिन कोई भी नतीजा नहीं निकला। वहीं नीरज शुक्ला ने बताया इसकी काफी बार लिखित में पुलिस प्रशासन तथा खंड विकास अधिकारी से शिकायत भी की गई। जिसके चलते खंड विकास अधिकारी श्रीप्रकाश उपाध्याय तथा पुलिस ने मिलकर काफी गायों को गौशाला में बंद करवाया, लेकिन कुछ दबंग लोग गौशालाओं में आकर तमंचे और बंदूक की दम पर गायों को छुड़ा ले जाते हैं। इसके बाद में फिर वही होता है कि उनका दूध निकालकर उन्हें छोड़ दिया जाता है। काफी हताश होने के बाद सभी ग्रामीणों ने गायों की समस्या से निजात पाने के लिए मतदान बहिष्कार का निर्णय लिया है। इस मौके पर सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

मतदान बहिष्कार के बैनर के साथ मौजूद ग्रामीण — समृद्धि न्यूज

एसपी के आदेश पर पांच नामजद और तीन-चार अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज

▸ चेक बाउंस के चल रहे मुकदमे में समझौता न करने पर जानमाल की धमकी का मामला

थाना क्षेत्र के ग्राम शेखपुर रूस्तमपुर निवासी गौरव दुबे पुत्र अखिलेश चंद्र दुबे ने थाना कमालगंज में शिकायत कर बताया दिनांक 22 मार्च को प्रार्थना पत्र पुलिस अधीक्षक को दिया गया था। जिसमें मुस्तफा पुत्र आफाक खां निवासी खैम रैगाई, महफूज रजा पुत्र अशफाक खां निवासी सरफाबाद, गुलाम गौस पुत्र मोहम्मद शेर निवासी नवादा, इशरत खान पुत्र सोहराब खां निवासी भीखा नगला, राजकिशोर कटियार उर्फ राजू, चित्र ज्ञान सिंह निवासी जहानगंज के खिलाफ पूर्व में शिकायत की थी। जिसमें मुस्ताक खां, महफूज रजा, राज किशोर कटियार एवं बृजेश कुमार पुत्र हरपाल सिंह निवासी बलीपुर पर चेक अन्दरित होने का न्यायालय में मुकदमा चल रहा है। न्यायालय द्वारा इन लोगों को सम्मन भेजा गया। जिस पर मुस्ताक खान, महफूज रजा, इशरत खां, गुलाम गौस एवं बृजेश कुमार आगबबूला हो गए। मुस्ताक खान बृजेश कुमार का गुर्गा 45 दिन से आकर मेरे कोल्डस्टोरेज में मेरी रेकी कर रहा है तथा फोन पर बार-बार कह रहा है पैसा ना देकर 4-5 लाख रुपए खर्च करके इसे खत्म कर देंगे या ट्रक चढ़वा या गोली मरवा देंगे। यह बात हमारे कर्मचारी मोनू शर्मा चौकीदार ने सुनी। दिनांक 10 अप्रैल को मैं फतेहगढ़ जा रहा था। शशि कोल्ड के आगे रैगाई मोड़ के पास तीन चार अज्ञात लोगों द्वारा जो अपना चेहरा कपड़े से ढके हुए थे मुझे रोक कर तमंचा सीने पर लगाकर कहा तूने जो मुकदमे किए हैं उसमें समझौता कर ले या फिर मुकदमा वापस ले, नहीं तो तुझे और तेरे परिवार को जान से मार दूंगा, तभी सड़क पर कई मोटरसाइकिल आने से वहां से बाग में भाग गये। मैं अपने घर में अकेला हूं। बीवी और तीन छोटे बच्चे व वृद्ध मां हैं। मुस्ताक खान अपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति है। उस पर कई मुकदमे दर्ज हैं। इन लोगों से मुझे एवं मेरे परिवार को जान का खतरा है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर भारतीय दंड संहिता की धारा 147, 341, 506 मैं मुकदमा पंजीकृत कर लिया है।

अंबेडकर यात्रा के दौरान डीजे बजाने को लेकर सीओ व थाना अध्यक्ष से भिड़े अनुयाई

▸ चौराहे पर महिलाओं ने बैठकर जमकर की नारेबाजी, सीओ ने समझा बुझाकर किया शांत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज

नवाबगंज कस्बे के गांव नगला जोधा से अंबेडकर यात्रा आज लगभग 11.30 बजे प्रारंभ हुई। जिसमें डीजे लगाने को लेकर थाना अध्यक्ष एवं क्षेत्राधिकार से अंबेडकर समिति के पदाधिकारी एवं समाज के लोगों से नोकझोंक होने लगी। लोग डीजे बजाने को अड़े रहे। जिस पर थाना अध्यक्ष ने पदाधिकारी और अध्यक्ष को जमकर फटकार लगाई और मुकदमा लिखने की चेतावनी दी। उन्होंने राजनीतिक दलों द्वारा कार्यक्रम में एंट्री पर आपत्ति जताई। उन्होंने समिति के अध्यक्ष से कहा कि आप राजनीति कर रहे हैं। यात्रा में आप द्वारा लिखित दिया गया था कि कोई डीजे नहीं बजेगा। इसके बावजूद अगर डीजे बजेगा तो आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा और आपके खिलाफ मुकदमा लिखा जाएगा। जिस पर पदाधिकारियों ने डीजे ना बजाने की बात कहकर यात्रा की शुरुआत कराई। चौराहे पर आकर महिलाओं ने जमीन पर बैठकर नारेबाजी करने लगीं। जिस पर क्षेत्राधिकार अरुण कुमार ने समझा बुझाकर दोबारा यात्रा को आगे बढ़ाया और अंबेडकर मूर्ति पर माल्यार्पण के बाद यात्रा समाप्त हो गई। रैली में सपा से लोकसभा प्रत्याशी डॉक्टर नवल किशोर शाक्य, उनके समर्थक जिला पंचायत सदस्य यशवीर, भारतीय किसान यूनियन के जिला अध्यक्ष अरविंद शाक्य, बसपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सतपाल जाटव, बीनू टेलर, अजीत गौतम आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

यात्रा के दौरान सपा प्रत्याशी नबल किशोर शाक्य व अन्य

चौराहे पर जाम लगाये महिलायें — समृद्धि न्यूज

डीएम ने बाबा साहब की मूर्ति पर किया माल्यार्पण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

जिलाधिकारी डॉ0 वी0के0 सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रट सभागार में भारत रत्न डॉ0 भीम राव अंबेडकर की 133वीं जयंती मनाई गई। सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा डॉ0 भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यापर्ण किया गया व पुष्पांजलि अर्पित की गई। जिलाधिकारी ने सभी को अंबेडकर जयंती की बधाई दी। तत्पश्चात अपने उद्बोधन में कहा कि डॉ भीवराव अम्बेडकर को सभी क्षेत्रों में महारत हासिल थी। उनके जीवन दर्शन को आत्मसात करने की जरूरत है। हमें अपने जीवन में उनके आदर्शों को उतारने की जरूरत है। हमें जो जिम्मेदारी मिले उसका निर्वहन करना चाहिये। संविधान के तहत दिये गए अधिकार व कर्तव्यों को समझने की जरूरत है। हमें अपने शासकीय व सामाजिक दायित्वों का निर्वहन करना चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी सुभाष चंद्र प्रजापति, प्रशिक्षु आईएएस महेंद्र सिंह व कलेक्ट्रट के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण करते जिलाधिकारी

खबरें चलते-चलते

दबंगों की पिटाई से क्षुब्ध ठेली दुकानदार फांसी पर झूला

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। पिटाई से क्षुब्ध ठेली दुकानदार राजीव बाथम ने फांसी लगाकर जान दे दी। राजीव थाना मऊदरवाजा के ग्राम गढ़िया ढिलावल निवासी रामशरन का 28 वर्षीय पुत्र था। राजीव नाला बघार पर गोलगप्पे की ठेली लगाकर गुजारा करता था। वह रात करीब 7:30 बजे ठेली लेकर घर जा रहा था। गांव के ही सुनील शाक्य के पुत्र अमित, मल्लू शाक्य आदि ने राजीव से पटाखे खाए। रुपए न देने पर विवाद हो गया। इसी दौरान अमित, मल्लू व उसके साथियों ने राजीव की जमकर पिटाई की। जानकारी मिलने पर छोटा भाई अमन राजीव को बचाने गया, तो उसकी भी पिटाई की और साइकिल भी छीन ली। हमले में राजीव को काफी चोटें लगी। उसके कपड़े फट गए। रात के समय राजीव कमरे को बंद कर छत के कुंडे में साड़ी बांधकर फांसी पर लटक गया। राजीव सुबह 3 बजे पटाखे बनाने के लिए नहीं उठा, तभी राजीव को उठाने के लिए दरवाजा खटखटाया गया। दरवाजा न खुलने व राजीव की आवाज न आने पर परिजनों को अनहोनी की आशंका हुई, तभी कमरे का दरवाजा तोड़ा गया। राजीव को फांसी पर लटका देखकर परिजन चीखने चिल्लाने लगे। राजीव को फांसी से उतारकर रात करीब 3 बजे लोहिया अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टर ने राजीव को मृत घोषित कर दिया। राजीव का करीब 3 वर्ष पूर्व विवाह हुआ था। उसके डेढ़ वर्ष की पुत्री सुनीता है। छोटे भाई अमन ने हमलावर अमित, मल्लू एवं जसमई निवासी छाता नामक युवक के साथ ही दो अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज करने के लिए तहरीर दी है। बताया गया की छाता नामक युवक ग्राम गढ़िया निवासी नीरज के टेंट हाउस पर काम करता है। आज सुबह प्रधान मोनू कठेरिया ने लोहिया अस्पताल जाकर पीड़ित परिजनों को ढाढस बंधाया और पोस्टमार्टम करवाया। इतनी बड़ी वारदात होने के बावजूद समाचार लिखे जाने तक पुलिस न तो घटनास्थल पर और न ही लोहिया अस्पताल पहुंची। मेडिकल चौकी पुलिस के निकट मुख्य मार्ग पर झगड़े की सूचना पर यदि पुलिस रात में ही मामले की जांच पड़ताल करके हमलावरों को पकड़ लेती तो शायद राजीव को फांसी लगाकर जान नहीं देनी पड़ती।

गुमशुम बैठे मृतक के परिजन

सपा छात्र सभा ने बाबा साहब को किया याद

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के जिला महासचिव ने अपनी टीम के साथ संविधान निर्माता बाबा भीमराव अम्बेडक की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज के गांव सिरमौरा बांगर मैं सड़क किनारे लगी संविधान निर्माता बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर समाजवादी पार्टी के छात्र सभा के जिला महासचिव तथा नगर पंचायत के सभासद राहुल यादव ने अपनी टीम के साथ प्रतिमा की साफ सफाई कर मल्यार्पण कर उनको नमन किया। साथ ही उनके जीवन एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। राहुल यादव ने कहा कि बाबा साहब एक महान विचारक तथा संविधान निर्माता थे। उन्होंने दलित, पिछड़ों की हमेशा मदद की और उन्हें आगे बढ़ाया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी छात्र सभा के जिला महासचिव राहुल यादव, जिला सचिव छात्र सभा विकास सूर्यवंशी, अंशुल पाल सभासद, बदल मंसूरी, पुष्पेंद्र सिंह, अश्वनी यादव, अमित यादव सहित एक दर्जन से अधिक सपा के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मूर्ति पर माल्यार्पण करते पदाधिकारी

गोली मारने की फर्जी घटना बनाने में अभियुक्त तमंचा व खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार

घटना की जानकारी देते एएसपी — समृद्धि न्यूज

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

थाना कादरीगेट पुलिस ने फरार अभियुक्त अमर जाटव द्वारा षडयंत्र के तहत पैर में गोली मारकर फर्जी घटना बनाकर घटना में प्रयुक्त तमंचा व खोखा कारतूस सहित गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

थाना कादरीगेट पुलिस द्वारा पंजीकृत मु0अ0सं0 101/24 धारा 195, 201, 211, 120बी भादवि से सम्बन्धित फरार अभियुक्त अमर जाटव को गिरफ्तार किया गया। दिनांक 11 अप्रैल को वादी मुकदमा आकाश कटियार पुत्र कप्तान सिंह निवासी निनौआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ जनपद फतेहगढ़ द्वारा 1. वैभव कटियार पुत्र नामालूम, 2. ऐश्वर्य कटियार पुत्र नामालूम, 3. एक व्यक्ति नाम व पता अज्ञात के विरुद्ध पंजीकृत कराया था। जिसमें दौराने विवेचना तथ्य सामने आया कि वादी आकाश कटियार उपरोक्त का विपक्षी वैभव कटियार आदि से मुकदमेबाजी को लेकर पुरानी रंजिश चल रही थी। मुकदमों में राजीनामा के लिये दवाब बनाने हेतु वादी आकाश कटियार ने अपने भाई मोनू उर्फ अमन कटियार व साथी अमर जाटव के साथ मिलकर अपने पैर में षडयंत्र के तहत गोली अमर जाटव से चलवाकर झूठी घटना बनाकर पंजीकृत कराना पाया गया। तदोपरान्त मुकदमा उपरोक्त को धारा-195, 201, 211, 120बी भादवि बनाम प्रकाश में आये। 1. आकाश कटियार पुत्र कप्तान सिंह, 2. मोनू कटियार पुत्र कप्तान सिंह, 3. अमर जाटव पुत्र वीरेन्द्र निवासीगण निनौआ थाना कोतवाली फतेहगढ जनपद फतेहगढ़ में तरमीम किया गया तथा अभियुक्त आकाश व मोनू कटियार उपरोक्त को दिनांक 12 अप्रैल को गिरफ्तार किया गया था तथा अभियोग में फरार चल रहे वांछित अभियुक्त अमर जाटव उपरोक्त को फर्जी घटना में प्रयुक्त 01 अदद देशी तमंचा जिसमें खोखा कारतूस फंसा हुआ 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त अमर जाटव पुत्र वीरेंद्र जाटव निवासी निनौआ थाना कोतवाली फतेहगढ़ ने पूछने पर बताया कि दिनांक 10 अप्रैल को आकाश कटियार का उसके विपक्षी वैभव आदि से कचहरी में विवाद हुआ था। इसीलिये वैभव आदि को झूठे मुकदमे में जेल भिजवाने के उद्देश्य से आकाश कटियार व उसके भाई मोनू कटियार के साथ षडयंत्र कर आकाश कटियार के पैर में गोली मारकर पुलिस को 307 का मुकदमा लिखाने हेतु झूठी सूचना दी गयी थी कि पुलिस वैभव आदि को जेल भेज दें। जिससे आकाश कटियार के विरूद्ध जो मुकदमे गाजियाबाद में वैभव ने लिखाये हैं उनमें राजीनामा हो जाये। आकाश कटियार ने स्वयं अपने पैर में गोली मारकर तमंचा मुझे दे दिया था। जिसको मैंने स्कूल के पास झाड़ियों में छिपा दिया था।

नवदुर्गा के छठवें दिन देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

चैत्र नवदुर्गा के छठवें दिन नगर के देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ती रही। भक्तों ने मंदिर में पहुंचकर दुर्गा देवी के छठवें स्वरुप कात्यायनी का पूजन किया। लोगों ने उपवास रखकर मां की उपासना की। शीतला माता मंदिर में देवी जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया।

माँ दुर्गा के छठे स्वरूप का नाम कात्यायनी है। उस दिन साधक का मन आज्ञा चक्र में स्थित होता है। योगसाधना में इस आज्ञा चक्र का अत्यन्त महत्वपूर्ण स्थान है। इनकी उपासना और आराधना से भक्तों को बड़ी सहजता से अर्थ, धर्म, काम और मोक्ष चारों फलों की प्राप्ति होती है। उसके रोग, शोक, संताप और भय नष्ट हो जाते हैं। जन्मों के समस्त पाप भी नष्ट हो जाते हैं। रविवार को पूजन करने के लिए देवी मंदिरों पर सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का आना-जाना लगा रहा। नगर के पल्ला मठिया मंदिर, गुरगांव देवी मंदिर, महाकाल मंदिर, काली देवी मंदिर मऊदरवाजा, बढ़पुर स्थित शीतला देवी मंदिर, संतोषी माता मंदिर, भोलेपुर स्थित वैष्णोदेवी मंदिर, फतेहगढ़ के कालीबाड़ी मंदिर सहित नगर के कई छोटे-बड़े सभी मंदिरों में पहुंचकर भक्तों ने माथा टेंका और ग्रहण किया। वहीं भक्तों ने मां की पूरे आराधना की। शाम को महिलाओं ने भजन कीर्तन किये। मंदिरों से बज रहे घंटा घड़ियालों की धुन से नगर का माहौल पूरी तरह आध्यात्मिक नजर आया। सुरक्षा की दृष्टि से मंदिरों पर पुलिस तैनात रही। जो हर आन वाले पर अपनी पैनी नजर बनाये रही। गुरगांव देवी मंदिर पर लगे मेले में महिलाओं ने घरेलू सामान व पूजा सामग्री की खरीददारी की। माता कात्यायनी की पूजा अर्चना कर सर्वमंगल की कामना की। शीतला माता मंदिर में भंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद

गुरगांव देवी मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

तीन वारंटी गिरफ्तार

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

थाना कमालगंज पुलिस ने दो वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार रविवार को पुलिस ने विनय पुत्र ह्रदय कंजड़ निवासी महरूपुर रावी थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ तथा देवेन्द्र पुत्र रामलाल निवासी मोहल्ला हरदेव नगर थाना कमालगंज जनपद फतेहगढ़ को गिरफ्तार किया है। वहीं कम्पिल पुलिस ने इरसाद पुत्र वशीर खाँ निवासी ग्राम इकलहरा थाना कम्पिल जनपद फर्रुखाबाद को गिरफ्तार कर लिया।

जहरीले कीड़े ने काटा

कायमगंज, समृद्धि न्यूज

कम्पिल क्षेत्र के गांव जोगपुर निवासी सगुना (35) पत्नी राजीव को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। गंभीर हालत में परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया।

शीतला माता मंदिर में हुआ भंडारे का आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बढ़पुर स्थित प्राचीन सिद्ध पीठ शीतला माता मंदिर में आवास विकास कॉलोनी के रहने वाले सिद्धार्थ चौरसिया, विवेक रावत, बउआ तोमर, सचिन तोमर, अन्नु त्रिवेदी, अमित त्रिपाठी, अवनीश शाक्य, मनीष दीक्षित, श्याम चंदेल, आनंद मोहन, मोहन, सोनू मिश्रा, विपिन पांडे, ओम नारायण, आकाश राठौर, विजय चंदेल, अमित कटियार ने विशाल भंडारे का आयोजन किया। जिसमें पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में भक्तों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में सभी को कचौड़ी और आलू की सब्जी दी गई। शाम तक चले भंडारे में भक्तों की भीड़ लगी रही। जिसमें सैकड़ों की संख्या में बच्चे महिला एवं पुरुष ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। नवरात्रि का पर्व होने के चलते भक्तों की शाम तक भीड़ उमड़ती रही। वही सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस बल तैनात रहा। भारी भीड़ के चलते कई बार जाम की स्थिति उत्पन्न हुई। जिसे पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद काबू में किया। मंदिर के व्यवस्थापक सचिन कटियार, उपाध्यक्ष अमन कटियार, कोषाध्याय अंकुर कटियार, शिवम श्रीवास्तव, आशीष यादव ने व्यवस्था देखी।

लोकसभा चुनाव को लेकर अपना दल एस की समन्वय बैठक संपन्न

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

आवास विकास स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर अपना दल एस की चुनाव के संबंध में बैठक संपन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश सरकार में सदस्य प्राविधिक शिक्षा बोर्ड उत्तर प्रदेश व अपना दल एस फर्रुखाबाद लोक सभा के प्रभारी जे0एन0 कटियार का अपना दल एस के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। सबसे पहले डॉक्टर भीमराव अंबेडकर व डा0 सोने लाल पटेल के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित किये गये। उन्होंने अपना दल एस के सभी कार्यकर्ताओं से गठबंधन प्रत्याशी मुकेश राजपूत को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाने के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिछली बार सांसद ढाई लाख वोटो से लोक सभा चुनाव जीते थे। इस बार यह आंकड़ा हमें 5 लाख का करना है। इसके लिए हम सबको तत्काल प्रभाव से चुनाव में जुट जाना है और मोदी को पुनः प्रधानमंत्री बनाना है। वहीं एनडीए गठबंधन के लोकसभा प्रत्याशी मुकेश राजपूत ने कहा कि जिस किसी कार्यकर्ता को प्रचार सामग्री एवं प्रचार में उपयोग किए जाने वाले संसाधनों की आवश्यकता हो वह लोकसभा चुनाव कार्यालय से प्राप्त कर ले। अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने कहा कि उनकी पार्टी का एक विधायक है उस विधानसभा में जिले की सारी विधानसभा से ज्यादा वोट दिलवाने का कार्य किया जाएगा। यह उनका वादा है। इस दौरान अपना दल एस के युवा मंच के राष्ट्रीय सचिव सुरजीत कटियार, अपना दल एस के प्रदेश मीडिया प्रभारी विश्व प्रकाश चतुर्वेदी, जिलाध्यक्ष राहुल गंगवार, युवा मंच जिलाध्यक्ष अजीत पटेल, महिला मंच जिलाध्यक्ष मधु गंगवार, ललित पटेल, विधान सभा अध्यक्ष वीरेंद्र राजपूत, अंतराष्ट्रीय शूटर अनिल पाल, वतन गंगवार, संदीप कुर्मी, अविनेंद्र सिंह, प्रधान हरिदत्त शाक्य, साकेत गंगवार, सुमित गंगवार, मुकेश यादव शायद दो सैकड़ा से अधिक कार्यकर्ता व पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्य अतिथि को बाबा साहब का चित्र भेंट करते सांसद — समृद्धि न्यूज

भट्टा मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र में ईंट भट्टे पर पथाई कर रहे मजदूर की ट्रेन से कटकर मौत हो गई। भट्टा मालिक के गुर्गों ने उसके शव को लापता कर दिया। मजदूर के बच्चे व पत्नी परेशान है। हालांकि आरपीएफ इंस्पेक्टर ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की। बिहार के नवादा के थाना नर्जीगंज ग्राम मधवन निवासी रामदेव (50) पत्नी धानू देवी, बच्चे जितेंद्र, धर्मेंद्र, गोलू, जीतू, सूरज, राखी, चांदनी, ताजो, मेंहदी के साथ रहकर एमआर भट्टा फतेहगढ चंदू बाबू के यहां ईंट पथाई करता था। रविवार सुबह पत्नी के साथ छठ पूजा के लिए बाजार से राशन खरीद कर करीब नौ बजे वापस आ रहा था। महरूपुर के पास पत्नी ने रेलवे क्रासिंग पार कर ली थी। रामदेव ट्रैक पार कर रहा था, इसी दौरान उसकी ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। साथ के अन्य लोगों ने सूचना मुनीम अशोक, हुकुम, नीलेश को दी। मुनीम अशोक शव को उठा लाए। पत्नी ने बताया कि मुनीम ने कहा कि उसके पैसे देने पड़ जाएंगे। पत्नी व अन्य लोगों ने विरोध किया पर मुनीम जबरन साथियों के साथ शव लेकर चला गया। घटना की सूचना पर आरपीएफदरोगा महिपाल सिंह, चौकी इंचार्ज अनिल कुमार ने घटना की जांच कर पत्नी से बातचीत की।

सपा सैनिक प्रकोष्ठ ने अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

समाजवादी पार्टी सैनिक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष केके यादव ने भारत रत्न डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती धूमधाम से मनायी। उन्होंने सपा प्रत्याशी डा0 नवल किशोर शाक्य का प्रचार-प्रसार करते हुए विभिन्न गांवों में जन सम्पर्क किया। सिरमौरा बांगर पहुंचकर सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों के साथ अम्बेडकर जयंती मनायी। सभी पूर्व सैनिकों ने डा0 अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। अनूप जाटव, कुलदीप जाटव, शैलेन्द्र जाटव, भूरे जाटव, रामवीर, मुकेश जाटव, अजीत जाटव, अमित कुमार, सुधीर कुमार के साथ प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और बाबा साहब को याद किया। इस मौके पर सैनिक प्रकोष्ठ के जिला उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, भूपेन्द्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, मदनपाल, मनोज कुमार, दीप सिंह, वेदप्रकाश, रामाधार, यशभान, अमित कुमार, पवन कुमार, बहादुर जाटव, सर्वेश कुमार, अनिल यादव, अशोक कुमार, शम्भू दयाल आदि लोग मौजूद रहे। महिलाओं ने भी पहुंचकर अम्बेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण किया।

अम्बेडकर जयंती मनाते सपा सैनिक प्रकोष्ठ के पदाधिकारी — समृद्धि न्यूज

माउंट लिट्रा-जी स्कूल द्वारा मैराथन दौड़ का हुआ आयोजन

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। माउंट लिट्रा जी स्कूल में मैराथन दौड़ का आयोजन हुआ। साथ ही मतदाता जागरुकता के बारे में जानकारी दी गई। फतेहगढ़ स्टेडियम में मैराथन दौड़ शुरु हुई जो कोतवाली, कचहरी रोड होते हुए स्टेडियम में समाप्त हुई। नगर के बच्चों व अभिभावकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता यादव ने सम्बोधित किया। विद्यालय के प्रबंधक अरुण गंगवार व निदेशिका डा0 रंजना गंगवार ने हरी झण्डी दिखाकर दौड़ का शुभारम्भ किया। विद्यालय की ओर से प्रतिभागियों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को शील्ड देकर सम्मानित किया गया। स्व0 ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में रविवार को मैराथन दौड़ के साथ-साथ मतदाता जागरुकता की जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव व प्रक्रिया है जिसकी मदद से देश की सामान्य जनता अपनी राजनैतिज्ञ राय व्यक्त कर सकती है। देश की सरकार बनाने के लिए हर किसी का अमूल्य वोट होता है। मतदान के प्रति प्रेरित करते हुए जागरुक किया गया और सशक्त सरकार बनाने के लिए अपना वोट राष्ट्र निर्माण को देने के लिए प्रेरित किया गया।

सम्मानित होते बच्चे — समृद्धि न्यूज

खबरें एक नजर में

बाबा साहब ने समाज में फैली कुरीतियों को दूर किया: संतोष कुमार

संगोष्ठी में मौजूद डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति के लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। भारत रत्न बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर का 133वां जन्म दिवस समारोह एवं विशाल धम्म यात्रा का आयोजन धूमधाम से हुआ। फतेहगढ़ से फर्रुखाबाद तक मुख्य मार्ग पर विशाल धम्म यात्रा निकाली गई। बाबा साहब अमर रहे के नारे लगाते हुए लोग शामिल हुए। डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती समारोह समिति द्वारा अम्बेडकर तिराहे पर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर संगोष्ठी का आयोजन हुआ। प्रधानाचार्य व समिति के उपाध्यक्ष संतोष कुमार ने कहा कि बाबा साहब ने देश में फैली कुरीतियों को दूर किया और भारत का संविधान लिखा। उन्होंने समताबंधुत्व, भाईचारा को ध्यान में रखते हुए विश्व का सर्वश्रेष्ठ संविधान लिखकर निर्माण किया। वह महान कानूनविद् थे। लाखों उनके अनुयायी देश में 14 अप्रैल को जयंती मनाते है और उन्हें याद करते है। विचार गोष्ठी में जवाहर सिंह गंगवार, नरेन्द्र सिंह जाटव, जितेन्द्र सिंह आदि ने विचार रखे।

बाबा साहब की 133वीं जयंती पर निकली धम्मयात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। बाबा साहब की 133वीं जयंती के अवसर पर सुबह 7:30 बजे बुद्ध वंदना हुई। बुद्ध वंदना को संकिसा में स्थिति म्यामार वर्मीज बुद्ध विहार के भन्त एस0 नन्दा द्वारा सम्पन्न करायी गयी। 8:30 बजे धम्म यात्रा पूर्व निर्धारित रुट फतेहगढ़ आवास विकास, बढ़पुर, लालगेट, घुमना, चौक, अम्बेडकर नगर होते हुये लकूला में प्रताप नरायन के आवास पर समाप्त हुई। धम्म यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया। स्वागत करने वाले भगवानदास कश्यप, विजय कनौजिया, पवन कुमार, अतेंद्र सिंह, डॉ0 महेशचंद्रा, विनोद गौतम, सुनील कुमार, पहलवान गैराज वाले, डॉ0 अरविन्द गुप्ता, सचिन, प्रमोद आदि लोगों ने अपने-अपने प्रतिष्ठान पर स्वागत किया। धम्म यात्रा में लगभग 1500 लोग सम्मिलित हुए। सुबह बुद्ध वंदना के सय डॉ0 राजपाल, प्रभू दयाल, नरेंद्र सिंह जाटव, आर.डी. बौद्ध, दिनेश कुमार, मुकेश कुमार, नरेंद्र कुमार, संतोष, सुनील कुमार, सुनीता, गीता, अमृता आर्या सहित लगभग 250 लोग सम्मिलित हुए। सभी लोग बाबा साहब के नारे गीत पूरे रास्ते मे बजते रहे और लोगों में काफी जोश था। बाबा साहब के प्रति ऐसी दीवानगी शायद कहीं और देखने को मिले। सुरेंद्र राना, सियाराम, जगजीत सिंह, प्रदीप, जयंत, जवाहर सिंह गंगवार, सुशील कुमार, छोटू, प्रवीन आदि लोग पूरे रास्ते साथ रहे।

पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने निकाली मोइरांग यात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद द्वारा रविवार को मोइरांग यात्रा का आयोजन किया गया। प्रथम बार नेता जी सुभाष चन्द्र बोस द्वारा हमारे राष्ट्रीय ध्वज को नागालैण्ड के मोइरांग स्थान पर फहराया गया था। उसी उपलक्ष्य में हर वर्ष 14 अप्रैल को यात्रा का आयोजन किया जाता है। जिलाधिकारी कार्यालय के पास सुभाष प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित किये गये। इस अवसर पर कैप्टन आरपी अग्निहोत्री, रामवरन सिंह चौहान, वीएस वर्मा, राजेश सिंह, मुनेश्वर सिंह, वीरपाल सिंह राठौर, फूल सिंह, अहिवरन सिंह, राजकुमार वर्मा, मनीष सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मार्ग दुर्घटना में घायल

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। कम्पिल क्षेत्र के गांव अकबरपुर निवासी आकाश (20) मार्ग दुर्घटना मे गंभीर घायल हो गया। लोगों ने उसे अस्पताल में भर्ती कराया।

महिला को हुआ चिकन पाक्स

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। क्षेत्र के गांव पहाड़ी मऊरसीदाबाद निवासी राबिया (35) पत्नी अरशद को चिकन पाक्स हो गया। गंभीर हालत मे परिजनों ने अस्पताल भर्ती कराया।

एसएस पब्लिक स्कूल द्वारा डा0 अम्बेडकर जयंती पर निकाली गई शोभायात्रा

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

रविवार को एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर में भारत रत्न बाबा साहब भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया और शोभायात्रा निकाली गई। अध्यक्ष सुरेश चंद्र अवस्थी एवं प्रधानाचार्य देवेश नारायण अवस्थी ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के सम्मुख केक काटा और शोभा यात्रा को हरी झंडी दिखाई। मैनेजर अनुपम अवस्थी एवं डायरेक्टर जतिन नारायण अवस्थी ने शोभा यात्रा का नेतृत्व किया। शोभा यात्रा एसएस पब्लिक स्कूल नारायणपुर से प्रारंभ होकर बाबा साहब डॉ0 भीमराव अंबेडकर की मूर्ति नगला खन्नी तक पहुंची। जहां पर सभी ने बाबा साहब की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। शोभा यात्रा बगीचा स्थित संत रविदास के आश्रम में माल्यार्पण करती हुई विद्यालय वापस पहुंची। शोभा यात्रा में शामिल बच्चों ने उत्साह पूर्वक नारे भी लगाए। विद्यालय में बच्चों को केक एवम् मिष्ठान का वितरण किया गया। इस अवसर पर कोआर्डिनेटर राहुल मिश्रा, राजेश तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रिया सक्सेना, आयुषी राठौर, बीनू सिंह, विप्लव दुबे, सोनू सिंह आदि मौजूद रहे।

संत रविदास आश्रम पर अम्बेडकर जयंती मनाते बच्चे — समृद्धि न्यूज

सफाई मजदूर संघ ने मनायी अम्बेडकर जयंती

बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते लोग

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। स्थानीय निकाय सफाई मजदूर संघ द्वारा संविधान निर्माता व दलितों के मसीहा डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद करते हुए पुष्प वर्षा की। नगर पालिका परिषद में सफाई मजदूर संघ द्वारा केक काटकर बाबा साहब का जन्मदिन मनाया गया। वक्ताओं ने एक सुर में कहा कि समाज को एकजुट रहना चाहिए। नीरज कुमार ने कहा कि समाज के छोटे-छोटे बच्चे पढ़कर लिखकर आगे बढ़े और बाबा साहब के बताये हुए मार्गों पर चले। जिससे समाज के लोग तरक्की कर सकें। इस मौके पर राधेश्याम, नंदकिशोर, रामलखन बाल्मीकि, अनिल कुमार, अजय कुमार, विजय, विकास, सुरजीत, राजेन्द्र आदि लोग मौजूद रहे।

श्रीकृष्ण जन्म कथा का भक्तों ने किया रसपान

कथा सुनाते भगवताचार्य सुरेन्द्र चन्द्र द्विवेदी मौजूद भक्तगण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। ब्लाक कमालगंज के अंतर्गत प्राचीन हनुमान मंदिर चुरसाई में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भागवताचार्य सुरेश चंद्र द्विवेदी व सुनोराम दुबे के द्वारा परम कल्याणकारी पावन कथाओं को संगीतमय लय में कथा प्रवचन भक्तों ने सुने। भागवताचार्य ने मानव जीवन के कल्याण के लिए कई दृष्टांतों से समझाया। कथा में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। कथा परीक्षित गंगाश्री व कथा संयोजक बृजमोहन सिंह राजपूत रहे। इस अवसर पर पूर्व प्रधान अरविन्द राजपूत, डा0 उमाशंकर सिंह, जबर सिंह, सौरभ सिंह, देव सिंह, अध्यापक रामकुमार, सरनाम सिंह, रतन सिंह, राजू सिंह, महावीर सिंह, राजपाल सिंह, नरेन्द्र मोहन, विशंभर दयाल, पंकज सिंह, राहुल, मुरारी लाल, अवनीश कुमार, राजेश कुमार, गौरव, हिमांशू, दिनेश, भूपेन्द्र सिंह, विकास आदि मौजूद रहे।

रखा बालिका इंटर कालेज में उल्लास पूर्वक मनायी गई अम्बेडकर जयंती

- प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में बाबा साहब को जयंती पर किया गया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

रखा बालिका इंटर कालेज में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर जयंती उल्लास पूर्वक मनायी गई। प्रधानाचार्या डा0 नीतू मसीह व शिक्षिकाओं ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। छात्राओं को सम्बोधित करते हुए डा0 नीतू मसीह ने कहा कि मध्य प्रदेश के मऊ जिले में 14 अप्रैल 1891 को डा0 भीमराव अम्बेडकर का जन्म हुआ था। उन्होंने शिक्षा ग्रहण करने के बाद कुरीतियां, छुआछूत, असमानता, अंधविश्वास जो चरम सीमा पर फैला था उसे दूर किया। उन्होंने हर गरीब व पिछड़े लोगों को आगे बढ़ाने का काम करते हुए समानता का अधिकार दिलाया और ऊंच-नीच का भेदभाव समाप्त किया। उन्होंने जातिवाद खत्म करने का नारा देते हुए पहचान बनायी और भारत का संविधान लिखकर पूरे विश्व में ख्याति स्थापित की। इस मौके पर विद्यालय की शिक्षिकायें व छात्रायें मौजूद रही। वहीं कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने स्टाफ अंबेडकर जयंती मनायी। संविधान सभा के अध्यक्ष भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की 133वीं जयंती पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल, सहायक अध्यापक योगेन्द्र, आकाश पाल ने बच्चों के साथ मिलकर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। योगेन्द्र कुमार ने बाबा साहब के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।आकाश पाल ने अंबेडकर को दलितों का मसीहा बताया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने सभी आगन्तुकों के लिए शीतल पेयजल आदि की व्यवस्था की गई।

रखा बालिका इंटर कालेज में अम्बेडकर जयंती मनाती शिक्षिकायें — समृद्धि न्यूज

कांग्रेसियों ने जयंती मनाकर बाबा साहब को किया याद

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

कांग्रेस के जिला कार्यालय नगला दीना फतेहगढ़ में बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी गई। शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला, यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सैय्यद अम्मार अली ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। संविधान रचैयता डा0 भीमराव अम्बेडकर को जयंती पर याद करते हुए यूथ कांग्रेस जिलाध्यक्ष सयैद अम्मार अली जैदी ने कहा डॉ0 भीमराव अम्बेडकर जयंती पर हम सबको देश हित में सोचना चाहिए हमारा भारत इतना तरक्की कर रहा है, वो सब उनकी ही देन हैं। उन्होंने इस सविधान को बनाने में अपना पूरा जीवन लगा दिया। उनका जीवन सदैव देश को बचाने में समर्पित रहा है। शहर अध्यक्ष पुन्नी शुक्ला ने कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ जयंती मनाई। इस मौके पर सन्तोष गुप्ता, शिव आशीष तिवारी, अर्जुन शर्मा, वरुण त्रिपाठी, इलियास खान, फरुख अली, अंकित पाठक आदि लोग उपस्थित रहे।

अम्बेडकर जयंती मनाते कांग्रेसी — समृद्धि न्यूज

निषाद पार्टी द्वारा मनायी गई बाबा साहब की जयंती

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष ने डा0 भीमराव अम्बेडकर की जयंती मनायी। क्रिश्चियन फील्ड के सामने धम्म यात्रा का स्वागत कर बाबा साहब के सम्मान में नारे लगाये गये और यात्रा में मौजूद लोगों को स्टाल लगाकर जलपान कराया गया। साथ ही विचार गोष्ठी का आयोजन हुआ। सभी ने बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया। व्यवस्था का संचालन कैलाश शंकर कनौजिया ने किया। निषाद पार्टी के जिलाध्यक्ष अनिल कश्यप ने कहा कि बाबा साहब डा0 भीमराव अम्बेडकर ने देश का संविधान लिखकर सभी को न्याय दिलाने का काम किया। उन्होंने छुआछूत को खत्म कर दलितों व पिछड़ों को सम्मान दिलाया। उनकी जयंती पर उनके अनुयायियों ने याद कर पुष्प अर्पित किये और केक काटकर जन्मदिवस मनाया। इस अवसर पर कुलदीप कुमार बाथम, मुकेश कश्यप, जितेन्द्र कनौजिया, गणेश कनौजिया, सुरेश कश्यप, भल्लू कश्यप, रिन्कू कश्यप, अजीत कश्यप, राजकपूर आदि लोग मौजूद रहे।

अम्बेडकर जयंती मनाते निषाद पार्टी के लोग — समृद्धि न्यूज

रामनवमी पर वाणी विनायक संस्था करेगी प्रसाद वितरण

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

वाणी विनायक संस्था की ओर रामनवमी के अवसर पर स्थित राधा गोपाल मंदिर पर राम जन्मोत्सव हलुआ वितरण के कार्यक्रम की रुपरेखा बूरावाली गली स्थित कार्यालय पर बैठक में बनायी गई। बैठक में सहयोगियों ने कहा कि पूर्ण रुप से श्रम व आर्थिक दान प्रदान कर कार्यक्रम को भव्य बनाने का प्रयास किया जायेगा। संस्था प्रमुख राज गौरव पाण्डेय, जितेन्द्र मिश्रा, शैलेन्द्र सक्सेना, संजीव वर्मा, राकेश शुक्ला, सुनील टंडन, अमित सक्सेना, अनुज गुप्ता, वरुण चौहान, संजय मेहरोत्रा, जगमोहन पाठक ने आर्थिक सहयोग प्रदान कर कार्यालय में भागीदारी करने को कहा। इस अवसर पर संध्या पाण्डे, राशि पांडे, रितुल वर्मा, रामजी राजपूत, गौरव राठौर, अनूप शर्मा, मनोज शर्मा, विशाल पाठक, विशाल सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

बैठक के दौरान मौजूद वाणी विनायक के पदाधिकारी

तेरे बिन जाए कहां ओ सांवरे गीत पर श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज

श्रीराधा वल्लभ धर्मार्थ सेवा समिति के संरक्षक अनमोल दीक्षित व उनकी टीम द्वारा आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा षष्ठम दिन कथा की वक्ता वृंदावन से पधारी साध्वी आर्या पंडित ने चीरहरण व रासलीला व गोपी विरह का वर्णन की कथा सुनाई। उन्होंने चीरहरण की कथा में बताया कि गोपिया नित्यप्रति यमुना नदी में रात्रि में नग्न स्नान करती थी। वे अपने वस्त्र उतारकर नदी के किनारे रख देती थी। छह वर्ष की अवस्था में भगवान श्रीकृष्ण ने एक दिन उनके वस्त्र उठाकर पेड़ पर चढ़ गये। जब स्नान कर गोपियों ने देखा कि उनके वस्त्र नहीं है तो उन्होंने कृष्ण से वस्त्र देने को कहा। कृष्ण ने उनसे वस्त्र बाहर निकालकर आने को कहा। इस प्रकार गोपियों की चीरहरण लीला की। इसके बाद शरद पूर्णिमा के दिन कृष्ण से गोपियों से अर्दरात्रि को यमुना के किनारे मिलने को कहा और रासलीला करने के लिए कहा। सभी गोपियां शीघ्र ही सजधज कर आयी, परन्तु कृष्ण नहीं तो गोपियां बहुत दुखी हुई और बाद में कृष्ण आये तो उन्होंने अपनी शिकायत की। फिर कृष्ण से सभी के साथ नृत्य आदि कर आनन्द की प्राप्ती करायी। गीत के साथ गोपीविरह का वर्णन सुन श्रोता नृत्य करने पर विवश हो गये। साध्वी ने गीत गाकर कृष्ण की प्रार्थना की तेरे बिन जाय कहां ओर सांवरे, भक्तों ने नृत्य कर कथा का आनंद लिया। संचालन महेश पाल सिंह उपकारी ने किया। इस अवसर पर अनिल सिंह, अनिल प्रताप सिंह, जवाहर मिश्रा, भप्पू सोनी, अमरीश अग्निहोत्री, संजय पाठक, आलोक दीक्षित, रामवीर चौहान, अखिलेश द्विवेदी, शिवाय दीक्षित आदि लोग मौजूद रहे।

कथा सुनाती साध्वी आर्या पंडित मौजूद श्रोतागण — समृद्धि न्यूज

गृहमंत्री अमित शाह राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में की जनसभा, कहा

बीजेपी छत्तीसगढ़ को बनाएगी नक्सलमुक्त

एजेंसी

खैरागढ़/रायपुर। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह छत्तीसगढ़ के राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के खैरागढ़ में एक जनसभा में केन्द्र सरकार की उपलब्धियों और नीतियों का बखान किया। वे यहां भाजपा के उम्मीदवार संतोष पांडेय के समर्थन में एक सभा को संबोधित कर रहे थे।

शाह ने कांग्रेस पर कई तीखे प्रहार किए। उन्होंने राज्य की जनता को नरेन्द्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर छत्तीसगढ़ को नक्सलमुक्त राज्य बनाने का भरोसा दिया। केंद्रीय मंत्री शाह ने सभा में अपना भाषण की शुरुआत मां बम्बलेश्वरी को नमन करते हुए की। उन्होंने कहा कि आज आंबेडकर जयंती है, आज संविधान निर्माता को पूरा देश

याद कर रहा है। शाह ने कहा कि जिस प्रकार विधानसभा चुनाव में भाजपा को स्पष्ट बहुमत दिया था, ठीक उसी तरह इस चुनाव में भूपेश बघेल को भारी मतों से हराकर घर भेज दीजिए। शाह ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे कहते है कि मोदी संविधान बदल देंगे। इनके चले-चपेटे कहते हैं कि मोदी फिर आए तो आरक्षण खत्म हो जाएगा। मैं बताना चाहूंगा कि यह लोग झूठ का व्यापार करते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए भाजपा ना आरक्षण खत्म करेगी और ना करने देगी।

किसानों के कल्याण के लिए हमने बढ़ाया बजट : शाह

शाह ने कहा कि वर्ष 2013 में किसान कल्याण का बजट सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये था, मोदी ने इसे बढ़ाकर 1 लाख 25 हजार करोड़ रुपये किया। जिससे हर किसान को 6 हजार रुपये हर साल मिल रहे हैं।

छत्तीसगढ़ में साय सरकार कर रही हर गारंटी पूरा

गृह मंत्री शाह ने कहा कि भाजपा की सरकार चाहे अटल की हो या नरेन्द्र मोदी की हमने गरीब और किसानों को हमेशा ऊपर रखा है। भूपेश कक्का से मैं पूछता हूं कि आपने छत्तीसगढ़ को क्या दिया है। नरेन्द्र मोदी की सरकार ने 38 लाख घरों में शौचालय बनाए, 12 लाख आवास दिए, 18 लाख आवास बनाने की घोषणा विष्णुदेव सरकार ने भी कर दी है।

भूपेश जी ने पीएससी सहित महादेव को भी नहीं छोड़ा

उन्होंने कहा कि पीएससी घोटाला, गोठान घोटाला, वर्मी कंपोस्ट घोटाला यहां तक की भूपेश बघेल सरकार ने तो महादेव के नाम पर भी स्कैम किया।

मोदी की गारंटी, संकल्प पत्र भारत के भविष्य का सुनहरा रोड मैप : मुख्यमंत्री साय

रायपुर। भाजपा ने रविवार को अपना घोषणा पत्र जारी कर दिया है। जिसके बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री 2024 मोदी की गारंटी, संकल्प पत्र जारी किए हैं। मैं भी इस संकल्प पत्र की समिति में सदस्य के रूप में शामिल था। यह भारत के भविष्य का सुनहरा रोड मैप है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 और 2019 के समय भी पार्टी ने घोषणा पत्र जारी किया था। पीएम मोदी ने दोनों बार देश की जनता से जो वादा किया था उसे पूरा किया है। 24 बिंदुओं के साथ 76 पेज का यह घोषणा पत्र हैं, जिसमें से 10 सामाजिक हैं। सरकार ने पूरा करने का प्रयास किया है और 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से बाहर आए है। वर्ष 2024 का जो संकल्प पत्र आया है उसमें बहुत अच्छे बिंदु हैं। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत तीन करोड़ घर बनाने का वादा इसमें किया गया है। सस्ता गैस भी सभी के घर तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है।

नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में भारत का झंडा पूरी दुनिया में हुआ ऊंचा : पुष्कर सिंह धामी

समृद्धि न्यूज

पीलीभीत। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 सालों में भारत ने दुनिया में अपना स्थान बनाया है। भारत का झंडा पूरी दुनिया में ऊंचा हुआ है।

मुख्यमंत्री धामी ने प्रबुद्धजनों के सम्मेलन में कहा कि आज आवश्यक हो गया है कि हम सबको एकजुट होकर क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार को जिताना है। आपका पड़ोसी होने के नाते मैं आप सबसे मिलने आया हूं। उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से यदि देश और जनता के लिए इतनी लगन से सर्वाधिक कार्य किया है तो वह नरेन्द्र मोदी हैं। यही बात जन-जन तक पहुंचानी है। पूरी दुनिया का

डिजिटल ट्रांजेक्शन का 50 फीसदी अकेले भारत में होता है। यह सब इसलिए संभव हो पा रहा है क्योंकि हमारे पास सशक्त एवं दृढ़ निश्चय वाला व्यक्ति नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मोदी ने जब यूपीआई को बढ़ावा देकर डिजिटल ट्रांजक्शन की बात की तो विपक्षी मजाक बना रहे थे। कहते थे कि यहां कम पढ़े-लिखे लोग हैं। वे कैसे डिजिटल ट्रांजेक्शन करेंगे। तब मोदी ने कहा था कि ऐसा बोलने वालों को देश की जनता खुद जवाब देगी। वही हुआ। आज हर ठेले पर भी यूपीआई से ट्रांजेक्शन हो रहा है। धामी ने मोदी सरकार की उज्ज्वला योजना, जनधन योजना समेत तमाम योजनाओं का जिक्र कर इसे जनता के जीवन में बदलाव लाने वाला बताया। उन्होंने कहा कि देश की जनता ने जो कभी नहीं सोचा था, पीएम मोदी ने वह भी करके दिखाया। जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 समाप्त किया। तीन तलाक समाप्त हुआ। अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ। सीएए लागू किया। इस कानून के लागू होते ही शरणार्थियों का जीवन बदल गया। पड़ोसी देशों से आए विस्थापित अल्पसंख्यक भाइयों को बड़ी राहत मिलेगी। आज देश पर कोई हमला करता है तो भारतीय सेना सर्जिकल स्ट्राइक करके जवाब देती है। आज यह बदलाव हुआ है।

बहकी-बहकी बातें करते हैं पीएम मोदी : प्रियंका

एजेंसी

जालोर । कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी राजस्थान के दो दिवसीय दौरे पर हैं। रविवार को राजस्थान के भीनमाल (जालोर) में प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर जमकर घेरा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी आजकल बहकी-बहकी बातें कर रहे हैं। कभी गटर से गैस बनाते हैं, कभी बादल में मिसाइल छोड़ते हैं, कभी हवा में उड़ते हैं। उन्हें समझ नहीं आ रहा है कि करना क्या है। इन बातों से आपके जीवन का क्या मतलब है, जो सबसे बड़ी समस्या महंगाई और बेरोजगारी है, उस पर कोई बात नहीं करता।

उन्होंने कहा कि चुनाव का समय हिसाब लेने का होता है। राजस्थान में हो सकता है आपको गहलोत सरकार से थोड़ा गिला शिकवा हो, इसलिए आपने सरकार बदल दी। हालांकि इसके बाद क्या हुआ, आपने देखा जो स्कीमें कांग्रेस सरकार ने शुरू की थीं, उसे भाजपा सरकार ने बंद कर दिया है।

कांग्रेस सरकार के समय जनता को 25 लाख की मुफ्त स्वास्थ्य सुविधाएं मिल रहीं थीं, जिसे भाजपा सरकार ने आते ही बंद कर दिया। आज राजस्थान की भाजपा सरकार जनता के हित में काम नहीं कर रही है। अब देश का चुनाव है, इसलिए आपको सोच समझ कर वोट करना होगा। आज चुनाव के वक्त देश में अजीब माहौल बन गया है, जनता के ध्यान के भटकाने वाली बातें हो रही हैं।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की नीयत ठीक नहीं है। इनकी नीतियां बड़े-बड़े अरबपतियों के लिए है। कुछ दिन पहले देश में एक अरबपति के यहां शादी हुई, लेकिन आपने कभी सोचा है कि इतना पैसा कहां से आ रहा है। पीएम मोदी ने 16 हजार करोड़ के इनके कर्ज माफ किए हैं, वहीं जो किसान कर्ज में डूब रहा है, उसके बारे में बात तक नहीं होती। आपको सिर्फ ये दिखाया जाता है कि देश आगे बढ़ रहा है, तरक्की हो रही है, सभी बहुत खुशहाल हैं, लेकिन ये सच्चाई नहीं है।

बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या

प्रियंका गांधी ने कहा कि आज देश में बेरोजगारी और महंगाई सबसे बड़ी समस्या है। मुझे लगता है कि पीएम मोदी को कुछ हो गया है, वो समझ नहीं पा रहे हैं। इनके अधिकारी पीएम को सच्चाई बताने से डर रहे हैं। ऐसा लगता है कि पीएम मोदी देश की जनता से कट चुके हैं। आज पिछले 45 सालों में महंगाई दर सबसे ज्यादा है और ये मोदी सरकार की देन है। मोदी सरकार को हमेशा ही चुनावों के वक्त सिलेंडर और पेट्रोल-डीजल की कीमतें याद आती हैं। आज ऐसे हालात हो चुके हैं कि बच्चों की पढ़ाई और शादी के लिए जमीन बेचनी पड़ रही है। खेती में इस्तेमाल होने वाले सामान महंगे हो चुके हैं।

कोटा में छात्रावास की इमारत में आग लगने से आठ छात्र घायल

कोटा। राजस्थान के कोटा में एक छात्रावास की इमारत में रविवार सुबह भीषण आग लगने से आठ छात्र घायल हो गए। प्रारंभिक जांच के अनुसार आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी। पुलिस ने यह जानकारी दी। कोटा शहर की पुलिस अधीक्षक अमृता दुहन ने बताया कि यह घटना कुन्हाड़ी पुलिस थाने क्षेत्र में लैंडमार्क सिटी में सुबह करीब 6.15 बजे हुई। प्रारंभिक जांच के अनुसार पांच मंजिला छात्रावास भवन के भूतल में लगे बिजली के ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट होने के कारण आग लगी। हालांकि फॉरेंसिक टीम घटना के सही कारण का पता लगाने की कोशिश कर रही है। कोटा नगर निगम के दमकल अधिकारी राकेश व्यास ने कहा कि छात्रावास की इमारत में आग से सुरक्षा करने वाले उपाय नही किए गए थे और इस बारे में उन्होंने संबंधित विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र नहीं लिया था। व्यास ने कहा कि इससे भी अधिक चिंताजनक बात यह है कि छात्रावास में ट्रांसफार्मर सीढ़ियों के पास भूतल पर छात्रावास भवन के अंदर लगा हुआ था।

नई सरकार बनते ही भारत को मिलेंगे नए थल सेना, वायु सेना व नौसेना प्रमुख

एजेंसी

नई दिल्ली। यह चुनावी वर्ष न केवल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि तीनों सेनाओं को नए चेहरे मिलने के लिहाज से भारत के रक्षा क्षेत्र के लिए भी अहम है। आने वाले दिनों में भारत को थल सेना, वायु सेना और नौसेना के नए प्रमुखों के साथ-साथ देश की प्रमुख रक्षा एजेंसी रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन (डीआरडीओ) के लिए भी नया अध्यक्ष मिलेगा।

फिलहाल नौसेना, थल सेना और डीआरडीओ के लिए नए प्रमुखों को लाने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। अगले वायु सेना प्रमुख का चयन बाद में किया जाएगा। ख़ास बात यह है कि सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे, एयर चीफ मार्शल वीआर चौधरी और एडमिरल आर. हरि कुमार 61वें राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पाठ्यक्रम में बैचमेट हैं। यह देश के लिए लगातार दूसरा मौका है जब एक ही एनडीए

▸ नए डीआरडीओ प्रमुख के लिए कमेटी ने सुझाए तीन वैज्ञानिकों के नाम

बैच के 'तीन दोस्तों' के हाथों में देश की तीनों सेनाओं की कमान है। इससे पहले भारतीय सशस्त्र बलों का नेतृत्व करने वाली 'तिकड़ी' में एडमिरल करमबीर सिंह, एयर चीफ मार्शल राकेश कुमार सिंह भदौरिया और सेना प्रमुख एमएम नरवणे भी 56वें एनडीए बैच के साथी थे। रक्षा मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि अप्रैल के अंत तक नौसेना को नया प्रमुख मिल जाएगा, क्योंकि 25वें प्रमुख एडमिरल हरि कुमार 30 अप्रैल को अपना कार्यकाल पूरा कर रहे हैं। रक्षा मंत्रालय की चयन समिति ने पांच वरिष्ठ नौसेना अधिकारियों के नाम नियुक्ति पर निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था कैबिनेट की नियुक्ति समिति (एसीसी) को भेजे हैं। उम्मीद है कि एसीसी जल्द ही अगले नौसेना प्रमुख की घोषणा करेगी।

खबरें एक नजर में

बांद्रा में सलमान के घर के बाहर बंदूकधारियों ने की गोलीबारी

मुंबई। बॉलीवुड मेगास्टार सलमान खान के बांद्रा स्थित घर के बाहर रविवार सुबह पांच बजे दो अज्ञात लोगों ने गोलीबारी की और अपनी मोटरसाइकिलों पर भाग गये। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। खबरों के मुताबिक हेलमेट पहने दो अज्ञात व्यक्ति मोटरसाइकिल पर तेजी से आए और मुंबई उपनगर के बांद्रा इलाके में गैलेक्सी अपार्टमेंट की दिशा में कम से कम चार गोलियां चलाईं। फिलहाल यह पता नहीं चला कि सलमान खान सप्ताहांत की छुट्टी पर घर पर थे या नहीं। बांद्रा पुलिस की एक टीम और मुंबई अपराध शाखा तुरंत खान के घर पहुंची और जांच शुरू की। साथ ही अभिनेता के आवास की ओर जाने वाली सड़कों की घेराबंदी कर दी गई और आसपास के क्षेत्र में सुरक्षा कड़ी कर दी गई। पुलिस सूत्रों ने बताया कि कलिना पुलिस लैब से फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम मौके पर पहुंची और दो गोलियां बरामद कीं। पुलिस शूटरों का पता लगाने और उनके उद्देश्यों और लक्ष्यों की जांच करने के लिए इलाके में सीसीटीवी फुटेज को खंगाल रही है। उन्होंने यह भी कहा कि पुलिस को गोलीबारी की घटना में लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के शामिल होने का संदेह है, क्योंकि सलमान खान को बिश्नोई गिरोह जैसे पंजाब स्थित कुछ माफिया समूहों से खतरा है। पिछले कुछ वर्षों में उन्हें और उनके पिता सलीम खान को अलग-अलग तरीकों से जान से मारने की धमकियाँ दी गई हैं, जिनमें परिवार को एक पत्र भेजना भी शामिल है।

उत्तर बंगाल पहुंचे मिथुन चक्रवर्ती, करेंगे रोड शो

सिलीगुड़ी। भाजपा के स्टार प्रचारक और अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती रविवार को उत्तर बंगाल दौरे पर पहुंचे है। मिथुन चक्रवर्ती बागडोगरा हवाई अड्डे पर उतरे। हवाई अड्डे पर मिथुन चक्रवर्ती का भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्वागत किया। इसके बाद वे सीधे जलपाईगुड़ी जिले के मयनागुड़ी के लिए सड़क मार्ग से निकल गए। मयनागुड़ी में मिथुन चक्रवर्ती जलपाईगुड़ी लोकसभा केंद्र के भाजपा उम्मीदवार डॉ. जयंत राय के समर्थन में रोड शो करेंगे। वहीं, मयनागुड़ी रवाना होने से पहले पत्रकारों से करते हुए कहा कि अब बहुत हो गया। पश्चिम बंगाल में बदलाव की जरूरत है। वहीं, उन्होने आगे कहा कि इस बार वे अपना चुनाव प्रचार काबलीवाला से शुरू करेंगे

झारखंड पार्टी (एनोस गुट) 6 लोकसभा सीट पर लड़ेगी चुनाव

रांची। रांची में झारखंड पार्टी एनोस गुट की संसदीय समिति की बैठक हुई। पूर्व मंत्री सह पार्टी के केंद्रीय अध्यछ एनोस एक्का की अध्ययता में संपन्न हुई बैठक में पार्टी ने लोकसभा चुनाव 2024 में 6 लोकसभा सीट से चुनाव लड़ने का ऐलान किया। बैठक के उपरांत 3 लोकसभा सीट से उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। चाईबासा लोकसभा से चित्रसेन सिंकू, हजारीबाग से राजकुमार कुशवाहा, चतरा से दर्शन गोंझु चुनाव लड़ेंगे। इसके अलावा पार्टी लोहरदगा, राजमहल, खूंटी से भी चुनाव लड़ेगी। इन लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों की घोषणा जल्द की जायेगी। झामुमो विधायक लॉबिन हेम्ब्रम के चुनाव लड़ने पर पार्टी ने कहा कि यदि वे चुनाव लड़ते है तो पार्टी लॉबिन हेम्ब्रम को समर्थन करेगी। लोबिन हेंब्रम जल जंगल जमीन की बात करने वाले हैं। पार्टी ने कहा कि समान विचारधारा वाले दलों के साथ हमारी बातचीत चल रही है। एक-एक कर निर्णय लिया जाएगा। यहां सिर्फलूट की राजनीति चल रही है।

रीवा में 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मासूम की हुई मौत

रीवा। मध्य प्रदेश के रीवा जिले में 160 फीट गहरे बोरवेल में फंसे मासूम की मौत हो गई है। आपको बता दें कि 44 घंटे चले रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद 42 फीट की गहराई पर मयंक गिट्टियों के बीच दबा मिला, तत्काल मेडिकल टीम मयंक को लेकर अस्पताल पहुंची यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया है। इस बात की पुष्टि जिला पंचायत सीईओ सौरभ सोनवडे ने की है। शुक्रवार को मयंक खेलते समय खुले बोरवेल में गिर गया था। घटना जनेह थाना क्षेत्र में आने वाले मनिका गांव की है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची इसके बाद 8 जेसीबी मशीनों की मदद से खुदाई की गई ड्रिल मशीन से बोरवेल तक पहुंचने के लिए एक सुरंग बनाई गई थी। मयंक की मौत की खबर सुनकर परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

रांची में वाहन चेकिंग के दौरान 11.45 लाख बरामद

रांची। रांची के लालपुर पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान प्लाजा चौक के समीप से रविवार को एक स्कूटी से 11 लाख 45 हजार रुपया बरामद किया है। पुलिस ने स्कूटी सवार व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। बताया जा रहा है कि पंडरा के व्यवसायी का पैसा है। मामले की जानकारी मिलते ही आईटी की टीम भी मामले की जांच करने पहुंची है। फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

सूरत और वडोदरा को मिले नये पुलिस आयुक्त

अहमदाबाद। गुजरात सरकार ने लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू रहने के बीच रविवार को भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 35 अधिकारियों को पदोन्नत व स्थानांतरित किया। सूरत और वडोदरा जैसे शहरों को इस कवायद के कारण नये पुलिस आयुक्त मिले हैं। वडोदरा पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत को सूरत का पुलिस आयुक्त बनाया गया है, जबकि गांधीनगर के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (प्रशासन) नरसिम्हा कोमर ने उनकी जगह ली है।

हमला : पुतिन और पीएम मोदी में कोई अंतर नहीं : शरद पवार

एजेंसी

सोलापुर। देश में चल रहे सियासी मौसम में बयानबाजी और आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सुप्रीमो शरद पवार ने पीएम मोदी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोलापुर जिले के अकलुज में एक चुनावी बैठक करने गए शरद पवार ने कहा कि प्रधानमंत्री देश में लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं। इसके साथ ही दिग्गज एनसीपी नेता ने यह भी कहा कि वे रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी में कोई अंतर नहीं पाते हैं।

माधा और सोलापुर लोकसभा सीटों के उम्मीदवारों पर चर्चा करने के लिए पूर्व उपमुख्यमंत्री विजयसिंह मोहिते पाटिल के आवास पर पहुंचे शरद पवार यही नहीं रुके। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने यह भी कहा कि पीएम मोदी चाहते ही नहीं हैं कि विपक्ष से कोई निर्वाचित हो। उनका यह रुख दिखाता है कि उनमें और रूस के पुतिन में कोई अंतर नहीं है। जैसे पुतिन देश में कोई विपक्ष नहीं चाहते हैं वैसे ही यहां पीएम मोदी चाहते हैं। आगे बोलते हुए शरद पवार ने दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी का भी मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद भी एक मौजूदा मुख्यमंत्री (अरविंद केजरीवाल) की गिरफ्तारी यही दिखाती है।

उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इस तरह गिरफ्तार करना साफ दिखाता है कि मोदी धीरे-धीरे संसदीय लोकतंत्र को नष्ट कर रहे हैं और देश निरंकुशता की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में सत्ता पक्ष की तरह विपक्ष का भी उतना ही महत्व है। इस दौरान शरद पवार ने भाजपा के घोषणापत्र पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। उन्होंने कहा कि वादे करना भाजपा की खासियत है, लेकिन ये समय उनके घोषणापत्र पर टिप्पणी करने का नहीं हैं। आगे उन्होंने माधा और सोलापुर लोकसभा क्षेत्रों पर चर्चा के लिए हुई बैठक के बारे में बताया। पवार ने कहा कि इस बैठक में कांग्रेस नेता सुशील कुमार शिंदे, विजयसिंह मोहिते पाटिल और पार्टी के अन्य प्रमुख पदाधिकारी मौजूद थे।

बाबा विश्वनाथ की शरण में पहुंचे फिल्म अभिनेता रणबीर व अभिनेत्री कृति

वाराणसी। बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह और अभिनेत्री कृति सेनन ने रविवार को काशीपुराधिपति के दरबार में दर्शन पूजन किया। श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में दर्शन पूजन के बाद आह्लादित रणबीर सिंह ने हर-हर महादेव का कालजयी उद्घोष भी किया। दर्शन पूजन के बाद बेहद खुश नजर आए रणबीर ने प्रशंसकों का अभिवादन भी किया। अभिनेता और अभिनेत्री बाबतपुर एयरपोर्ट से कड़ी सुरक्षा के बीच सीधे बाबा विश्वनाथ के दरबार में पहुंचे। मंदिर के बाहर रणबीर और कृति सेनन को देखने के लिए युवा प्रशंसकों की भीड़ जुट गई। दोनों मंदिर के ललिता घाट द्वार से विश्वनाथ धाम में पहुंचे। जहां गेट पर पहले से मौजूद युवाओं ने रणबीर को देख हर-हर महादेव का नारा लगाया। गौरतलब हो कि नमोघाट पर इंडियन माइनॉरिटी फाउंडेशन की ओर से आयोजित दो दिवसीय धरोहर काशी की-बुनकर समुदाय की गाथा नामक एक मेगा कार्यक्रम में भाग लेने के लिए 20 देशों के राजदूतों के साथ अभिनेता रणबीर सिंह, अभिनेत्री कृति सेनन शहर में आए है।

कई देशों के राजनयिकों ने लगाई बाबा विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी

वाराणसी। मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स और मोलडोव समेत कई देशों के राजनयिकों ने रविवार शाम श्री काशी विश्वनाथ के दरबार में हाजिरी लगाई। दरबार में सभी विदेशी राजदूतों ने दर्शन-पूजन किया। दर्शन-पूजन के बाद राजदूत आह्लादित दिखे। इस अवसर पर मंदिर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने सभी राजनयिकों एवं उनके परिजनों का श्री विश्वनाथ दुपट्टा एवं प्रसाद देकर स्वागत किया। ी काशी विश्वनाथ मंदिर प्रबंधन के मुताबिक दर्शन-पूजन के बाद राजनयिकों ने मंदिर गेट के समक्ष फोटो भी खिंचवाया। मॉरीशस, श्रीलंका, सेशेल्स, मोलडोव, घाना, माली, जमैका सहित कई देशों के राजनयिकों ने शैव साधना के संबंध में जिज्ञासा प्रकट की तथा ध्यान एवं मंदिर आराधना के संबंध में भी प्रश्न किए। इन जिज्ञासाओं का समाधान विद्वान अर्चक गुरु पं. श्रीकांत से करवाया गया। राजनयिकों ने मंदिर के साथ ही मंदिर प्रशासन एवं अर्चक के साथ भी फोटो खिंचवाने का आग्रह किया। उनके अनुरोध को आतिथ्य मर्यादा के मद्देनजर स्वीकार करते हुए फोटो खिंचवाने की अनुमति दी गई।

राम नवमी पर्व को लेकर अयोध्या धाम में सुरक्षा के कड़े प्रबंध

श्रीराम लला के नव विग्रह की प्राण-प्रतिष्ठा के बाद पहली बार वृहद स्तर पर आयोजित होने जा रहा है राम नवमी का पर्व

समृद्धि न्यूज

लखनऊ। अयोध्या में 500 वर्षों बाद भगवान राम के नव विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हो चुकी है। इसके बाद यह पहला अवसर है जब अयोध्या में श्रीराम नवमी का पर्व मनाया जा रहा है। प्रदेश सरकार की ओर से इसको धूमधाम से वृहद स्तर पर मनाने की तैयारी की गई है।

माना जा रहा है कि लाखों लोग इस अवसर पर भगवान राम के दर्शन के लिए अयोध्या पहुंचेंगे। ऐसे में बड़े पैमाने पर यहां सुरक्षा को लेकर तैयारियां की जा रही हैं। इस महत्वपूर्ण पर्व को सकुशल संपन्न कराने में पुलिस प्रशासन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा के साथ-साथ पुलिस प्रशासन ने भीड़ प्रबंधन से लेकर दर्शन और श्रद्धालुओं

की संख्या का अनुमान एवं आंकलन करने के लिए भी योजना बनाई है। उल्लेखनीय है कि अयोध्या धाम में रामनवमी के उपलक्ष्य में 9 अप्रैल से रामनवमी मेला का शुभारंभ हो चुका है जो रामनवमी के दिन यानी 17 अप्रैल तक जारी रहने वाला है। यहां 25 लाख श्रद्धालुओं की संभावना है। रामनवमी मेला के अवसर पर संपूर्ण मेला क्षेत्र को कुल 7 जोन तथा 39 सेक्टर में विभाजित किया गया है। वहीं, यातायात व्यवस्था को 2 जोन तथा 11 क्लस्टर में विभाजित कर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित कराई जा रही है। मेला के दौरान संपूर्ण मेला क्षेत्र में श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 11 अपर पुलिस अधीक्षक, 26 पुलिस उपाधीक्षक, 150 निरीक्षक, 400 उप निरीक्षक, 25 महिला उप निरीक्षक, 1305 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 270 महिला मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 15 कंपनी पीएसी, 2 कंपनी बाढ़ राहत, 1 टीम एसडीआरएफ व 1 टीम एटीएस की अतिरिक्त ड्यूटी लगाई गई है। प्रत्येक जोन में पुलिस व्यवस्था के प्रभारी एक अपर पुलिस अधीक्षक तथा प्रत्येक सेक्टर के प्रभारी अधिकारी एक पुलिस उपाधीक्षक/निरीक्षक बनाए गए हैं। इसके अलावा मंदिर परिसर व बाह्य संपूर्ण मेला क्षेत्र को 24.7 ड्यूटी लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी।

रामपथ पर कुल 15 ड्रॉप डाउन बैरियर लगाकर व 13 होल्डिंग एरिया बनाकर सुरक्षित दर्शन व्यवस्था सुनिश्चित कराई जाएगी। संपूर्ण मेला क्षेत्र में 50 स्थानों पर पीए सिस्टम स्थापित किए गए हैं व विभिन्न स्थानों पर स्थापित 111 सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से यलो जोन कंट्रोल रूम से निरंतर निगरानी की जा रही है।

ये भी होगी व्यवस्था

1 -मेला कंट्रोल, पक्का घाट, साकेत पेट्रोल पंप, नागेश्वर नाथ, हनुमान गढ़ी, श्रीराम जन्मू भूमि, कनक भवन, अयोध्या रेलवे स्टेशन, अयोध्या कोतवारी, बंधा तिराहा और कंट्रोल रूम (रिजर्व) पर एंबुलेंस और रेस्क्यू टीम उपलब्ध रहेगी।

2-बंधा तिराहा, बड़ा स्थान तिराहा, पक्का घाट, राम की पैड़ी, रानोपाली क्रॉसिंग, नया घाट और बालू बरेहटा पार्किंग स्थल पर पुलिस सहायता केंद्र व पूछताछ कार्यालय स्थापित किए जाएंगे।

3-तुलसी उद्यान, कोतवाली अयोध्या और मेला कंट्रोल रूम नया घाट पर खोया पाया कैंप स्थापित किया जाएगा।

सीसीटीवी कैमरों से होगी क्राउड मॉनिटरिंग

पुलिस प्रशासन की ओर से मेले के लिए पुलिस व्यवस्था को सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सिंचाई विभाग गेस्ट हाउस से नयाघाट पुलिस चौथी तक मेला नियंत्रण कक्ष बनाया गया है। श्रद्धालुओं के आने वाले मार्गों मुख्यत: साकेत पेट्रोल पंप से लता चौक होते हुए सरयू घाट से हनुमानगढ़ी एवं हनुमान गढ़ी से कनक भवन व रामलला मंदिर को विभिन्न जोन एवं सेक्टर में विभाजित कर पुलिस बल का व्यवस्थापन किया जाएगा। इसके अतिरिक्त सरयू नदी व राम की पैड़ी पर सुरक्षा के लिए जल पुलिस, विभिन्न मंदिरों व मेला क्षेत्र में पुलिस एवं पीएसी बल की व्यवस्था की जाएगी। अयोध्या धाम में चारों तरफ विभिन्न स्थानों पर 24 एएनपीआर कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं की संख्या का आंकलन एवं प्रोजेक्शन किया जाएगा। गोण्डा सीमा पर लगाए गए कैमरों के माध्यम से वाहनों एवं श्रद्धालुओं के इनफ्लो और आउटफ्लो का एनालिसिस किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अयोध्या धाम में स्थापित सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से भी विभिन्न स्थलों पर भीड़ का आंकलन व विभिन्न ट्रैफिक डायवर्जन की आवश्यकता का आंकलन एवं निर्णय किया जाएगा। अयोध्या धाम क्षेत्र में विभिन्न कंट्रोल रूम में स्थापित कुल 560 कैमरों के माध्यम से श्रद्धालुओं के मूवमेंट को मॉनिटर किया जाएगा। इसके साथ ही 2 टीथर्ड ड्रोन्स एवं 8 एरियल ड्रोन्स के माध्यम से विभिन्न रास्तों, गलियों व पार्किंग का रीयल टाइम एनालिसिस किया जाएगा।

टीटीडी ने भीड़ प्रबंधन पर अयोध्या राम मंदिर न्यास को रिपोर्ट सौंपी

तिरुपति। तिरुमला तिरुपति देवस्थानम (टीटीडी) के इंजीनियरों के एक दल ने राम मंदिर न्यास के निमंत्रण पर अयोध्या का दौरा किया और उन्हें भीड़ नियंत्रित करने के संबंध में तकनीकी सलाह दी। टीटीडी द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, टीटीडी के कार्यकारी अधिकारी ए. वी. धर्मा रेड्डी और राम मंदिर न्यास के आयोजकों के बीच एक बैठक हुई। भीड़ प्रबंधन, कतारें लगाने, जल की व्यवस्था करने, प्रवेश और निकास द्वारों पर तकनीकी सलाह के साथ एक विस्तृत रिपोर्ट न्यास को सौंपी गयी। उल्लेखनीय है कि पहले भी श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अनुरोध पर टीटीडी अधिकारियों के एक दल ने तिरुमला की तरह ही श्रद्धालुओं को बिना किसी बाधा के दर्शन कराने के लिए न्यास की आवश्यकताओं का आकलन करने के वास्ते 16 और 17 फरवरी को अयोध्या का दौरा किया था। टीटीडी के तकनीकी सलाहकार रामचंद्र रेड्डी और अन्य अधिकारियों ने 13 अप्रैल को बैठक में भाग लिया।